बागेश्वर धाम एवं मेहंदीपुर बालाजी के चरणों में समर्पित

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# संस्कार उजाला

सच की हुंकार

sanskarujala@gmail.com

संस्थापक स्व० सुखराम शर्मा एवम शिवकुमार शर्मा, श्री प्रकाशवीर

सच की हुंकार



संस्थापक
स्व. श्री आर. के. शर्मा

गाजियाबाद से प्रकाशित, दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, हरियाणा, सहारनपुर, मेरठ, मुरादाबाद, बरेली, हापुड, बुलंदशहर, मथुरा आगरा, इटावा, कानपुर एंव लखनऊ से प्रसारित

वर्ष : 12 अंक : 166 | सोमवार 07 अक्टूबर 2024, गाजियाबाद | RNI No-UPHIN / 2013 / 50466 | पेज: 8 मूल्य : 2 रुपया

## [सुविचार]



नवरात्रि पांचवां दिन

### माता स्कंदमाता

रंग : सफेद

देवी भागवत में कहा गया है कि माता स्कंदमाता का प्राकट्य मां गौरी से ही हुआ है, इसलिए उनका रंग धवल यानी सफेद है।

## संक्षिप्त समाचार

### नेपाल में फिर तेज बारिश, बिहार में बढ़ सकता है खतरा

पटना। बिहार के 18 जिलों में बाढ़ ने तांडव मचा दिया है। कोसी, गंडक, बागमती, महानंदा जैसी नदियां उफान पर हैं। हालांकि, अब कुछ जगहों पर जलस्तर कम हो रहा है, लेकिन मुसीबत और सियासत दोनों ही बढ़ रही है। बिहार सीएम नीतीश कुमार बाढ़ प्रभावित इलाकों का हवाई सर्वे कर रहे हैं। ग्राउंड जीरो पर जाकर बाढ़ पीड़ितों को हर संभव मदद का भरोसा दे रहे हैं। वहीं, नेपाल में एक बार फिर से तेज बारिश हो हुई है, इससे बिहार को खतरा पैदा हो गया है। वैसे ही बिहार के लोग अभी बाढ़ की मार झेल रहे हैं लेकिन इसको लेकर प्रशासन सतर्क है।

### छात्र ने अपनी ही टीचर से किया दुष्कर्म, वीडियो बनाकर किया वायरल, चार गिरफ्तार

आगरा। यूपी के आगरा में 10वीं के छात्र पर अपने ही स्कूल की महिला टीचर का शारीरिक शोषण करने का आरोप लगा है। छात्र ने टीचर का वीडियो बनाकर इंस्टाग्राम पर वायरल भी कर दिया। महिला टीचर की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर छात्र और उसके तीन दोस्तों को हिरासत में लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक पीड़ित महिला टीचर शाहगंज की रहने वाली है। पीड़िता मथुरा जिले के जैत गांव के एक स्कूल में पढ़ाती थी। महिला नौकरी के चलते वहां किराए का कमरा लेकर रह रही थी। उसके स्कूल का ही 10वीं का एक छात्र पढ़ाई में कमजोर था। इसी वजह से छात्र ने टीचर से अलग से क्लास लेना शुरू कर दिया। एक्स्ट्रा क्लास लेने के दौरान छात्र ने महिला टीचर को अपने जाल में फंसा लिया। फिर छात्र ने अपनी ही टीचर शारीरिक शोषण किया और इसका वीडियो बना लिया। टीचर ने पुलिस को बताया कि छात्र वीडियो दिखाकर उसे ब्लैकमेल करने लगा। इसके बाद टीचर ने छात्र का नंबर ब्लॉक कर दिया। वह नौकरी छोड़कर अपने घर आगरा लौट आई। इसके बाद छात्र ने शारीरिक शोषण का वीडियो अपने ही गांव के तीन दोस्तों को भेज दिया। सभी ने वीडियो को उसके व्हाट्सएप पर भेजकर टीचर पर मिलने का दबाव बनाया। टीचर ने उनसे मिलने से इनकार कर दिया तो लड़कों ने इंस्टाग्राम पर वीडियो वायरल कर दिया।

### 20 साल बाद शोपियां गांव में अर्धनारीश्वर मंदिर में हुई पूजा, मुस्लिमों ने किया स्वागत

श्रीनगर। कश्मीरी पंडितों ने 20 साल बाद उत्तरी कश्मीर के शोपियां जिले के नादिमर्ग गांव में अर्धनारीश्वर मंदिर में पूजा कर मूर्ति की स्थापना की। अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि इस मंदिर में दूर-दराज के इलाकों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूजा में हिस्सा लेने उमड़ पड़े। 20 साल के बाद शांतिपूर्ण माहौल में पूजा समारोह आयोजित की गई, जिसमें मुसलमानों ने कश्मीरी पंडितों का जोरदार स्वागत किया, जो पूजा में शामिल होने मंदिर पहुंचे थे। शोपियां के डीसी मोहम्मद शाहिद सलीम डार ने अर्धनारीश्वर मंदिर का दौरा किया और कहा कि यह अवसर शांति और समृद्धि के युग का प्रतीक है। समारोह में जिला और उपमंडल अधिकारियों के साथ स्थानीय लोग भी शामिल हुए। श्रद्धालुओं को जरुरी सेवाएं प्रदान करने वाले अन्य विभागों के साथ उचित सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। डीसी डार ने व्यवस्थाओं की समीक्षा की और श्रद्धालुओं से बातचीत की और सामुदायिक भवन या यात्रा भवन की स्थापना व कल्याण संबंधी मुद्दों को सुना। उन्होंने इस मुद्दे पर शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया। डार ने नादिमर्ग में कश्मीरी पंडितों के खाली पड़े घरों का भी दौरा किया।

### अचानक बदला मौसम, पंजाब, हिमाचल और जम्मू-कश्मीर में हुई झमाझम, अलर्ट जारी

नई दिल्ली। पंजाब, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर में देर रात अचानक मौसम बदल गया। तीनों राज्यों में तेज हवाओं के साथ बारिश हुई। इसके साथ ही लोगों को पिछले दिनों उमस भरी गर्मी से राहत मिली। मौसम विभाग ने पंजाब के कई जिलों के लिए ओरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के मुताबिक गुरुदासपुर, अमृतसर, होशियारपुर और कपूरथला के लिए ओरेंज अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलेंगी। इसके साथ ही 5 से 15 मिमी बारिश होने की संभावना है। वहीं, तरनतारन, जालंधर, मोगा, फरीदकोट, मुक्तसर और फज्लिका के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के मुताबिक इन जिलों में 20 से 40 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं और पांच मिमी बारिश हो सकती है। जम्मू और हिमाचल प्रदेश में भी बारिश की संभावना है। मौसम विभाग ने कुपवाड़ा, डोडा, कठुआ, बारामूला, शोपियां, पुलवामा समेत कई जिलों में भारी बारिश की संभावना जताई है।

# पीएम मोदी, स्वामी विवेकानंद की बात कर रहे साकार, आज देश कर रहा प्रगति : भजनलाल

**-भाजपा सदस्यता अभियान और राइजिंग राजस्थान पर प्रबुद्धजनों से की बात**



**जयपुर (एजेंसी)।** राजस्थान के सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा है कि पीएम नरेंद्र मोदी स्वामी विवेकानंद की बात 21वीं सदी भारत के नाम को साकार कर रहे हैं जिससे आज देश में प्रगति और बदलाव नजर आ रहा है। सीएम शर्मा बीजेपी के आर्थिक प्रकोष्ठ की ओर से राइजिंग राजस्थान और बीजेपी सदस्यता अभियान को लेकर प्रबुद्धजनों के साथ बातचीत कर रहे थे।

उन्होंने राजस्थान के आर्थिक विकास के लिए राइजिंग राजस्थान समिट में सुझाव और सहयोग को अहम बताते हुए कहा कि प्रदेश को आगे बढ़ाने वाले सुझाव आमंत्रित हैं, सरकार इन सुझाव पर कार्य करेगी। सीएम भजनलाल ने कहा कि आज देश की प्रगति के साथ देश में हो रहा परिवर्तन साफ नजर आ रहा है फिर चाहे वो आतंकवाद को खत्म करना हो या देश से गरीबी दूर करने हो या फिर दुनिया में भारत का परचम लहराना हो।

प्रदेश के साथ राष्ट्र की मजबूती के लिए बीजेपी में सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। ऐसे में सभी को बीजेपी के सदस्यता अभियान में अपनी सक्रिय भूमिका निभानी है। उन्होंने बीजेपी सदस्यता अभियान को राजनीति का विस्तार नहीं, विकास और राष्ट्रवाद पर आधारित विचारधारा का समर्थन बताते हुए कहा कि आप जैसे प्रबुद्धजन बीजेपी से जुड़ेगा तो देश मजबूत होगा।

सीएम ने कहा राइजिंग राजस्थान के तहत मुंबई और दिल्ली में किए गए रोड शो से 12.5 लाख करोड़ के निवेश के लिए एमओयू किए गए। हमारी सरकार ने एमओयू साइन करने के साथ ही उन कंपनियों को तमाम सुविधाएं देने की दिशा में भी काम शुरू कर दिया। राजस्थान में निवेश और उद्योग की अपार संभावनाओं को देखते हुए विदेशों से भी निवेश लाया जाएगा। राजस्थान सरकार जल्द ही यूके और जर्मनी में भी राइजिंग राजस्थान समिट के लिए जाएगी और विदेशी निवेशकों को आमंत्रित किया जाएगा। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने सीएम को लक्ष्मीपुत्र बताते हुए कहा कि राइजिंग राजस्थान में प्रबुद्धजनों की महत्वपूर्ण भूमिका है। अपने संपर्कों और प्रभाव का इस्तेमला कर राइजिंग राजस्थान में अपनी सहभागिता निभा सकते है। पिछली सरकार निवेशकों को विश्वास ही नहीं दिला पाई। इसके चलते निवेश नहीं आया लेकिन अब मोदीजी के नेतृत्व में राजस्थान में डबल इंजन सरकार है। बीजेपी जो कहती है, वह करती है। बीजेपी सभी प्रकार का सहयोग निवेशकों को प्रदान करेगी।

दैनिक संस्कार उजाला
न्यूज एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें



संस्कार उजाला समाचार पत्र में रिपोर्टर, ब्यूरोचीफ, मार्केटिंग करने वालों लोगों की जरुरत है। तुरंत संपर्क करे।

महेश शर्मा
प्रबंध संपादक
मो.नं:-9911733939




## पश्चिम बंगाल में 10 साल की बच्ची बनी हैवानियत का शिकार, हाई कोर्ट ने दिया फिर से पोस्टमार्टम करने का आदेश



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना में एक 10 साल की बच्ची के साथ सामूहिक दुष्कर्म कर उसकी हत्या करने का मामला सामने आया है। पुलिस के मुताबिक, बच्ची शुक्रवार को अपनी ट्यूशन कक्षाओं के बाद जयनगर स्थित अपने घर लौट रही थी, जब उसके साथ घटना हुई। इस मामले के सामने आने के बाद से जिले का माहौल गरमाया हुआ है। स्थानीय लोगों की भीड़ पुलिस चौकी में आग लगा दी और पुलिसकर्मियों पर पथराव किया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि स्थानीय लोगों ने चौकी के बाहर खड़े कई वाहनों में तोड़फोड़ भी की और पुलिसकर्मियों को परिसर छोड़ने पर मजबूर कर दिया। इलाके में बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों को भेजा गया और एसडीपीओ एवं अन्य वरिष्ठ पुलिसकर्मियों को मौके पर ही रोकने की कोशिश कर रही भीड़ को नियंत्रित करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे गए।

**कलकत्ता उच्च न्यायालय ने दिया फिर से पोस्टमार्टम करवाने का आदेश**

कलकत्ता उच्च न्यायालय ने रविवार को स्कूली छात्रा का फिर से पोस्टमार्टम करवाने का आदेश दिया। न्यायमूर्ति तीर्थंकर घोष ने बच्ची के माता-पिता की याचिका पर सुनवाई करते हुए निर्देश दिया कि दूसरा पोस्टमार्टम सोमवार को कल्याणी स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) अस्पताल में, बरुईपुर अदालत के अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (एसीजेएम) की उपस्थिति में किया जाए।

अदालत ने कहा कि अगर एम्स (कल्याणी) में पोस्टमार्टम करने के लिए आवश्यक सुविधाओं की कमी है, तो इसे वहीं स्थित जवाहरलाल नेहरू मेमोरियल अस्पताल में किया जाना चाहिए। न्यायमूर्ति घोष ने आदेश दिया कि पुलिस को यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत एक मामला दर्ज करना चाहिए।

## कांग्रेस संविधान बदलने का फेक नैरेटिव फैला रही: रिजिजू

**-डॉ भीमराव अंबेडकर के अनुयायी उनके अपमान को याद रखें**

**नागपुर (एजेंसी)।** केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने नागपुर में कांग्रेस पर आरोप लगाए कि कांग्रेस ने डॉ. भीमराव अंबेडकर का अपमान किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि उसने पीएम नरेंद्र मोदी और बीजेपी के खिलाफ आरक्षण समाप्त करने का एक फेक नैरेटिव खड़ा किया। रिजिजू ने कहा यह दुख की बात है कि अनुसूचित जाति और जनजाति समाज के कुछ लोग ऐसे लोगों को समर्थन और सम्मान देते हैं जिन्होंने डाक्टर अंबेडकर का अपमान किया है।

रिजिजू ने अपने एक्स पर एक वीडियो साझा किया, जिसमें उन्होंने बाबा साहेब अंबेडकर के अनुयायियों से आह्वान किया कि वे उनके अपमान को याद रखें। उन्होंने कहा कि जो लोग आपातकाल लगाकर भारत के संविधान का दुरुपयोग करते हैं, उन्हें अंबेडकर का अपमान करने का हक नहीं है। रिजिजू ने आगे कहा कि बाबासाहेब अंबेडकर के निधन और 2014 में पीएम मोदी के सत्ता में आने के बीच के घटनाक्रम को जानना जरूरी है। रिजिजू ने कहा कि अंबेडकर ने जवाहरलाल नेहरू के खिलाफ पत्र लिखा था कि वे उनके साथ मंत्री पद नहीं संभाल सकते। जहां भी बाबासाहेब चुनाव लड़ते थे, कांग्रेस उन्हें हराने के लिए पूरी ताकत लगा देती थी। उन्होंने यह भी कहा कि अंबेडकर को उनके निधन के कई सालों बाद भारत रत्न से सम्मानित किया गया। रिजिजू ने पीएम मोदी की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने अंबेडकर के सम्मान में पांच तीर्थ स्थलों का विकास किया है, जिनमें मऊ, लंदन में उनका घर, दिल्ली में महापरिनिर्वाण स्थल शामिल हैं।

रिजिजू ने कांग्रेस पर इमरजेंसी के दौरान संविधान का दुरुपयोग करने का भी आरोप लगाया और कहा कि पीएम मोदी ने संविधान को सम्मानित किया और संविधान दिवस मनाया। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस उन पर संविधान बदलने का फेक नैरेटिव फैला रही है। रिजिजू ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि महाराष्ट्र जैसे राज्य में बाबासाहेब के अपमान करने वालों का समर्थन देखने से उन्हें गहरा आघात हुआ। उन्होंने अनुसूचित जाति और जनजाति समुदाय से अपील की कि वे बाबासाहेब अंबेडकर के



अपमान को भूलने न दें और उनकी विरासत को बनाए रखें। रिजिजू ने जोर देकर कहा कि सबका साथ, सबका विकास के मंत्र को आगे बढ़ाते हुए बाबासाहेब के सपनों को पूरा करने के लिए उन्हें पीएम मोदी का समर्थन करना चाहिए।

## गोवा में सांप्रदायिक तनाव भड़का रही है बीजेपी, राहुल गांधी ने कहा- लोग इस विभाजनकारी एजेंडे को देख रहे हैं

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने रविवार को भारतीय जनता पार्टी पर जानबूझकर गोवा में सांप्रदायिक तनाव भड़काने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा के प्रयासों को चुनौती दी जाएगी क्योंकि गोवा और पूरे भारत के लोग इस विभाजनकारी एजेंडे को समझते हैं और एकजुट हैं।

राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए लिखा, 'गोवा का आकर्षण इसकी प्राकृतिक सुंदरता और इसके विविध और सामंजस्यपूर्ण लोगों की गर्मजोशी और आतिथ्य में निहित है।' उन्होंने आगे कहा कि दुर्भाग्य से, भाजपा शासन में इस सद्भाव पर हमला हो रहा है। भाजपा जानबूझकर सांप्रदायिक तनाव को बढ़ावा दे रही है, जिसमें आरएसएस के एक पूर्व नेता ईसाइयों और संघ से जुड़े संगठनों को भड़काकर मुसलमानों के आर्थिक बहिष्कार का आह्वान कर रहे हैं।

गांधी ने आरोप लगाते हुए कहा कि पूरे भारत में, संघ परिवार द्वारा इसी तरह की कार्रवाइयाँ बिना किसी रोक-टोक के जारी हैं, जिन्हें उच्चतम स्तरों से समर्थन मिल रहा है। उन्होंने आगे कहा, 'गोवा में, भाजपा की रणनीति स्पष्ट है, अवैध रूप से हरी भूमि को परिवर्तित करके और पर्यावरण नियमों को दरकिनार करके पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील क्षेत्रों का दोहन करते हुए लोगों को विभाजित करना - गोवा की प्राकृतिक और सामाजिक विरासत पर हमला।'

अंत में उन्होंने लिखा, 'ऐसा नहीं है कि भाजपा की कोशिशों को चुनौती नहीं दी जाएगी। गोवा और पूरे भारत के लोग इस विभाजनकारी एजेंडे को देख रहे हैं तथा एकजुट खड़े हैं।'



## जम्मू-कश्मीर चुनाव: एग्जिट पोल में इंडिया ब्लाक मजबूत, बीजेपी पिछड़ी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव को लेकर एग्जिट पोल के आंकड़े सामने आ रहे हैं जो यह इशारे कर रहे हैं कि जो गठबंधन सरकार बनाते हुए नजर रहा है, जरुरी नहीं सत्ता पर काबिज भी वही हो। एग्जिट पोल सर्वे के मुताबिक तो इंडिया ब्लॉक के बैनर तले चुनाव लड़ रहे कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस गठबंधन को बढ़त मिलती दिख रही है और बीजेपी पिछड़ रही है, लेकिन राजनीति हमेशा आंकड़ों की मोहताज नहीं होती।

राजनीति में सत्ता जिसके हाथ में होती है, उसके पास बहुत सारे हथकंडे होते हैं और लोहा भले ही आपस में एक दूसरे को काटता रहे, लेकिन सत्ता वो चुंबक है जिसकी तरफ लोहा खिंचता चला जाता है। हमें इंतजार करना होगा, जम्मू-कश्मीर में भी 2019 के हरियाणा की तरह 'खेला' देखने को मिल सकता है। काफी हद तक मुमकिन है कि हरियाणा में जो रोल 2019 में जेजेपी नेता दुष्यंत चौटाला ने निभाया था, पीडीपी नेता महबूबा मुफ्ती भी उसी भूमिका में नजर आ सकती हैं।

एग्जिट पोल के मुताबिक बीजेपी को इस बार 27 से 32 सीटें मिलने की उम्मीद है, जो पिछली बार यानी 2014 में मिली 25 सीटों से ज्यादा हो सकती है। बता दें तब बीजेपी और पीडीपी की गठबंधन सरकार बनी थी। अव्वल तो वैसी सूरत में इस बार सीएम पद पर दावा बीजेपी का ही बनता है, लेकिन महबूबा मुफ्ती ने तगड़ी सौदेबाजी की तो फिर से बात बन भी सकती है।

पिछली बार पीडीपी ने 28 सीटें जीती थीं, लेकिन इस बार उसे 6 से 12 सीटें ही मिलती नजर आ रही हैं। कम से कम 16 से 22 सीटों का नुकसान हो रहा है और वैसे ही अन्य दलों के हिस्से में इस बार 6 से 8 सीटें जाने का अनुमान है। हालांकि, आंकड़ों को तुलनात्मक तरीके से देखते वक्त ये भी ध्यान रखना चाहिये कि ये चुनाव डीलिमिटेशन के बाद हो रहा है। नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस इस बार उनके हिस्से में डबल सीटें आती हुई लग रही हैं, 2014 में नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस को मिलाकर कुल 24 सीटें मिली थीं, जबकि इस बार के एग्जिट पोल में 40 से 48 सीटें मिलने की उम्मीद है, जिस तरह बीजेपी ने हड़बड़ी में पांच विधायकों को नॉमिनेट करने का फैसला किया है, साफ तौर पर समझा जा सकता है कि वह सरकार बनाने की कवायद में पहले से ही जुट गई है।

एक रिपोर्ट के मुताबिक केंद्रीय गृह मंत्रालय की सिफारिश पर उप राज्यपाल मनोज सिन्हा जम्मू-कश्मीर विधानसभा के लिए पांच सदस्यों को नामित करेंगे। ये प्रक्रिया जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 में संशोधन के बाद पहली बार अपनाई जाएगी। उप राज्यपाल की तरफ से पांच सदस्यों को मनोनित किये जाने के बाद जम्मू-कश्मीर विधानसभा में सदस्यों की संख्या बढ़कर 95 हो जाएगी और इसकी वजह से सरकार बनाने के लिए बहुमत का जादुई आंकड़ा 48 हो जाएगा।

बीजेपी अगर जम्मू-कश्मीर में सरकार बनाने की स्थिति में खड़ी हो जाती है, तो सबसे पहले वह पीडीपी का रुख करेगी। पीडीपी के लिए बीजेपी का ऑफर स?वीकार करना मुश्किल हो सकता है, क?योंकि एक बार गठबंधन सरकार चलाने के उसका बहुत बुरा अनुभव रहा है। अगर नेशनल कांफ्रेंस की अगुवाई वाला गठबंधन 48 सीटें हासिल कर भी लेता है, तो बहुमत मिलने के बाद भी सरकार तलवार की धार पर ही चलेगी।

## देश की राजनीति में एक बार फिर बड़ा उलटफेर होने की आशंका

**पटना (एजेंसी)।** एक बार फिर देश की राजनीति में बड़ा उलटफेर होने की आशंका बन रही है। दरअसल तीन राज्यों में विधानसभा चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद यह स्थिति उत्पन्न हो सकती है। विश्वसनीय सूत्रों की मानें तो अगर बीजेपी हरियाणा और महाराष्ट्र चुनाव हार जाती है तो विपक्ष के पास अपनी ताकत नए तरीके से मजबूत करने का मौका होगा। अगर झारखंड में सत्ता में आने की बीजेपी की कोशिशें सफल नहीं हुईं तो विपक्ष की ताकत बढ़ेगी। ऐसे में बीजेपी के साथ फिलहाल जो पार्टियां सत्ता में हैं, जिनकी विचारधारा अलग है, लेकिन जो नेता न चाहते हुए भी सत्ता में बैठे हैं, वो बीजेपी को झटका दे सकते हैं। ऐसी पार्टियों में नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू), लोक जनशक्ति पार्टी-आर तथा तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) शामिल हैं। इन तीनों पार्टियों के समर्थन से केंद्र में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार चल रही है। समय-समय पर इन पार्टियों ने बीजेपी की छुट्टी भी कर दी है। टीडीपी ने पहले अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार से समर्थन वापस ले लिया था। 2014 में टीडीपी ने बीजेपी से हाथ मिला लिया था, लेकिन 2019 में वह बीजेपी की कट्टर विरोधी बन गई। टीडीपी फिलहाल बीजेपी के साथ है। एलजेपी-आर भी फिलहाल बीजेपी की सहयोगी है। लेकिन, उसके नेता चिराग पासवान की भूमिका बदलती दिख रही है। जेडीयू नेता नीतीश कुमार को पलटूराम के नाम से जाना जाता है, इसलिए वह कभी भी पलटवार कर सकते हैं। ऐसे में इंडिया अलायंस का पहला निशाना बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ही रहने वाले हैं। इंडिया अलायंस पहले ही उन्हें प्रधानमंत्री पद की पेशकश कर चुकी है। ये बात केसी त्यागी ने तब कही थी जब वो जेडीयू के प्रवक्ता थे। हालांकि, इसके



बाद नीतीश कुमार ने चुप्पी साध ली और बीजेपी के साथ चले गए। अभी तक उनकी ओर से इस संबंध में कोई संकेत नहीं मिला है, लेकिन जिस तरह से जदयू के लोग उन्हें प्रधानमंत्री पद का दावेदार बता रहे हैं, उससे ऐसा लग रहा है कि मौका मिलने पर वह पीछे नहीं हटेंगे। इसका एक और बड़ा कारण यह है कि जब 2020 के विधानसभा चुनाव में नीतीश कुमार को चिराग पासवान के कारण बड़ा झटका लगा, तो उन्होंने मुख्यमंत्री पद स्वीकार करने से इनकार कर दिया था क्योंकि वह 43 विधायकों वाली पार्टी के नेता थे। हालाँकि, उन्होंने 24 घंटे के भीतर अपना मन बदल लिया। इसी तरह अगर सही मायने में नीतीश कुमार को इंडिया अलायंस की ओर से प्रधानमंत्री बनने का ऑफर मिलता है तो वे इससे इनकार नहीं कर पाएंगे। लेकिन सूत्रों की मानें तो ऐसा वे तब करेंगे जब बीजेपी तीन राज्यों के विधानसभा चुनाव में हार जाएगी।

## पश्चिम बंगाल के लोगों को याद आया 160 साल पहले आया चक्रवात

**कोलकाता (एजेंसी)।** इन दिनों बंगाल की खाड़ी में चक्रवात का असर देखा जा रहा है, जिससे पश्चिम बंगाल में बारिश हो रही है और दुर्गा पूजा की तैयारियों पर भी इसका असर पड़ रहा है। लेकिन, यह मौसम केवल वर्तमान की कहानी नहीं कहता। बल्कि आज से 160 साल पहले, 5 अक्टूबर 1864 को, बंगाल ने एक विनाशकारी चक्रवात का सामना किया था, जिसने हजारों लोगों की जिंदगी तबाह कर दी थी।

इस चक्रवात ने न केवल आम जनजीवन, बल्कि सरकारी इमारतों जैसे हाई कोर्ट, टेलीग्राफ दफ्तर और जेल को भी भारी नुकसान पहुंचाया। उस दिन समुद्र का जलस्तर 40 फीट तक बढ़ गया, जिससे सैकड़ों फूस के घर और हजारों मिट्टी के घर पूरी तरह से नष्ट हो गए थे। खजूरी बंदरगाह, जो कभी व्यापार का मुख्य केंद्र था, समुद्र में डूब गया। बंगाल का पूर्वी मेदिनीपुर जिला, विशेष रूप से खेजुरी, जो एक प्रमुख आयात-निर्यात केंद्र था, समुद्री तूफान की चपेट में आ गया। चक्रवात ने कोलकाता सहित एक बड़े हिस्से को तहस-नहस कर दिया था। कोलकाता में बाढ़ की स्थिति भयानक थी, जिसमें लगभग 60,000 लोगों की जान चली गई थी। बाढ़ के बाद भी बीमारी और संक्रमण के चलते कई लोगों ने अपनी जान गंवा दी।

खास बात यह थी कि एक डकैती मामले में 32 लोगों को कोलकाता ले जाया जा रहा था, जिन्होंने सड़क पर इस विनाशकारी तूफान का सामना किया। इनमें से केवल 2 लोग ही जीवित बच सके। उस दिन भारी बारिश भी हुई, जिसके दौरान खजूरी से कुछ ही दूरी पर स्थित कौखली गांव में लाइटहाउस की ऊंचाई तक पानी भर गया था। 5 अक्टूबर 1864 का चक्रवात बंगाल के इतिहास में एक काले दिन के रूप में दर्ज है, जिसने न केवल क्षेत्र को बर्बाद किया, बल्कि हजारों लोगों की जिंदगियों को भी हमेशा के लिए बदल दिया।



# हम जीवन मूल्यों का यथासंभव करें प्रसार


भारत डोगरा

**अपने आसपास के जीवन को ध्यान से देखने पर स्पष्ट नजर आता है कि बहुत से दुख-दर्द का मूल कारण मनुष्य के लालच में और अपनी जरूरतों से कहीं अधिक साधन हड़पने की प्रवृत्ति में है। यही अन्याय, विषमता, दूसरों के लिए वैर-भाव की ओर ले जाती है। एक मनुष्य का लालच किसी गांव में जमीन हड़पने का जानलेवा झगड़ा करा सकता है, तो लाखों मनुष्यों का मिला-जुला लालच दो देशों में युद्ध क्यों नहीं करा सकता है?**

बीसवीं शताब्दी में यह संभावना पहली बार सामने आने लगी कि तेजी से बदलती तकनीकी के दौर में मनुष्य निर्मित कारणों से वे हालात अस्त-व्यस्त हो सकते हैं जो धरती पर मनुष्य सहित लाखों जीवन रूपों के पनपने के अनुकूल अवसर उत्पन्न करते हैं। यह संभावना ग्रीनहाऊस गैसों के अति उत्सर्जन से जुड़े जलवायु बदलाव, अनेक पर्यावरणीय गंभीर क्षति और महाविनााक हथियारों के उत्पादन के संदर्भ से उत्पन्न हुई।

पर इन समस्याओं की समझ बनने के बाद भी बीसवीं शताब्दी के अंत तक इन्हें सुलझाने की दिशा में कोई संतोषजनक कार्यवाही नहीं हुई, बल्कि इस शताब्दी के अंतिम दो दशकों में ये समस्याएं और विकट हो गइृ। अतः 21वीं शताब्दी के आरंभ में जो पीढ़ी जी रही है वह बहुत नाजुक और संवेदनशील दौर में जी रही है जब धरती की जीवनदायिनी क्षमता ही खतरे में है। जब यह पता चल गया कि ग्रीनहाऊस गैसों के उत्सर्जन में तेज वृद्धि के कितने गंभीर दुष्परिणाम हो सकते हैं, तब से अब तक के समय के दौरान भी इस गंभीर खतरे को रोकने के लिए कोई प्रभावी कार्यवाही नहीं हुई। परमाणु हथियारों के खतरे के बारे में तो आंरभ से ही पता था, पर तो भी पिछले 79 वर्षों (1945-2024) के दौरान परमाणु हथियारों के खतरे को बुनियादी तौर पर समाप्त करने का कोई असरदार उपाय नहीं हुआ है। चूंकि इस तरह के गंभीर खतरे हमारे और भावी पीढ़ियों, के हमारे बच्चों के भविष्य को बेहद अंधकारमय बना रहे हैं, अतः जरूरी हो गया है कि दुनिया भर के लोग लोकतांत्रिक और अहिंसक राह पर चलते हुए इन खतरों के समाधान के लिए व्यापक एकता स्थापित करें। धरती पर लाखों अन्य तरह के जीव हैं। इन बेजुबान जीवों को उनकी किसी गलती के बिना ही गंभीर खतरे में डाल दिया गया है। इस विषय पर हॉरवर्ड के जाने-माने विशेषज्ञ प्रो. एडवर्ड ओ. विलसन ने कुछ समय पहले टाइम पत्रिका में लिखा था, जीव-विज्ञानी प्रायः स्वीकार करते हैं कि यदि हम मनुष्य के आगमन (होमो सेपियंस) के आरंभिक दिनों की तुलना आज की दुनिया से करें तो प्रजातियों के लुप्त होने की गति सौ गुणा बढ़ चुकी है।

वर्ष 1992 में विश्व के 1575 वैज्ञानिकों ने (जिनमें उस समय जीवित नोबल पुरस्कार प्राप्त वैज्ञानिकों में से लगभग आधे वैज्ञानिक भी सम्मिलित थे) एक बयान जारी किया, जिसमें उन्होंने कहा, हम मानवता को इस बारे में चेतावनी देना चाहते हैं कि भविष्य में क्या हो सकता है? पृथ्वी और उसके जीवन की व्यवस्था जिस तरह हो रही है उसमें व्यापक बदलाव की जरूरत है अन्यथा बहुत दुख-दर्द बढ़ेंगे और हम सबका घर यह पृथ्वी इतनी बुरी तरह तहस-नहस हो जाएगी कि फिर उसे बचाया नहीं जा सकेगा। आगे इन वैज्ञानिकों ने कहा कि वायुमंडल, समुद्र, मिट्टी, वन और जीवन के विभिन्न रूपों सभी पर तबाह हो रहे पर्यावरण का बहुत दबाव पड़ रहा है और 2100 तक पृथ्वी के विभिन्न जीवन रूपों में से एक तिहाई लुप्त हो सकते हैं। मनुष्य की वर्तमान जीवन-पद्धति के अनेक तौर-तरीके भविष्य में सुरक्षित जीवन की संभावनाओं को नष्ट कर रहे हैं, और इस जीती-जागती दुनिया को इतना बदल सकते हैं कि जिस रूप में जीवन



को हमने जाना है, उसका अस्तित्व ही कठिन हो जाए। इन प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों ने जोर देकर कहा कि प्रकृति की इस तबाही रोकने के लिए बुनियादी बदलाव जरूरी है। ऐसी महत्त्वपूर्ण चेतावनियों के बारे में यही कहा जा सकता है कि वे सच सिद्ध हो रही हैं और विश्व के सभी जीव तेजी से गंभीर खतरों की ओर धकेले जा रहे हैं। इसके बावजूद सबसे समृद्ध और सक्षम समाजों में लापरवाही, विलासिता, भोगवाद और शक्ति के दुरुपयोग को रोकने पर कोई व्यापक प्रयास नहीं हो रहा है।

अपने आसपास के जीवन को ध्यान से देखने पर स्पष्ट नजर आता है कि बहुत से दुख-दर्द का मूल कारण मनुष्य के लालच में और अपनी जरूरतों से कहीं अधिक साधन हड़पने की प्रवृत्ति में है। यही अन्याय, विषमता, दूसरों के लिए वैर-भाव की ओर ले जाती है। एक मनुष्य का लालच किसी गांव में जमीन हड़पने का जानलेवा झगड़ा करा सकता है, तो लाखों मनुष्यों का मिला-जुला लालच दो देशों में युद्ध क्यों नहीं करा सकता है? जब युद्ध की संभावना बढ़ती है, तभी हथियारों की होड़ भी बढ़ती है, और यह अधिक से अधिक विनाशक हथियारों की ओर ही ले जाती है। मनुष्य यदि चाहे तो अपनी बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के बाद अपना शेष सारा सामर्थ्य दूसरों की (अभावग्रस्त मनुष्यों और अन्य सब जीवों की) सेवा में लगा सकता है, या सब तरह के जीवन के आधार, जो प्रकृति है, के संरक्षण में लगा सकता है। पर लालच के कारण वह अधिक खाने-पीने, नशा करने, बड़े भवन बनाने, हर तरह के भोग-विलास करने की ओर बढ़ता है, और जब लाखों लोग यही भोग-विलास एक साथ करने का प्रयास करते हैं तो इससे उस क्षेत्र के वनों, भूमि, हवा, पानी पर अधिक दबाव पड़ता है, और पर्यावरण का विनाश होता है। अतः यदि लालच, दूसरों के संसाधन हड़पने और भोग-विलास की दौड़ पर हम रोक लगाए और उसके स्थान पर सादगी, सेवा, समता, स्नेह और संतोष के आदर्शों को प्रतिष्ठित करे तो इससे हमारे अपने और आसपास के जीवन में दुख-दर्द के मूल कारण दूर होंगे और साथ ही विश्व की सबसे बडक्षी समस्याओं के समाधान की नींव भी तैयार होगी।

इन सबसे महत्तवपूर्ण मूल्यों का जैसे-जैसे हमारे जीवन में शस हो रहा है वैसे-वैसे हमारे अपने जीवन का और आसपास का दुख-दर्द बढ़ रहा है, और दुनिया की सबसे गंभीर समस्याएं और विकट हो रही हैं। सवाल यह है कि इन सबसे महत्त्वपूर्ण और सार्थक जीवन मूल्यों को अपने जीवन में, अपने परिवार, मुहल्ले और स्कूल में कैसे प्रतिष्ठित करें। हम यह कर सके तो विश्व की सबसे गंभीर और बुनियादी समस्याओं को हल करने की नींव भी अपने आप तैयार होने लगेगी। इसमें कई वर्ष लगेंगे। पर एक दशक तक निरंतर प्रयास जारी रहा तो एक नई पीढ़ी तैयार होने लगेगी जो महाविनाशक हथियारों और जलवायु बदलाव जैसी सबसे खतरनाक समस्याओं के समाधान को अपनी पहली प्राथमिकता बना लेगी।

इन जीवन-मूल्यों को पहले हमें स्वयं अपनाना होगा, फिर आगे प्रयास परिवार स्तर पर हों। आदर्श परिवार की परिभाषा केवल यहां तक सीमित नहीं है कि सब सदस्य मिल-जुल कर रहें। इससे आगे परिवार को वह प्रशिक्षण केंद्र बनना चाहिए जहां सब सदस्य बेहतर समाज और दुनिया बनाने में अपनी भूमिका की तैयारी करें। यही स्थिति स्कूल की है। एक स्कूल का सबसे महत्त्वपूर्ण मूल्यांकन यह नहीं है कि वहां से कितने डाक्टर, इंजीनियर, उच्च अधिकारी या नेता निकले। उसका सबसे बुनियादी मूल्यांकन तो यह है कि वहां शिक्षित कितने बच्चों ने सादगी, संतोष, सहयोग, समता, स्नेह, सेवा, करुणा के सबसे बुनियादी जीवन-मूल्य ग्रहण किए, कितनों ने आपसी सहयोग से सबकी भलाई के लिए कार्य करने को अपना उद्देश्य बनाया। जहां भी और जितना संभव हो, हम इन जीवन मूल्यों के प्रसार के लिए कार्य करते रहें। इसके लिए मुहल्ले और गांव स्तर के प्रयास आरंभ करें जो आगे चल कर ऐसे अन्य प्रयासों से जुड़ते जाएं, झरने नदियों में मिल कर सागर की ओर बढ़ते रहें।

## संपादकीय

### नई पार्टी से उम्मीदें

बिहार में प्रशांत किशोर ने गांधी जयंती के दिन एक नई पार्टी 'जनसुराज' की घोषणा की है। यह वही प्रशांत किशोर हैं जो चुनाव विशेषज्ञ माने जाते रहे हैं। अंततः किसी भी दल को मनोनुकूल न पाकर उन्होंने जनता की लामबंदी के लिए बिहार में करीब 5000 किलोमीटर की पदयात्रा की। लोगों को अपने साथ जोड़ने के लिए संगठन बनाया और एक नई पार्टी की घोषणा कर दी। उनकी यह 'जनसुराज पार्टी' बिहार के आगामी विधानसभा चुनाव जोर-जोर से लड़ने का मन बना रही है। प्रशांत किशोर ने बिहार को बदलने का लक्ष्य सामने रखा है। यह एक सच्चाई है कि भारतीय जनता का एक बड़ा वर्ग मौजूदा राजनीतिक दलों की रीतियों और नीतियों से निराश हो चुका है। यह वर्ग मानता है कि इस समय चाहे राष्ट्रीय दल हो या क्षेत्रीय दल आर्थिक-सामाजिक और राजनीतिक स्तर पर अपेक्षित बदलाव लाने में असमर्थ रहे हैं। इसलिए जब कोई सार्वजनिक जीवन का चर्चित व्यक्ति नई राजनीतिक पहल करता है तो निराश जन-मन उससे जुड़ जाता है।



अरविंद केजरीवाल ने जब आम आदमी पार्टी (आप) की घोषणा की थी और चालू राजनीति के स्थान पर एक नए प्रकार की जान सरकारी भ्रष्टाचार मुक्त राजनीति देने की घोषणा की थी तो जनता ने उनमें उम्मीद की एक किरण देखी थी। लोग उनसे जुड़े अंततः वे दिल्ली की सत्ता पर काबिज हुए। लेकिन अब उनकी राजनीति वैकल्पिक राजनीति न होकर चालू राजनीति का ही हिस्सा मानी जा रही है। प्रशांत किशोर के संदर्भ में केजरीवाल और आप का उल्लेख इसलिए जरूरी है कि किशोर भी कुछ-कुछ उसी तरह की उम्मीदें जगा रहे हैं। उन्होंने आप की सफलताओं-असफलताओं से और पार्टी के नेताओं के आचरण से निश्चित ही कुछ सबक सीखे होंगे। इसमें कोई संदेह नहीं की बिहार की राजनीति अपने सारे अंतर्विरोधों के साथ किसी भी वास्तविक परिवर्तन की संभावनाओं पर विराम बन चुकी है। ऐसी स्थिति में किशोर का यह कदम उम्मीद जगाता है बशर्ते कि उनकी परिणति आप जैसी न हो। बहरहाल जनसुराज की भावी गतिविधियों को लेकर उत्सुकता बनी रहेगी।

## चिंतन-मनन

### कौन है नीतिनिष्ठ व्यक्ति?

सदाचार एक व्यापक और सार्वभौम तत्व है। देशकाल की सीमाएं इसे न तो विभक्त कर सकती हैं और न इसकी मौलिकता को नकार सकती हैं। जिस प्रकार सूर्य का प्रकाश सबके लिए होता है, उसी प्रकार सदाचार के मूलभूत तत्व मानव मात्र के लिए उपयोगी होते हैं। कुछ व्यक्ति अपने राष्ट्र, कुल या परंपरागत आचार को विशेष महत्व देते हैं, किंतु यह अपनेपन का व्यामोह है। जो कुछ मैं कर रहा हूं, वह सदाचार है, इस धारणा की अपेक्षा व्यक्ति को ऐसी धारणा सुदृढ़ करनी चाहिए कि जो सत आचरण है, वह मेरे लिए करणीय है।

सदाचारी व्यक्ति नीतिनिष्ठ होता है। वह किसी भी स्थिति में नीति के अतिप्रमण को अपनी स्वीकृति नहीं दे सकता। नीतिनिष्ठ व्यक्ति को परिभाषित करते हुए कहा गया है- जिस व्यक्ति में अभय, मृदुता, सत्य, सरलता, करुणा, धैर्य, कर्तव्यनिष्ठ और व्यक्तिगत संग्रह का संयम और प्रामाणिकता होती है, वह नीतिमान कहलाता है। जो व्यक्ति सत्य के प्रति समर्पित होता है, अन्याय का प्रतिकार करते समय भयभीत नहीं होता, अपनी भूल ज्ञात होने पर उसे स्वीकार करने में संकोच नहीं करता और कठिनतम परिस्थिति का मुकाबला करने के लिए तैयार रहता है, वह अभय का साधक होता है।

कोमलता का नाम मृदुता है। यह सामूहिक जीवन की सफलता का सूत्र है। इसके द्वारा व्यक्ति के जीवन में सरसता आती है। मृदु स्वभाव में लोच होती है, इस स्वभाव वाला व्यक्ति किसी भी वातावरण को अपने अनुकूल बना लेता है। सत्य का अर्थ है यथार्थता। जो तथ्य जैसा है उसे वैसा ही जानना, मानना, स्वीकार करना और निभाना सत्य है। सत्य की साधना कठिन अवश्य है, पर है आत्मतोष देने वाली। आर्जव सरलता का पर्यायवाची शब्द है। सरलता सदाचार की आधारभूमि है। इसी उर्वरा में सदाचार की पौध फलती-फूलती है। मायावी व्यक्ति कभी सदाचारी नहीं हो सकता। करुणा सदाचार का मूल है। जिस व्यक्ति के अंतःकरण में करुणा नहीं होती, वह अहिंसा के सिद्धांत को समझ नहीं सकता। अहिंसा के बिना समता का विकास नहीं होता।

# शाकाहार महंगा और मांसाहार सस्ता


सनत जैन



देश में महंगाई किसी कीमत पर रुकने का नाम नहीं ले रही है। यह लगातार तेज रफ्तार में बढ़ती ही जा रही है। इस महंगाई का सबसे ज्यादा असर गरीबों और शाकाहारी मध्यम वर्ग पर देखने को मिल रहा है। हालात यह हैं कि निम्न वर्ग कुपोषण का शिकार होता चला जा रहा है वही मध्यम वर्ग को अब पोषण आहार नहीं मिल पा रहा है। दूध, सब्जी, दाल, तेल और अन्य दैनिक उपयोग में आने वाली शाकाहारी खाद्य सामग्री दिनों-दिन महंगी होती जा रही है। एक तरफ महंगाई सातवें आसमान पर पहुंचने को तैयार है लेकिन जनता चुप है। इसे देख ऐसा प्रतीत होता है कि आमजन किसी जादूई छड़ी के इंतजार में है, जिसके मिलते ही महंगाई गायब हो जाएगी। सरकारें भी इस पर कुछ कहने को तैयार नहीं हैं। हद है कि बिजली के दाम बढ़ गए। दूध के दाम बढ़ गए। स्कूलों की फीस बढ़ गई। खाद्य पदार्थों के निरंतर दाम बढ़ ही रहे हैं। यह तो सभी मानते हैं कि एक बार जो दाम बढ़ गए फिर वह कभी नीचे नहीं आते हैं। साल 2014 में जब कच्चा तेल अंतरराष्ट्रीय बाजार में 104 डालर प्रति बैरल पर पहुंच गया था तब देश में पेट्रोल 70 रुपए प्रति लीटर मिल रहा था। 450 रुपए की रसोई गैस सिलेंडर मिल रहे थे। तब सभी लोगों को महंगाई बढ़ी हुई लग रही थी। देशभर में महंगाई के खिलाफ आंदोलन हो रहे थे। आज जबकि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल का दाम 70 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया है, तब भी 100 से 110 रुपए प्रति लीटर पेट्रोल बिक रहा है। आमजन के मन में तो सवाल यही है कि आखिर अंतर्राष्ट्रीय बाजार में जब तेल के दाम घट गए तो फिर देश में क्यों नहीं घट रहे हैं? वर्तमान में भारत में पेट्रोल और डीजल के दाम साल 2014 जैसे ही हो जाते तो गनीमत थी, लेकिन इस पर कोई कुछ कहता नजर नहीं आ रहा है। इसके विपरीत गरीब, मजदूर, मध्यम वर्ग से लेकर अमीर सभी को पेट्रोल-डीजल एक ही बढ़े हुए रेट में ही खरीदना पड़ रहा है। यही नहीं जो दूध 35 रुपए प्रति लीटर मिल रहा था, वह 65 और 70 रुपए के आस-पास पहुंच गया है। खाने का तेल 200 रुपए लीटर के आसपास हो गया है कोई भी सब्जी 50-60 रुपए प्रति किलो से कम नहीं मिलती है। दालों के रेट बेतहाशा बढ गए हैं, जिसके कारण अब दो टाइम का खाना भी निम्न और मध्यम वर्ग को जुटा पाना मुश्किल हो रहा है।

हाल ही में जो सर्वे सामने आया है उसमें बताया गया है कि भारत में शाकाहार की थाली मांसाहार से महंगी हो गई है। सारी दुनिया में सबसे ज्यादा कीमत पर मांसाहार ही बिकता है, लेकिन भारत में यह उलटी गंगा बहाने जैसी स्थिति हो गई है। वह भी तब जबकि कथित तौर पर भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने के लिए बड़े-बड़े समाजिक व धार्मिक संगठन काम कर रहे हैं। सरकार भी उन्हें कथित सहयोग कर रही है। इसके बाद भी खाद्य पदार्थ विशेष रूप से शाकाहारी खाद्य पदार्थ दिनों दिन बड़ी तेजी के साथ महंगे होते चले जा रहे हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक सितंबर 2024 में भारत में शाकाहारी थाली की कीमत सालाना आधार पर 11फीसदी बढ़कर 31.3 रुपए हो गई है, जबकि पिछले साल इसी महीने में यह कीमत 28.1 रुपए थी। वहीं, मांसाहारी थाली की कीमत में सालाना आधार पर 2 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई है। सितंबर 2024 में मांसाहारी थाली की कीमत घटकर 59.3 रुपए हो गई, जबकि पिछले साल इसी महीने में यह 60.7 रुपए थी। सरकार के सामने जब तक आम जनता अपनी लड़ाई स्वयं नहीं लड़ेगी तब तक उसे महंगाई और अराजकता से निजात नहीं मिलने वाली है। केंद्र एवं राज्यों में जो सत्ता पर बैठे हुए राजनेता हैं उनका मानना है कि बच्चा जब रोता है तभी मां दूध पिलाती है। आम जनता को यदि कोई तकलीफ होगी तो वह सड़कों पर उतरकर सामने आएगी। वर्तमान में केंद्र और राज्य सरकारों के समक्ष महंगाई और बेरोजगारी कोई मुद्दा नहीं है। सरकार आए दिन टैक्स और अन्य शुल्क बढ़ा रही है। जनता उसको चुप-चाप चुका रही है। इसका मतलब है कि जनता स्वयं चाहती है कि उसका स्टेटस सिंबल बढ़े, यदि वह महंगे खाद्य पदार्थ खाता है तो उसका स्टेटस भी बढ़ता है। सरकार ने आम जनता के स्टेटस को बढ़ाने के लिए यह सारे प्रयास किए हैं। यह अलग बात है कि मांसाहारी थाली सस्ती हो गई है और शाकाहारी थाली महंगी हो गई है। शाकाहारी थाली महंगी होने के कारण ही शाकाहारियों का स्टेटस लगातार बढ़ता चला जा रहा है।

# यूपीआईटीएसः प्रगति की राह पर सरपट


राकेश दुबे



भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण ने 'ईट राइट इंडिया' अभियान के माध्यम से सभी भारतीयों के लिए सुरक्षित, स्वस्थ और पोषक भोजन सुनिश्चित करने के लिए देश की खाद्य प्रणाली को बदलने के लिए बड़े पैमाने पर प्रयास शुरू किया है। खाने-पीने के शौकीन अथवा महानगरों में नौकरी आदि के चलते कम मूल्य लागत वाला भोजन तलाशने वाले भारतीयों के लिए यह अनिवार्य हो जाता है कि स्वाद एवं सस्ते के चक्कर में न पड़कर स्वच्छता मानकों एवं साफ-सफाई को अपनी सेहत के दृष्टिगत स्वच्छ एवं पौष्टिक भोजन को अपनी प्राथमिकता में रखें।

भारत में बढ़ती आबादी के कारण और मांग एवं आपूर्ति में अंतर के चलते प्रायः खाद्य वस्तुओं की किल्लत और दामों में बढ़ोत्तरी होती ही रहती है और इसी किल्लत का फायदा जमाखोरों की टोलियां उठाने से नहीं चूकती हैं, तो वहीं घटिया एवं मिलावटी चीजें बेचने वालों की पौ-बारह हो जाती है। भारत में इन दोनों तिरुमला तिरुपति देवस्थानम द्वारा श्रद्धालुओं को दिए जाने वाले लड्डुओं को मिलावटी देसी घी से बनाने से भक्तों की धार्मिक आस्था आहत होने का मुद्दा चर्चा में है। देवस्थानम को देसी घी की आपूर्तिकर्ता कंपनी एआर डेयरी फूड प्राइवेट लिमिटेड से खाद्य नियामक ने पूछा है कि खाद्य सुरक्षा एवं मानक विनियमन 2011 के प्रावधानों के उल्लंघन के लिए उसका केंद्रीय लाइसेंस निलंबित क्यों न कर दिया जाए?

आज भारत में मिलावट का कारोबार उस स्तर को पार कर चुका है जहां खाद्य उत्पादों में सस्ते और घटिया पदार्थ मिलाकर बेईमान व्यापारी व विक्रेता सामान की मात्रा को बढ़ा देते हैं और भारतीयों की जान की कीमत पर भारी मुनाफा कमाते हैं। ऐसा अनुमान है कि 60 करोड़ लोग अर्थात विश्व में लगभग 10 में से 1 व्यक्ति हर वर्ष दूषित भोजन खाने के कारण बीमार पड़ते हैं तथा 420000 लोग मरते हैं।

भारत में दूध और डेयरी उत्पाद, वसा और तेल, फल और सब्जियां, अनाज, कॉफी, चाय, शहद और मसाले सहित लगभग हर खाद्य सामग्री में मिलावट का प्रतिशत अत्यधिक बढ़ गया है और स्वच्छता मानकों की बुरी तरह से अनदेखी हो रही है। इतना ही नहीं, भारत के कई क्षेत्रों से ऐसे भी वीडियो की सोशल मीडिया में भरमार है जिसमें समोसे, चाट, ब्रेड, कुल्फी, प्लास्टिक के चावल और गुलाब जामुन से भरी कड़ाही में पेशाब करते युवक और गोलगप्पे वाले जलजीरा पानी से ही हाथ मुंह धोने, गंदे हाथ व पैरों से आलू और आटा गूंथने जैसे कृत्यों द्वारा गंदगी से परिपूर्ण खाद्य सामग्री आम लोगों को परोसी जा रही है। ऐसे कृत्य न केवल निंदनीय हैं अपितु दोषी लोगों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग भी करते हैं।

सवाल उठता है कि आखिर ऐसी गतिविधियों में संलिप्त लोगों को तत्काल जेल की सलाखों के पीछे क्यों नहीं डाला जाता है? विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार हानिकारक बैक्टीरिया, वायरस, परजीवी या रासायनिक पदार्थों से युक्त असुरक्षित भोजन 200 से अधिक बीमारियों का कारण बनता है जिसमें डायरिया से लेकर कैंसर तक शामिल हैं। निम्न और मध्यम आय वाले देशों में असुरक्षित भोजन के कारण चिकित्सा व्यय में हर साल 110 बिलियन अमेरिकी डॉलर का नुकसान होता है। संयुक्त राष्ट्र खाद्य एवं कृषि संगठन के महानिदेशक डा. क्यू डोंग्यू के अनुसार, 'हमें अपने भोजन की पहचान, गुणवत्ता और सुरक्षा पर एक आम समझ की जरूरत है। लेकिन भारत में दूध में पानी मिलाने, नकली दूध, घी में केमिकल, दाल में सिंथेटिक रंग और वैक्स कोटिंग, सब्जियों में हॉर्मोन के इंजेक्शन तथा सिंथेटिक रंग, हर्बल उत्पादों में एलोपैथिक दवाइयां तथा केमिकल्स, सौंदर्य प्रसाधनों में और देसी घी बनाने में पशुओं की चर्बी होने की जानकारी किसी से छुपी हुई नहीं है। खाद्य अपमिश्रण से आखों की रोशनी जाना, हृदय संबंधित रोग, लीवर खराब होना, कुष्ठ रोग, आहार तंत्र के रोग, पक्षाघात व कैंसर जैसे असाध्य रोग हो सकते हैं।

मिलावटी और बासी खाद्य पदार्थों से निपटने के लिए केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय से 37 लाख रुपे की मोबाइल फूड सेफ्टी वैन भी मिली है। खाद्य अपमिश्रण के परीक्षण के लिए मैसूर, पुणे, गाजियाबाद एवं कोलकाता में भारत सरकार द्वारा चार केन्द्रीय प्रयोगशालाएं व्यवस्थित रूप से स्थापित की गई हैं। खाद्य अपमिश्रण एवं रेहड़ी फड़ी वालों द्वारा लोगों को गंदा और घटिया खाने-पीने की वस्तुएं बेचने से आगाह करने के उद्देश्य से केंद्र सरकार द्वारा 'ईट राइट इंडिया मूवमेंट' की पहल की गई है।

ईट राइट मूवमेंट अभियान तीन प्रमुख विषयों पर आधारित है- सुरक्षित खाएं, व्यक्तिगत और आसपास की स्वच्छता सुनिश्चित करें, स्वस्थ खाएं, आहार विविधता और संतुलित आहार को बढ़ावा दें एवं स्थानीय और मौसमी सब्जियों/भोजन को बढ़ावा दें, भोजन के नुकसान को रोकें। खाने-पीने के शौकीन अथवा महानगरों में नौकरी आदि के चलते कम मूल्य लागत वाला भोजन तलाशने वाले भारतीयों के लिए यह अनिवार्य हो जाता है कि स्वाद एवं सस्ते के चक्कर में न पड़कर स्वच्छता मानकों एवं साफ-सफाई को अपनी सेहत के दृष्टिगत स्वच्छ एवं पौष्टिक भोजन को अपनी प्राथमिकता में रखें। केवल अतिरिक्त सतर्कता और जागरूकता का पालन करने से ही हम अपने स्वास्थ्य को सुरक्षित बना सकते हैं और अपमिश्रित एवं गंदी खाद्य सामग्री बेचने वालों के कुत्सित इरादों को परास्त कर सकते हैं। (लेखक स्तम्भकार हैं।)

# भाजपा विधायक और सीओ ने श्रम जीवी पत्रकार यूनियन के पत्रकारों को बांटे आई कार्ड

### खबर को प्रकाशित और प्रसारण करने से पहले पुष्टि करना जरूरी– बाबूराम पासवान

संस्कार उजाला

**पीलीभीत।** उत्तर प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार यूनियन की तहसील इकाई पूरनपुर के पत्रकारों का आईकार्ड वितरण समारोह बड़ी धूमधाम के साथ तहसील सभागार में सम्पन्न हुआ। पूरनपुर पुलिस क्षेत्राधिकारी विशाल चौधरी और भाजपा विधायक बाबूराम पासवान और नायब तहसीलदार ऋषिकांत दीक्षित ने श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के जिलाध्यक्ष हरिपाल सिंह ने पत्रकारों को आई कार्ड वितरित किए। आई कार्ड वितरण समारोह के मौके पर भाजपा विधायक बाबूराम पासवान ने कहा कि खबर को प्रकाशित और प्रसारण करने से पहले उसकी पुष्टि करना भी जरूरी है। संबंधित अधिकारी से उसके बारे में जानकारी लेनी चाहिए। जल्दबाजी में खबर देने से किसी का अहित हो सकता है। समारोह में पहुँचे अफसरों ने सभी कलमकारों को आई कार्ड वितरण कर पत्रकारिता के महत्व पर प्रकाश डाला है। रविवार को उत्तर प्रदेश श्रम जीवी



पत्रकार यूनियन पीलीभीत की पूरनपुर इकाई की बैठक तहसील सभागार में संपन्न हुई। इसमें सीओ विशाल चौधरी, भाजपा विधायक बाबूराम पासवान नायब तहसीलदार ऋषि कांत दीक्षित ने क्लब से जुड़े सभी कलाकारों को आई कार्ड वितरण किए। इस मौके पर सीओ विशाल चौधरी ने पत्रकारों को पत्रकारिता के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा पत्रकार समाज का आईना होता है। कई बार पत्रकारों के माध्यम से भी पुलिस प्रशासन को कई जरूरी सूचनाएं मिलती हैं। इसके अलावा पत्रकारों से उन्हें समाज में कई गतिविधियों और पीड़ितों को न्याय करने में भी मदद मिलती है। साथ ही कहा कि पत्रकारिता से चर्चा कर बताया कि पत्रकारों को दैनिक खबरों से हटकर स्टोरी खबरें भी लिखना चाहिए। इससे समाज में जागरूकता बढ़ती है। पीड़ितों को न्याय दिलाने में पत्रकारों की अहम भूमिका रहती है। ।कभी–कभी पत्रकार एक पक्षीय खबर छाप कर दूसरे बक्से जानकारी नहीं करते हैं। इसलिए कभी–कभी पीड़ितों को न्याय मिलने नहीं दे रही हो जाती है। कार्ड वितरण समारोह के बाद सभी पत्रकारों को सूक्ष्म जलपान की व्यवस्था कराई गई। इस मौके यूनियन के जिलाअध्यक्ष हरपाल सिंह,पूरनपुर तहसील अध्यक्ष राम करण शर्मा और सरक्षक शैलेन्द्र शर्मा व्यस्त ने सभी पत्रकारों को निष्पक्ष और इमानदारी से अपना कार्य करने की सलाह दी है। उन्होंने कहा पत्रकारों का उत्पीड़न किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस मौके पर महामंत्री शैलेंद्र शर्मा ने कहा पत्रकार समाज का आईना होते हैं। समाज के लोगों को उनसे काफी उम्मीदें होती हैं। इसलिए वह बिना पक्षपात के खबर को प्रसारित करें।इस मौके पर महामंत्री विकास सिंह, उपाध्यक्ष प्रशांत शर्मा, मुकेश तिवारी,सद्दाम हुसैन, शिवम शर्मा, अकील खान, दिनेश कुमार, मीनू बरकाती, एहतसामुल हक खान,संजय भारती, मोहम्मद फैजान, हारून खां, वेद प्रकाश, इजहार खान, रोहित, केके शर्मा, छुन्न खां,इशहाक रजा,अरविन्द मिश्रा सहित कई लोग मौजूद रहे।

## नवरात्र के तीसरे दिन माँ गंगा महा आरती में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर केशरी

संस्कार उजाला

विंध्याचल माँ विंध्यवासिनी पक्का घाट पर विन्ध्य विकास परिषद के तत्वावधान में दैनिक गंगा आरती के नवरात्र की महा गंगा आरती के तीसरे दिन शनिवार को मुख्य अतिथि के रूप मे नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर केशरी शामिल हुए मुख्य अतिथि को गंगा आरती संस्थापक/प्रमुख रामानन्द तिवारी व टीम द्वारा संकल्प व गंगा मैया का विशेष वैदिक पुजन कराकर पांच अर्चकों द्वारा संगीतमय आरती को प्रारम्भ किया गया अर्चक के पीछे एक सौ एक की संख्या में रिद्धि सिद्धि के रूप बच्चियों ने आरती की थाली लेकर आरती उतारी आरती के समय घाट गंगा आरती देखने वाले भक्तों से पटा रहा आरती पश्चात नगर पालिका अध्यक्ष बोले की मैं 2016 से माँ गंगा आरती में आता रहा हूं जब भी माँ गंगा बुलाती है मैं आता रहुंगा नगर पालिका के द्वारा जो भी विकास गंगा आरती के लिए होगा मैं करवाता रहुंगा नवरात्र बाद आरती स्थल के



सजावट के लिए नगर पालिका से कार्य किया जायेगा गंगा आरती में शामिल होकर शक्ति व ऊर्जा मिलती है मन को बहुत सुकून मिलता है आरती के पश्चात पुरी गंगा आरती टीम द्वारा मुख्य अतिथि जी को अंगवस्त्र व माता का स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया जिसमें गंगा आरती संस्थापक/प्रमुख रामानन्द तिवारी जितेन्द्र मिश्रा प्रशांत उपाध्याय धीरज तिवारी साजन तिवारी आनन्द तिवारी गगन श्री माली बलवंत सिंह हिमांशु मिश्रा रितिक मोदनवाल विश्वनाथ साहू मोहित मिश्रा रमेश जी राम जी माली व हजारों के संख्या में श्रद्धालु भक्त शामिल हुए

## संक्षिप्त डायरी

### डीएम ने कार्तिक पूर्णिमा गंगा स्नान मेले की तैयारी को लेकर मेला स्थल कच्चे गंगा घाट का निरीक्षण कर संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश

संस्कार उजाला

ब्यूरो चीफ अमित शर्मा

**गढ़मुक्तेश्वर/** जिला अधिकारी प्रेरणा शर्मा ने मोक्षदायनी पतित पावनी गंगा मैया के रेतीले मैदान में लगने वाले तंबू नगरी कार्तिक पूर्णिमा गंगा स्नान मेले का स्थलीय निरीक्षण कर मेले की संपूर्ण तैयारी को लेकर समय से पूरा करने के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश। बता दें कि जिला अधिकारी प्रेरणा शर्मा के नेतृत्व में जिला प्रशासन के अधिकारियों ने कार्तिक पूर्णिमा गंगा स्नान मेले की तैयारियां शुरू कर दी है। जिसको लेकर जिला अधिकारी प्रेरणा शर्मा ने मोक्षदायिनी पतित पावनी गंगा मैया के कच्चे गंगा घाट क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पीडब्ल्यूडी, नगर पालिका और अन्य संबंधित विभाग्य अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि मेला स्थल की साफ सफाई स्वच्छ और समतल किया जाए। विद्युत विभाग को निर्देशित किया कि मेले के दौरान बिजली और पथ प्रकाश की व्यवस्था सुचारू रूप से होनी चाहिए। और सुरक्षा को लेकर आवश्यक प्रबंध किए जाएं। वहीं यातायात पुलिस विभाग को यातायात सुरक्षा की पूर्ण योजना तैयार करने के निर्देश दिए ताकि जाम और भगदड़ जैसी समस्याओं से बचा जा सके। साथ ही स्वास्थ्य विभाग को भी निर्देशित किया कि मेले में इमरजेंसी सेवाएं एम्बुलेंस सहित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध रहें। और नगर पालिका अधिकारियों को पानी और शौचालयों की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ जिला अधिकारी प्रेरणा शर्मा ने सभी मूलभूत सेवाएं समय से पूर्ण करने को लेकर सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश जारी किए है। वही इस अवसर पर मेला निरीक्षण के दौरान, क्षेत्रीय विधायक हरेंद्र सिंह तेवतिया, जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा नगर भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश तोमर एसडीएम साक्षी शर्मा सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।



### शिव महापुराण कथा समापन पर अव्यवस्थाओं के चलते सड़क पर श्रद्धालुओं की भीड़ से लगा जाम पुलिस को करनी पड़ी कड़ी मशक्कत

संस्कार उजाला

**हापुड़/** हापुड़ के बुलंदशहर रोड पर जेएमएस वर्ल्ड में 5 अक्टूबर से प्रारंभ होकर 9 अक्टूबर तक चलने वाली शिव महापुराण कथा को अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक प्रदीप मिश्रा के मुख से छंद स्वरो को सुनने के लिए अनुमोदित संख्या से अधिक उमड़ रहा श्रद्धालुओं का जन सैलाब। बता दें कि कथा स्थल पर दूर दराज प्रांत से आने वाले श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था का अभाव नजर आ रहा है। श्रद्धालु भक्तों की सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाने को लेकर कथा स्थल पर जिला प्रशासन की अफसर शाही टीम के द्वारा400 पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगी हुई है। जो अपनी ड्यूटी को कथा प्रारंभ होने से लेकर समापन तक बखूबी निर्वाह कर रहे हैं। शिव महापुराण कथा 2:00 बजे से प्रारंभ होकर सायं 5:00 बजे तक चलती है। जिसके चलते कथा समापन होने पर श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या के चलते अव्यवस्थाओं के बीच सड़क पर जाम लग गया। जिसको पुलिसकर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद खुलवाकर यातायात व्यवस्था को सुचारु कराया।



### सिंभावली क्षेत्र में सपा विधायक अतुल प्रधान ने एग्री जंक्शन किसान केंद्र का किया उद्घाटन

संस्कार उजाला ब्यूरो

**गढ़मुक्तेश्वर**/समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता एवं सरधना विधानसभा क्षेत्र से विधायक अतुल प्रधान 6 अक्टूबर को सिंभावली पहुंचे।और एग्री जंक्शन किसान केंद्र का उद्घाटन किया । इस अवसर पर अतुल प्रधान ने कहा किसान अपनी खेती में नॉर्मल दवाई का इस्तेमाल करें। अनावश्यक जहर ना डालें ज्यादा जहरीली दवाईयो का फसल में प्रयोग करने से सभी लोगों को नुकसान है। वही उद्घाटन के इस अवसर पर योगी सरकार के द्वारा झोलाछाप डॉक्टरों के विरुद्ध चलाई जा रही घरपकड़ मुहिम पर भी जमकर बरसे और कहां कि झोलाछाप डॉक्टरों के साथ गलत हो रहा है। यदि ग्रामीण क्षेत्रों में झोलाछाप नहीं होंगे तो गरीब जनता का इलाज कैसे होगा। जिन लोगों के पास बड़े–बड़े अस्पतालों में बैठने वाले डॉक्टरों को हजार रुपए फीस देने के लिए नहीं है वह क्या कर सकते हैं। यह झोलाछाप का नारा लफ्ज गलत है। इसका इस्तेमाल सरकारी तंत्र के द्वारा पैसा कमाने के लिए किया जा रहा है। इसकी जांच सीएमओ पर बैठनी चाहिए। हापुड़ में स्वास्थ्य विभाग द्वारा बड़े हॉस्पिटलों पर कार्रवाई नही की जाती है। उन्होंने रामा हॉस्पिटल के बारे मे बताते हुए कहा की रातों रात एक अस्पताल का मलिक एसपी साहब का ट्रांसफर करवा देता है। उस पर कोई कार्रवाई नहीं होती है।यह सब कुछ स्वास्थ विभाग की मिली भगत बताया है।अगर कार्रवाई करनी है तो बड़े हॉस्पिटलों पर करो छोटो पर क्यों नहीं करते।स्वास्थ्य विभाग पहले अपने सरकारी हॉस्पिटलों की ओर देखे उसमें भ्रष्टाचार किस कदर फैला है। जिसका जीता जागता उदाहरण गत माह सिंभावली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से जुड़े प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बक्सर का मामला है। जिसमें मृत नवजात बच्चे की बॉडी देने के एबज में ₹2500 की वसूली की गई थी। मामला सोशल मीडिया की सुर्खियां बनने पर सीएमओ साहब ने मात्र वसूली करने वाले चिकित्सकों का ट्रांसफर कर अपनी इतिश्री कर दी। स्वास्थ्य विभाग पहले सरकारी हॉस्पिटलों में पहले भ्रष्टाचार पर विराम लगाए उसके बाद ग्रामीण आचल क्षेत्र में गरीब मजदूरों के स्वास्थ्य का ध्यान रखने वाले डॉक्टरों की तरफ झांकने की कोशिश करे।



### सिंभावली पुलिस ने नाबालिग किशोरी के साथ दुष्कर्म कर इंटरनेट पर वीडियो प्रसारित करने वाले पोक्सो एक्ट में वांछित तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

संस्कार उजाला

**गढ़मुक्तेश्वर**/एसपी कुंवर ज्ञानेंजय सिंह के कुशल आदेश अनुपालन में हापुड़ पुलिस के द्वारा अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त एवं वांछित चल रहे। अपराधियों की धर पकड़ को लेकर चलाए जा रहे। अभियान के तहत सिंभावली पुलिस ने तत्काल प्रभाव से कार्यवाही करते हुए। दर्ज किए गए। मु०अ०स०276/24/धारा 64,/61(2)351(2)/351(3)/बी एन एस,3/4 पोक्सो एक्ट एवं 67 आईटी एक्ट में वांछित चल रहे। तीन आरोपित फरमान पुत्र मास्टर मुंशी निवासी सैफी कॉलोनी, इस्तेकार उर्फ इस्ते पुत्र मेजर उर्फ मजहर, जुबेर पुत्र इमरान निवासी रतुपुरा को गिरफ्तार कर इनकी निशानदेही पर कारित घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल पैशन प्रो UP37-R6757 तीन मोबाइल बरामद कर विधिक वैधानिक कार्यवाही करते हुए भेजा जेल।



## बाजे अवध में बधइयाँ जन्म लिहले राम रघुरईया (पुज्य राजन जी महाराज)

संस्कार उजाला

**अरविंद गुप्ता ब्यूरो चीफ सोनभद्र।**

**सोनभद्र ओबरा:**।–ओबरा सोनभद्र स्थानीय आरती चित्र मंदिर प्रांगण में श्री राम कथा के चतुर्थ दिवस भगवान श्री राम के धार्मिक घटनाओं पर विस्तृत चर्चा पूज्य श्री राजन जी महाराज ने की। इस दौरान हजारों की संख्या में मौजूद श्रद्धालुओं ने मनमोहन श्री राम के गाथाओं की अनुभूति करते हुए कथा का रसपान किया। महाराज जी ने बताया कि पूरी दुनिया में व्यक्तित्व की मयार्दा ही शाश्वत है। चरित्र शक्ति ही बहुमूल्य है। इसलिए श्री राम कथा के मूल कर प्रत्येक व्यक्ति के चरित्र को लेकर प्रशस्त्र करना ही है। धरती पर भगवान का अवतरण होना मतलब परोपकार भावना का जागृत होना। ऐश्वर्या शक्तियां जीवन को संरक्षित करने का पावन कार्य निरंतर कर रहे हैं। जिसकी वजह से जिओ पर दया करने का भाव हर युग में चला चला आ रहा है। और तो और भगवान श्री राम ने विकट परिस्थितियों में भी जीव जंतुओं को किसी न किसी रूप में अपना अभिन्न सारथी बनाया। चाहे वह हनुमान जी महाराज हो चाहे वह गरूड़ माराज हो। धर्म पर धर्म की जीत का मुख्य मार्ग प्राणियों के जीव सूत्र से ही होकर जाता है। कथा जैसे–जैसे आगे बढ़ रही थी वैसे–वैसे आनंद की अनुभूति होती जा रही थी। इस कार्यक्रम का संचालन श्री राम कथा समिति के महामंत्री कार्यक्रम प्रभारी राजू वैश्य वी पंडाल व्यवस्थापक प्रमुख विनोद केसरी जी ने किया। भगवान राम का जन्म उत्तर प्रदेश में हुआ इसके लिए उत्तर प्रदेश के सभी जनमानस



भगवान है । महाराज जी ने कहा कि आने वाला कलयुग में कल्कि अवतार भी उत्तर प्रदेश में होगा यह क्या मामूली कृपा है फिर भी उत्तर प्रदेश के प्रधानों को समझ में नहीं आ रहा है ।अपने आप को पहचान नहीं पा रहे हैं। वही आज की कथा का आरंभ व्यास पूजा के साथ मुख्य जजमान देवेंद्र केसरी के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम मैं मात्र शक्ति उषा शर्मा, ममता श्रीवास्तव, पुष्पा दुबे ,सरिता सिंह, रिंकी यादव, संजू श्रीवास्तव, ज्योति तिवारी, बिना पांडे, सुषमा कुशवाह ,रितिक प्रजापति, विद्या दुबे, अर्पिता पांडे, हर्षिता पांडे, सृष्टी जायसवाल, रागिनी पांडे, नीता चौबे ,बीना पांडे, रेखा शाह, गीता, पूजा ,अनीता चौरसिया ,संगीता सिंह के साथ समिति के विशाल केसरी, अरविंद सोनी, जयशंकर भारद्वाज, विवेक मालवीय, सौरभ सिंह ,रविंदर गर्ग ,संजीव मालवीय, राजा राम सिंह, समीर माली, अनुराग श्रीवास्तव, अशोक सिंह, वीरेंद्र श्रीवास्तव, राकेश यादव ,बम भोले जी ,विभाष घटक के साथ और भी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## तेज रफ़्तार ट्रक ने कार को मारी जोरदार टक्कर, एक रेफर।

संस्कार उजाला

**क्राईम ब्यूरो विकास कुमार हलचल।**

**सोनभद्र।** चोपन थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सोन पुल पर सड़क हादसा हो गया। एक ही दिशा में जा रही कार को पीछे से हाईवा वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। कार में सवार आठ माह और ढाई साल के मासूम सहित 5 लोगों को चोट आई है। सबसे ज्यादा चोट कार चालक को आई है। सभी घायलों को चोपन हॉस्पिटल इलाज के लिए पहुंचाया गया जहां डॉक्टरों ने घायलों का इलाज किया। घायलों में एक को गम्भीर चोट आने की वजह से जिला अस्पताल रेफर किया गया। हादसा उस वक़्त हुआ जब कार पर सवार होकर परिवार वाराणसी निजी कार्य के लिए जा रहे थे जैसे ही कार सवार सोन पूल पहुंचे तेज गति से उसी दिशा में जा रही हाईवा वाहन ने कार को पीछे से टक्कर मार दी टक्कर इतनी भयानक थी कि कार घूमकर पलट गई। जिसमे सवार 5 लोग जख्मी हो गए। जिन्हें राहगीर की मदद से तुरंत चोपन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों का कहना है कि हाईवा बेहद तेज गति से जा रहा था। ओवरटेक करने के चक्कर में हाईवा बेकाबू होकर वाराणसी की ओर जा रही कार को टक्कर मारते हुए फरार हो गई।



गनीमत रही कि पीछे से कोई बेकाबू बड़ी वाहन उस समय नहीं आई नहीं तो भयानक हादसा होने से इनकार नहीं किया जा सकता था। परिवार के मुखिया राजी (32) पुत्र सफी उल्ला थाना अम्बिकापुर को चोट आने की वजह से प्राथमिक इलाज के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वही सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारी क्राइम इंस्पेक्टर मेराज खान और कस्बा इंचार्ज उमाशंकर यादव ने बताया कि सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर वाहन को सुरक्षित थाना पहुंचवाया गया और अस्पताल पहुंचकर घटना का विवरण और नाम पता ले लिया गया है। घायलों का इलाज के बाद बयान होने के बाद आगे की कार्रवाई होगी।

### विकलांग अधिवक्ता के द्वारा अपने वेस्टेज खाने की डीलरशिप में दबंगों के द्वारा चोरी करने की वीडियो बनाना पड़ा भारी दबंगों ने अधिवक्ता के साथ की मारपीट

संस्कार उजाला

रिपोर्टर भूपेंद्र वर्मा

**गढ़मुक्तेश्वर**/सिंभावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव निवासी एक हाथ से विकलांग अधिवक्ता के द्वारा दबंगों के चोरी करने की वीडियो बनाना विकलांग अधिवक्ता को पड़ा भारी दबंगों ने अधिवक्ता के साथ जमकर की मारपीट। पीड़ितअधिवक्ता ने थाने में तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की लगाई गुहार। बता दें कि थाना सिंभावली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव हाई कोर्ट राजपुर निवासी एक हाथ से विकलांग अधिवक्ता अजीत सिंह पुत्र चंद्रभान सिंह ने थाने में तहरीर देकर अपनी तहरीर में उल्लेख किया है कि उसके द्वारा सूअर फार्म खोल हुआ है। जिनके खाने के लिए नोएडा में हल्दीराम कंपनी से वेस्टीज खाने की फ्रेंचाइजी ली हुई है। जहां से वह सूअर फार्म में सुअरों के खाने के लिए वेस्टीज खाना मंगाता है। जिसमें पिछले कुछ दिनों से वेस्टेज खाने के स्थान से वेस्टेज खाने की नोएडा से चोरी की जा रही थी। जिसको लेकर उसने वेस्टेज खाने की चोरी पकड़ने के लिए खुद मॉनिटरिंग शुरू की तो गुरविंदर पुत्र गुरदयाल संजय पुत्र बाबू निवासी फरीदपुर सिंभावली के द्वारा वेस्टेज खाने को चोरी करते हुए अधिवक्ता ने उनकी वीडियो बनाने शुरू कर दी। जिसको लेकर दबंग चोरों के द्वारा विकलांग अधिवक्ता को घर जाते समय इन लोगों ने रास्ते में रोक कर उसके साथ गाली गलौज करते हुए जमकर मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। जिससे डरे सहमे पीड़ित अधिवक्ता ने थाने में तहरीर देकर कानूनी कार्यवाही की मांग की है।



## बाइक सवार ने साइकिल में मारा जोरदार टक्कर 4 लोग गंभीर रूप से घायल।

संस्कार उजाला

**क्राईम ब्यूरो विकास कुमार हलचल।**

**सोनभद्र।** चोपन थाना क्षेत्र के अग्रवाल मार्केट सूबेदार मोड़ वाराणसी–शक्तिनगर मार्ग पर मोटरसाइकिल और बाइसिकल में जबरदस्त भिड़ंत हो गई। हादसे में 4 लोग घायल बताये जा रहे है। जिन्हें स्थानीय लोगों और चोपन पुलिस के सहयोग से एम्बुलेंस द्वारा चोपन सीएससी सेन्टर भेजवाया गया। जहां पर प्राथमिक इलाज के बाद डॉक्टरों ने दो युवकों को बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार हादसा रात के लगभग 10 बजे के लगभग हुआ। ओबरा से



बाइक सवार अपने निवास स्थान की तरफ जा रहे थे। जैसे ही सुबेदार मोड़ पहुंचे वैसे ही बाइसिकल सवार दो युवक रामलीला देखकर अपने घर श्याम विद्यालय के पास जाने के लिए कटिंग से रोड क्रॉस कर रहे थे। अचानक बाइसिकल सवार को देख बाइक चालक अनियंत्रित हो गया और बाइसिकल सवार को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयानक थी कि बाइक सवार और बाइसिकल सवार 4 लोग दूर जा गिरे और बेसुद्ध हो गए। वही मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने सभी घायलों को रोड से किनारे कर एम्बुलेंस और पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से एम्बुलेंस की सहायता से सभी घायलों को चोपन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजवाया। जहां पर इमरजेंसी में तैनात डॉक्टर ने आनंद कुमार (56) पुत्र जयश्री निवासी गंगटी चोपन थाना व मिठू (30) पुत्र परसोतम निवासी गंगटी चोपन थाना की गंभीर हालात को देखते हुई दोनों को जिला अस्पताल लोढ़ी के लिए रेफर कर दिया। वही बाइसिकल सवार राम निहोर (14) पुत्र मंगल व जवाहिर (12) पुत्र मंगल निवासी बखरोर चोपन थाना को प्राथमिक इलाज के बाद छूटी दे दिया।

### क्षेत्र में धड़ल्ले पनप रहा सफेद दुग्ध दही,मावे, पनीर, रसगुल्ले घी बनाने का काला कारोबार

**खाद्य सुरक्षा औषधि प्रशासन विभाग की टीम सैंपलिंग के नाम पर कर रही खाना पूर्ति**

संस्कार उजाला

**गढ़मुक्तेश्वर**/जनपद की तहसील गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्र में बहुत बड़े पैमाने पर धड़ल्ले से पनप रहा है। सफेद दुग्ध,दही, रसगुल्ले,मावा ,पनीर, घी बनाने का काला कारोबार। बता दे की गढ़मुक्तेश्वर तहसील क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सदरपुर ,डेहरा कुटी, रझैटी में सफेद काले रसगुल्ले,मावा बनाने और सिंभावली क्षेत्र की सैफी कॉलोनी, टोडरपुर, हिम्मतपुर, सहित आसपास के गांवों में बहुत बड़े पैमाने पर नकली सफेद सिंथेटिक दूध मावा, दही, पनीर, देसी घी बनाने का काला कारोबार बहुत बड़े पैमाने पर पनप रहा है। यहां तक की रझैटी गांव सफेद रसगुल्ले ही नहीं अन्य प्रकार की नकली सिंथेटिक मिठाईयां बनाकर नैनीताल हल्द्वानी,मुरादाबाद, रामपुर बरेली अमरोहा,गजरौला गढ़मुक्तेश्वर, हापुड़ सिंभावली क्षेत्र में स्थित नाम चिन्ह मिठाई बेचने वाले दुकानदारो के द्वारा भी रझैटी में बना सफेद रसगुल्ला काला, सोहन पापड़ी, रसगुल्ला बर्फी ₹70 से ₹80 किलो खरीद कर दुकानदारों के द्वारा 400 से ₹500 किलो तक के रेट पर बिक्री किया जा रहा है। सूत्रों की माने तो गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्र में बहुत बड़े पैमाने पर नकली सिंथेटिक, सफेद दूध मिठाई घी पनीर दही बनाने वाले माफियाओं के हौसले बुलंद हैं। जिसमें सिंभावली पुलिस ने सैफी कॉलोनी में संचालित ब्रांडेड कंपनी मधुसूदन के खाली डिब्बों में नकली दही बनाकर भरकर बेचने वाली फैक्ट्री का पदार्फाश किया था।, लेकिन खाद्य सुरक्षा औषधि प्रशासन विभाग की टीम के द्वारा सैंपलिंग की खाना पूर्ति कर मामले की इति श्री कर दी गई थी। जिसको लेकर सफेद दूध,घी,दही पनीर,का काला कारोबार करने वाले माफियाओं में खाद्य सुरक्षा औषधि प्रशासन विभाग का जरा भी खौफ नजर नहीं आ रहा है। और क्षेत्र में खुलेआम धड़ल्ले से नकली दूध मावा दही पनीर घी बनाने की भट्ठियां रात दिन धधक रही है। खाद्य सुरक्षा औषधि प्रशासन विभाग की टीम की कुंभकर्ण की नींद त्योहारों के नजदीक आकर टूटती है। उसके बाद फिर से कुंभकर्ण की नींद में सो जाता है। मानो ऐसा प्रतीत होता है कि खाद्य सुरक्षा औषधि प्रशासन विभाग नकली सिंथेटिक दूध मावा घी पनीर दही बनाने वाले माफियाओं पर सैंपलिंग करने की कार्यवाही कर खाना पूर्ति करने के साथ अपने कार्य की इतिश्री कर देता है।



## महिला कांग्रेस अध्यक्ष की अध्यक्षता में बैठक संपन्न।

संस्कार उजाला

**क्राईम ब्यूरो विकास कुमार हलचल।**

**सोनभद्र** । रावट्र्सगंज महिला कॉग्रेस कार्यकताओं की एक बैठक जिला महिला कॉग्रेस अध्यक्ष ऊषा चौबे की अध्यक्षता मे छपका मे सम्पंन हुआ जिसमें महिलाओ को कॉग्रेस की सदस्यता दिलाई गई साथ ही महिलाओ की समस्याओं को भी सुना गया इस दौरान महिलाओं का गठन करते हुए जिलाअध्यक्ष उषा चौबे ने इन लोगों के ऊपर विश्वास जताते हुए शांति विश्वकर्मा को जिला उपाध्यक्ष एंव रमवंती देवी को जिला सचिव बनाया बड़ी जिम्मेदारी दी है इस दौरान महिला कॉग्रेस की अध्यक्ष ऊषा चौबे ने कहा की महिलाओं को महिला कॉग्रेस से जोड़ने के लिए लगातार गांव गांव और शहर के वार्डो मे जाकर उन्हें जोड़ा जा रहा है और आगे अधिक से अधिक महिलाओं को जोड़ने का सिलसिला जारी रहेगा उन्होंने कहा की कई गांवों को नगर पालिका मे जोड़ा गया लेकिन आज भी पेयजलापूर्ति, बिजली, सडक, आवास, जैसे मुल भूत समस्याओं से जुझ रहे है लोग बीजेपी सरकार पर हमला बोलते हुए ऊषा चौबे ने कहा की बीजेपी सरकार मे महिलाएं सुरक्षित नहीं है, महिलाओ पर अत्याचार की घटनाएं लगातार बढ़ रही है, कमरतोड़ महंगाई, बेरोजगारी, किसानो की समस्याओ से जनता जुझ रहे है,लेकिन



बीजेपी सरकार उनकी समस्याओं पर मौन है साथ ही साथ कहा कि रॉबट्र्सगंज नगर की सड़कें गढ्ढा युक्त होने से आम जनता को नवरात्रि ,दशहरा, दीपावली जैसे त्योहार पर रॉबट्र्सगंज आवागमन में दिक्कत उठानी पड़ेगी,वही फ्लाईओवर के नीचे सर्विस लेन की सड़कों का बुरा हाल है, राहगीर गड्ढे और गिट्टी होने से गिर कर घयाल हो रहे है, जिला प्रसाशन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए शीघ्र समस्याओं के निस्तारण की मांग की है अन्यथा आंदोलन किया जाएगा उक्त मौके पर शान्ति विश्कर्मा,रमवन्ति, लीलावती, किरण गिरी, तेतरी देवी,सितारा देवी, मुन्नी देवी, उर्मिला कुसुम, रेखा, ममता ,शान्ति, सहित तमाम महिलाएं उपस्थित रही।

## ओबरा नगर पंमायत कूड़ा फेंकने से ग्रामवासी परेशान , एडीएम को सौंपा ज्ञापन

संस्कार उजाला

**अरविंद गुप्ता ब्यूरो चीफ सोनभद्र।**

**सोनभद्र।** ओबरा कालोनी से खैरटिया गाँव के मध्य रिहायसी इलाके मे ओबरा नगर पंचायत द्वारा कूड़ा–कचड़ा फेका जाता है। इससे उसके आस–पास के रहने वाले लोगो का जीना दुर्लभ हो गया है एवं तरह–तरह की बीमारियो से ग्रसित हो रहे है एवं आने–जाने वाले राहगीरो को नाक–मुंह बंद कर रास्ता पार करना पड़ता है जिससे कई बार दुर्घटना भी हो जाती है। इस विषय में नगर पंचायत ओबरा को कई बार मौखिक तौर पर एवं लिखित रूप में भी आवेदन दिया गया परन्तु वे कूड़ा फेकने से बाज नहीं आ रहे है। इसी को लेकर ग्राम सेवा समिति के अध्यक्ष शिवदत्त दुबे के नेतृत्व में तहसील दिवस पर ओबरा तहसील में अपर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौप कर मांग की गई कि जल्द से जल्द संबंधित मामले में कारवाई हो ।शिवदत्त दुबे ने एडीएम को बताया कि



मामले को गम्भीरता से लेते हुए एवं जनता के स्वास्थय समस्या को ध्यान में रख कर नगर पंचायत ओबरा को मना किया जाये कि वह अपने निर्धारित स्थान पर कूड़े का निस्तारण करे और यहां पर कूड़ा फेकना बंद करे यदि वह ऐसा नही करते है तो उनके विरूद्ध एफ .आई .आर दर्ज करावे। इस मौके खैरटिया ग्राम सेवा समिति के अध्यक्ष शिवदत्त दुबे, उमेश चंद्र शुक्ला एडवोकेट, महेश अग्रहरी ,उमेश यादव , राम आधार, उमेश यादव , अनिल भारती आदि लोग मौजूद रहे।

# भविष्य के गर्भ में क्या छिपा है।

उच्च कार्य करने वाले व्यक्ति का सम्मान होना चाहिए,मनुष्य जाति से नही, संस्कारों ओर कर्मो से महान होता है। कुलदीप सरस



संस्कार उजाला संवाददाता

**सहारनपुर।** गंगोह ब्लॉक के गांव बुड्ढाखेड़ा में तृतीय दिवस के श्रीमद् भागवत कथा के प्रवचन में आचार्य श्री कुलदीप ₹सरस₹ जी महाराज ने बताया कि भविष्य के गर्भ में क्या छिपा है। कोई नही जानता जिसने भी भविष्य जानना चाहा उसी को दुख भोगना पड़ा। मनुष्य को अपना भूत और भविष्य छोड़ कर वर्तमान सुधारना चाहिए। क्योंकि वर्तमान भला तो सब भला। सरस जी ने सृष्टि निर्माण का प्रसंग सुना कर बताया कि हम मनु महाराज ओर शतरूपा देवी से उत्पन्न है। इसी लिए हमे मनुष्य कहा जाता है प्रत्येक मनुष्य को भगवान ने 100 वर्ष की आयु दी है। यदि मनुष्य सो वर्षो तक जीना चाहे तो ब्रह्मचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ, ओर सन्यास आश्रमों को अपनाय, अष्टांग योग साधना ओर समाधि लगा कर परमपिता परमात्मा का ध्यान करें। मनुष्य जाति से नही अपने संस्कारों ओर कर्मो से महान होता है। जो व्यक्ति नीच कर्म करता है। उसका तिरस्कार होना चाहिए, ओर जो व्यक्ति उच्च कार्य करता है। उसका सम्मान होना चाहिए। सुखदेव जी को देख कर सभी ऋषियो ने खड़े होकर सम्मान किया क्योंकि मनुष्य आयु से नही ज्ञान से बड़ा माना जाता है। सत्संग एवं स्वाध्याय से मानव चिंतन में परिवर्तन एवं प्रभु प्रीती बढ़ती है। कथा में बताया की अहंकार व्यक्ति को अंधा बना देता है। जब व्यक्ति अहंकार के वशीभूत होता है। तब वह सभी प्राणियों को अपने से तुच्छ समझ कर पाप कर्म करने लगता है अहंकार में फंसे हुए व्यक्ति को भगवान शंकर ने बकरा बोलकर संबोधित किया जो मानव अपनी रुचि को सुनीति में लगाकर ईश्वर भक्ति वह समाज के प्रति निष्ठा और दया का भाव रखता है। उसे भक्त ध्रुव की तरह ईश्वर की गोद प्राप्त होती है। ग्रामीणों मे जय राम दास गुरु, सतीश कुमार,योगेंद् कुमार, श्यामबीर, सौरव सैनी, मोहन सैनी, विनोद, सुरेश, सतीश सैनी, शोभा राम, महर सैनी, रामशारण, वंश सैनी, रामदास सैनी जिला पंचायत संदस्य, प्रिंस सैनी, नरेश प्रधान, बलमत भगत, संजोगिता, निशा, बबली, निशा, सीमा सैनी, सरला देवी, सुनीता सैनी, सेवा राम, देवकी शर्मा, कविता, हिमाशी, शर्मा, रोबिन जांगिड़, जयकारण शर्मा ल, राजपाल शर्मा, आदि ग्रामीण मौजूद रहे वा कथा सुनकर सभी ग्राम वासियों ने बड़ा आनंद लिया।

# थाना गागलहेडी प्रभारी प्रमोद कुमार सिंह को लूट के मामले में मिली जबरदस्त कामयाबी,तीनों लूटेरे लूटी हुई नकदी व ड्राइवरी लाइसेंस के साथ गिरफ्तार

▸इन बदमाशों ने देहरादून रोड पर एक फाइनेंस कंपनी का रिकवरी एजेंट बताकर दिया था लूट की घटना को अंजाम,बदमाशों द्वारा शुभम से 15000 हजार रूपए नकद व अन्य सामान लूटा गया था

▸इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार सिंह ने अपनी एक बडी पुलिस टीम के साथ कोलकी फ्लाईओवर से हाईवे की और जाने वाले निर्माणधीन टोल के पास पकड़े बदमाश

▸फाइनेंस कम्पनी के फर्जी रिकवरी एजेंट बनकर गाड़ियों को ओवरटेक कर लूट की घटना को अंजाम देते थे,यह तीनों बदमाश




संस्कार उजाला संवाददाता

**सहारनपुर** /फाइनेंस कंपनी का रिकवरी एजेंट बताकर जनता को लूट का शिकार बनाने वाले तीन बदमाशों को कल शाम लगभग 7 बजे थाना गागलहेडी प्रभारी प्रमोद कुमार सिंह ने अपनी एक बडी पुलिस टीम के साथ आखिरकार गिरफ्तार कर ही लिया।जिनके पास से लूट के 5250 रूपए नकद भी बरामद कर लिए।आपको बता दें,कि दिनांक 5-10-2024 को खेड़ा अफगान निवासी शुभम कुमार ने थाना गागलहेडी प्रभारी प्रमोद कुमार सिंह को एक लिखित तहरीर देते हुए तीन बदमाशों पर देहरादून रोड पर उसकी पिकअप गाड़ी को ओवरटेक कर खुद को फाइनेंस कंपनी का रिकवरी एजेंट बताकर 15 हजार रूपए नकद,कुछ जरूरी कागजात एवम ड्राइवरी लाइसेंस लुटने का आरोप लगाया।इस लूट के मामले को गम्भीरता से लेते हुए इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार सिंह ने एक टीम का गठन कर लूटेरों की तलाश में लगा दी तथा स्वम भी एक बड़ी पुलिस टीम के साथ चेकिंग अभियान में जुट गए।कल शाम लगभग 7 बजे गागलहेडी करबे मे अपनी पुलिस टीम के साथ वाहन चेकिंग में लगे इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार सिंह को इन तीनों बदमाशों के कोलकी फ्लाईओवर से निमार्णाधीन टोल के पास होने की सूचना मिली,सूचना देने वाले ने इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार सिंह को यह भी सूचना दी,कि यह तीनों बदमाश फिर से किसी बड़ी लूट की घटना को अंजाम देने की फिराक में यहां खड़े हैं।इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार सिंह ने आंव देखा ना तांव,बिना कुछ देरी किए अपनी एक बड़ी पुलिस टीम सब इंस्पेक्टर नरेंद्र सागर,प्रवेश कुमार,हेड कांस्टेबल राहुल गौतम, प्रमोद कुमार,राकेश राणा,कांस्टेबल विनयकांत, सुशांत कपिल एवम शोभित कुमार के साथ कोलकी फ्लाईओवर से हाईवे की और निर्माणधीन टोल की और भागे,जैसे ही पुलिस टीम इन बदमाशों के नजदीक पंहुची,तो सभी बदमाश पुलिस टीम को देखते ही भाग खड़े हुए,जहां पर पुलिस टीम ने इन तीनों शातिर लूटेरों अनुज पुत्र विजयपाल सिंह निवासी पंजाबी बाग थाना सदर बाजार ,हिमांशु कपिल पुत्र ईश्वर दत्त निवासी हाल पता पंजाबी बाग हकीकत नगर थाना सदर बाजार,मूल निवासी गांव जंधैडा थाना रामपुर मनिहारान एवम प्रमोद चौधरी पुत्र कंवरपाल सिंह निवासी बड़े गुरूद्वारे के पास छोटा चौक थाना सदर बाजार की बड़े ही जबरदस्त तरीके से घेराबंदी करते हुए पकड़ लिया।जिनके पास से लूट के 5250 रूपए नकद एवम ड्राइवरी लाइसेंस भी बरामद कर लिया गया हैं।हम आपको यह भी बता दे,कि यह तीनों लूटेरे जो काफी समय से खुद को फाइनेंस कम्पनी का रिकवरी एजेंट बताकर सहारनपुर के भिन्न हाईवे पर खड़े होकर उसी नम्बर की गाड़ी को रोककर लूट का शिकार बनाते थे,जिन गाड़ियों का कुछ बकाया रूपया फाइनेंस कम्पनियों की और रूका हुआ था।अब तक यह तीनो फाइनेंस कंपनी के फर्जी रिकवरी एजेंट बताकर न जाने कितने लोगों को लूट का शिकार बना चुके थे।

## संक्षिप्त डायरी

### महिला सशक्तिकरण अभियान के अंतर्गत चलाया महिला जागरूकता अभियान



संस्कार उजाला

**चिलकाना/सुल्तानपुर**

उत्तरप्रदेश सरकार द्वारा चलाये गये महिला अपराध को रोकने के लिए चलाये गये अभियान के अंतर्गत मिशन शक्ति फेज पांच के तहत आज उप निरीक्षक मोनिका यादव द्वारा आज महिलाओ को जानकारी दे उनकी समस्याओ की जानकारी लीं। थाना चिलकाना प्रभारी कपिल देव के कुशल नेतृत्व मे आज उपनिरीक्षक मोनिका यादव द्वारा नगर मे सभी प्रमुख बाजार एवं मोहल्लो मे जाकर महिलाओ ओर युवतियों को जागरूक करते हुए पुलिस हेल्पलाइन नंबरो की जानकारी दी। सहारनपुर वरिष्ठ पुलिस उच्चाधिकारियो के आदेशानुसार उप निरीक्षक मोनिका यादव द्वारा महिलाओ को जागरूक करते हुए बताया की उनके साथ होने वाली छोटी बड़ी घटनाओ की थाना पुलिस को तुरंत सुचना दे। उत्तरप्रदेश साशन के द्वारा नवरात्रि के अवसर पर चलाये गये महिला सुरक्षा फेज पाँच के अंतर्गत आज विभिन्न सरकार द्वारा चलाई गयी योजनाओं निराश्रित पेंशन योजना, वृद्ध पेंशन योजना 1090 वोमेन पावर,1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1098चाइल्ड हेल्पलाइन, 1930साइबर अपराध 108एम्बुलेंस सेवा,112 पुलिस आपात कालीन योजनाओं की जानकारी महिला अपराध बालिकाओं एवं छात्राओं पर होने वाले अपराध पर प्रभावी रोकथाम हेतु आज उप निरीक्षक मोनिका यादव नें महिलाओ को दी।

### प्रशासन के निशाने पर खाद्य पदार्थों की मिलावट खोरी करने वाले माफिया ।




संस्कार उजाला

**बडगांव सहारनपुर**

देवबंद के बाद रामपुर मनिहारान में भी नकली पनीर बनाने की फैक्ट्री व सोश बनाने की फैक्ट्री पर मारे गए छापे । नकली पनीर व सोश को कराया गया नष्ट करीब एक लाख रूपए कीमत के सोश की बोतलों को किया गया जप्त । जिलाधिकारी के निदेर्शों पर खाद्य सुरक्षा विभाग व उप जिलाधिकारी देवबंद की टीम ने की छापेमारी मिलावट खोरी करने वाले माफियाओ मे मचा हडकंप। पनीर की फैक्ट्री पर छापा मारकर करीब 8कुंटल पनीर को नष्ट कराया गया सेंपल भी लेकर जांच के लिए लैब भिजवाए गए अगर सहारनपुर जिले की बात की जाए तो देवबंद, गंगोह , नकुड़, व रामपुर मनिहारान में बडी संख्या में नकली पनीर बनाने वाली फैक्ट्री तथा रामपुर मनिहारान तहसील से मात्र 500मीटर दूर ही रेलवे फाटक के पास चाउमीन एवम नकली टमेटो शोस बनाने की फैक्ट्री प्रशासन की आंखो मे धूल झोंक कर धड़ल्ले से संचालित हो रही थी उस पर भी हुई बड़ी कार्यवाही छापा मार कर भारी मात्रा मे नकली कैमिकल युक्त सोष को कराया गया नष्ट । मुनाफे के लिए लोगों की जान से खिलवाड़ करने वालों पर अब शिकंजा कसा जाएगा इसके लिए संगठित रूप से मिलावट खोरी करने वालों की पहचान कर उनके विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी जिलाधिकारी के निदेर्शों पर खाद्य सुरक्षा विभाग व उप जिला अधिकारी देवबंद की टीम ने देवबंद व रामपुर मनिहारान में मिलावट खोरो पर छापेमारी की कार्यवाही कर खाद्य पदार्थों के सैंपल लेकर टेस्ट के लिए लैब में भेज दिए हैं इस छापेमारी से मिलावट खोरो में हड़कंप मचा हुआ है अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं की मिलावट करने वाले बड़े माफियाओं का पदार्फाश कर उन्हें पकड़ा जाए ताकि लोगों को उच्च गुणवत्ता के खाद्य पदार्थ एवं पेय पदार्थ उपलब्ध हो सके इसके लिए विभाग के अधिकारी सतर्क रहें जिलाधिकारी ने नाराजगी जताते हुए कहा कि जल्द से जल्द मिलावट खोरो की पहचान कर अधिक से अधिक छापे मारकर सैंपल लिए जाएं डीएम ने लिए गए नमूनों के परीक्षण करने व समय रहते रिपोर्ट देने के साथ लैब की जवाब दे ही तय करने के लिए विभागीय उच्च अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए हैं।

### किसान के साथ कहीं भी किसी प्रकार का अन्याय नहीं होने देंगे।



संस्कार उजाला संवाददाता

**सहारनपुर** गंगोह ब्लॉक के गाव बिशनोट निकट शेर सिंह राणा के आवास पर भारतीय हलधर किसान यूनियन की एक बैठक हुई जिसमें भारी संख्या में किसान मौजूद रहे। किसान यूनियन के राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्री राजेंद्र सिंह राणा ने कार्यक्रम का संचालन किया। कार्यक्रम मे बोलते हुए उन्होंने बताया कि हमें किसान के साथ कहीं भी किसी प्रकार का अन्याय नहीं होने देंगे। किसानों के बिच बोलते हुए उन्होंने किसानों से अपील कर संगठन का आगे बढ़नाा एव संगठन के साथ चलने का आवाहन करने के लिए प्रेरित किया। राजेंद्र सिंह राणा राष्ट्रीय मुख्य संगठन मंत्री ने आज धीरज सिंह प्रधान को प्रदेश संगठन मंत्री एव विनय सिंह को ग्राम अध्यक्ष, रविंद्र सिंह को तहसील नकुड, विनय सिंह को ग्राम अध्यक्ष रविंद्र सिंह को तहसील नकुड महासचिव विक्रम सिंह को बनाया गया। इसके साथ ही सैकड़ो लोगों को भारतीय हलधर किसान यूनियन की शपथ दिलाई। यूनियन मे बोलते हुए भूषण राणा ने बताया की संगठन का मुख्य उद्देश्य किसानों की समस्याओं को उठाकर उनका समाधान कराना है। वही किसानों के बीच बोलते हुए जिला अध्यक्ष ने कहा कि किसान यूनियन किसान हितों में किसनों की समस्या का समाधान करने के लिए हमेशा किसानों के साथ रहेगा। कार्यक्रम में मौजूद वीरेंद्र सिंह तहसील अध्यक्ष, भूषण राणा मंडल अध्यक्ष, अरविंद सेन जिला उपाध्यक्ष, सहारनपुर जितेंद्र राणा प्रदेश सचिव, रवि राणा, अरविंद राणा, रणधीप राणा, हरेंद्र राणा, बिंदर राणा, संजू राणा, विप्पीन राणा, सुभाष राणा, धीरज प्रधान, मदन सिंह, जगदीश, संजीव, नरेंदर राणा, मोकम, रमेश, बहादुर राणा, सुरेंद्र राणा, बलिस्टर आदि किसान मौजूद रहे।

## संक्षिप्त डायरी

### भाकियू महाशक्ति की किसान जागरूकता पंचायत में उमड़ा जन सैलाब



संस्कार उजाला

**नागल सहारनपुर**

**अजय त्यागी नागल:** रविवार को नागल क्षेत्र के गांव पांडोली में भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति की किसान जागरूकता पंचायत का आयोजन किया गया जिसमे राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर धर्मेंद्र सिंह मुख्य अतिथि रहे। महापंचायत को महापंचायत को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सभी कार्यकताओं का प्रोत्साहन बढ़ाने के लिए जोरो सोरों से तारीफ की और कहा कि कार्यकताओं की मेहनत से ही भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति अपने आप में एक स्तंभ बन गया है। जिसकी नीव कार्यकताओं द्वारा रखी गई है। इसके बाद सभी ने अपने अपने विचार व्यक्त किए। महापंचायत में मुख्य रहे किसान नेता पश्चिम प्रदेश अध्यक्ष प्रियदीप त्यागी ,युवा प्रदेश उपाध्यक्ष अंकित त्यागी, जिला अध्यक्ष प्रदीप कुमार, युवा जिला अध्यक्ष हिमांशु गुर्जर, जिला कोषाध्यक्ष जितेंद्र कुमार ,महा सचिव अरविंद ,तहसील अध्यक्ष अरविंद शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष अलीम नंबरदार, युवा ब्लॉक उपाध्यक्ष नितिन और सहारनपुर की समस्त टीम मौजूद रही।

### मिशन शक्ति फेज 5 के तहत महिलाओं को किया जागरूक और उनकी समस्या पूछी गई।



संस्कार उजाला संवाददाता

**सहारनपुर/** थाना बड़गांव में महिला सशक्तिकरण अभियान मिशन शक्ति फेज 5 के तहत बडगांव थानाध्यक्ष विनय कुमार शर्मा व एंटी रोमियो टीम एवं महिला बीट आरक्षी के द्वारा ग्राम दल्हेडी में चौपाल लगाकर महिलाओ व बालिकाओं को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं विधवा पेंशन , सुमंगला योजना बाल कल्याण योजनाओं ,बाल मजदूरी न कराने और गुड टच और बड टच आदि के बारे में व सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न हेल्पलाइन नंबर 1090 वूमेन पावर 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन 1930 साइबर अपराध 108 एंबुलेंस सेवा 112 पुलिस आपातकालीन सेवा आदि की जानकारी उ0नि0 रामप्रकाश पाण्डेय व है0का0 आबिद व म0का0 748 कंचन के द्वारा दी गई उनकी समस्याएं पूछी गई।

### 11 अक्टूबर को खुटार मे होगा हिंदू महासम्मेलन एवं भगवा यात्रा का आयोजन : अवनीश




संस्कार उजाला

**खुटार शाहजहांपुर**

**खुटार।** रविवार को हिंदू युवा संगठन उत्तर प्रदेश अ के प्रदेश अध्यक्ष/ संस्थापक अवनीश मिश्र ने प्रदेश कार्यकारिणी के पदाधिकारियों के साथ खुटार पुवायां मार्ग पर पटेल ढाबा पर प्रेस वार्ता का आयोजन किया। जिसमें उन्होंने बताया कि 11 अक्टूबर को सुबह नौ बजे से खुटार के माता पंथवारी मंदिर के समीप शगुन पैलेस में भव्य हिंदू महासम्मेलन, भगवा यात्रा एवं विशाल भंडारा का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप में हिंदू नेत्री डा. साध्वी प्राची एवं शाहजहांपुर से हिंदू नेता राजेश अवस्थी शामिल होंगे। उन्होंने कहा आज जरूरत है, हिंदू समाज को एकजुट होने की। क्योंकि आज हिंदू नहीं जागा, तो आने वाले समय में इसके परिणाम घातक हो सकते हैं। इसलिए सभी हिंदू भाइयों से अपील है कि हिंदू महासम्मेलन एवं भगवा यात्रा में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाए। इस दौरान हिंदू युवा संगठन उत्तर प्रदेश अ के प्रदेश संगठन मंत्री कमल दीक्षित, प्रदेश उपाध्यक्ष आनंद पटेल, प्रदेश उपाध्यक्ष रोहित शुक्ला, प्रदेश उपाध्यक्ष साहिल गर्ग, ब्लाक अध्यक्ष अतुल शर्मा शिवम रस्तोगी सहित तमाम लोग मौजूद रहे

# चतुर्थ नवरात्र पर्व पर शाकंभरी में उमड़ी श्रद्धालुओं की अपार भीड़

वाहनों की भीड़ के चलते शाकंभरी मार्ग पर बनी रही जाम की स्थिति

☛माता शाकंभरी के जयकारों से गुंजायमान रहा क्षेत्र



संस्कार उजाला संवाददाता

**बेहट।** चतुर्थ नवरात्र पर्व पर सिद्धपीठ श्री शाकंभरी देवी मंदिर पर श्रद्धा का सैलाब उमड़ पड़ा। श्रद्धालुओं के वाहनों की भीड़ के चलते मार्ग पर जाम की स्थिति बनी रही। मार्ग सुचारु करने के लिए पुलिस बल के काफी मशक्कत का सामना करना पड़ा। श्रद्धालुओं मैं लाइन में लगकर मां भगवती को प्रसाद चढ़ा और मनोकामना मांगी। रविवार को साप्ताहिक अवकाश एवं चतुर्थ नवरात्रि पर्व होने के चलते सिद्धपीठ श्री शाकंभरी देवी दर्शनों को श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ी। पार्किंग स्थल से लेकर ग्राम भागूवाला के निकट तक श्रद्धालुओं के वाहनों की भीड़ के चलते घंटो जाम लगा रहा। जिससे श्रद्धालुओं को भारी परेशानियों का भी सामना करना पड़ा। मार्ग सुचारु करने में पुलिस के पसीने छूटते नजर आए। मान्यता के अनुसार श्रद्धालुओं ने लाइन में लगकर प्रथम पूजा बाबा भुरादेव के दर्शन किए। जिसके बाद श्रद्धालु सिद्धपीठ पहुंचे और कई कई घंटे तक लाइन में लगने के बाद मां शाकंभरी को प्रसाद चढ़ाया। श्रद्धालुओं की लाइन लगभग एक किलोमीटर लंबी हो गई थी। लाइनों में लगे बच्चे एवं महिला श्रद्धालुओं को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ा लेकिन श्रद्धालुओं की आस्था नहीं डिग पाई और श्रद्धालुओं द्वारा लगाए गए जयकारों से समूचा क्षेत्र भक्ति रस में डूबा नजर आया। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए मेला क्षेत्र में भारी पुलिस बल तैनात रहा। मंदिर व्यवस्थापक राणा आदित्य प्रताप सिंह द्वारा भी मंदिर परिक्षेत्र में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मजबूत इंतजाम कराए गए हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वह शांति व्यवस्था बनाए रखते हुए मां भगवती के दर्शन कर धर्म लाभ उठाएं। चतुर्दशी पर्व तक चलने वाले इस मेले में लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान है।

# सड़को पर मौत बन कर वेखौफ वाहन दौड़ा रहे हैं नाबालिक ।

याता यात नियमो की खुलेआम धज्जियां उड़ा रहे है किशोर सबसे ज्यादा स्कूली बच्चे।




संस्कार उजाला

**सुरेन्द्र कुमार विश्वकर्मा**

तहसील प्रभारी रामपुर मनिहारान तहसील। बिना किसी भय के शहर में गांव देहात की सड़कों पर नाबालिक बच्चे बेखौफ होकर वाहनों को दौड़ा रहे हैं और यातायात के नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ा रहे हैं इनमें भी ज्यादातर स्कूली बच्चे हैं हालांकि इस पर शक्ति बरतने के लिए यातायात पुलिस चेकिंग भी करती है मगर फिर भी यह बच्चे बच कर निकल जाते हैं यातायात नियमों के मुताबिक 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को वाहन चलाना वर्जित है इसके बावजूद भी सड़कों पर बेखौफ होकर नाबालिक बच्चे वाहनों को दौड़ते हुए नजर आते हैं चाहे घरेलू काम हो या स्कूल जाना हो तो नाबालिक बच्चे खुद वाहन चला कर जाना पसंद करते हैं और उनकी पसंद वह मर्जी में उनके परिजनों की भी सहमति होती है। यातायात कानून के मुताबिक नाबालिक के द्वारा वाहन चलाते पकड़े जाने पर बच्चों के माता-पिता को सजा भी हो सकती है साथ ही भारी भरकम जुमार्ना भी अदा करना पड़ सकता है अगर इन सब की परवाह किए बिना ज्यादातर परिजन अपने बच्चों को खुशी-खुशी वाहन चलाने की इजाजत दे देते हैं। स्कूल समय में भी दिखते हैं ऐसे कैसे: स्कूल जाने के समय घर से निकलने में देरी पर यही नाबालिक अपने वाहनों को स्पीड में भी दौड़ते नजर आ जाएंगे सबसे ज्यादा नाबालिक बच्चे खुद वहांन चलकर स्कूल जाते हैं जिनमें स्कूटी से लेकर बुलेट तक पर बच्चों को आते देखा जा सकता है लेकिन ऐसे एक ने ही दो नहीं बल्कि कई छात्राएं भी जो खुद वाहन चलकर आती है अब ऐसे में सबसे ज्यादा जिम्मेदारी उनके परिजनों की होती है कि वह अपने नाबालिक बच्चों के हाथ में वहांन न दे स्कूटी एवं बाइक से स्कूल जा रहे नाबालिक वाहन चालकों की संख्या में लगातार हो रही है वृद्धि ज़िम्मेदारो की चुप्पी बर्बाद कर रही हैदेश का भविष्य: नाबालिकों के वाहन चलाने के कारण दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है की बगैर हेलमेट के तेज रफ्तार में बाइक चलाते सड़कों पर दिख रहे हैं लेकिन इन्हें रोकने वाला कोई नहीं है यह नाबालिक किसकी अनुमति से वाहन दौड़ा रहे हैं इस प्रश्न पर पुलिस परिवहन अधिकारी, यातायात विभाग सभी चुप्पी सादे हैं ट्रैफिक पुलिस को बच्चों के भविष्य की कोई चिंता नहीं है हादसों का सबक बन रहे हैं नाबालिक: विभिन्न इलाकों में नाबालिक छात्राएं स्कूटी व बाइक स्पीड से दौड़ा रहे हैंआगे चल रहे वाहनों को ओवरटेक कर रॉन्ग साइड में आ जाते हैं ऐसे में अपनी लाइन में चल रहे वाहनों से टकरा जाते हैं सड़कों पर आए दिन हादसे हो रहे हैं अधिकतर मामले तो थाने तक ही नहीं पहुंचते हालत यह है कि अभिभावकों ने 16 साल से काम के उम्र के बच्चों के हाथों में स्कूटी में बाइक धमा दिए हैं । वाहन स्वामी पर 25000 तक का जुमार्ना वह 3 वर्ष तक की कैद हो सकती है: किसी भी सार्वजनिक स्थान पर 16 वर्ष की उम्र से कम किशोर के माता-पिता पर 5000 का जुमार्ना वह 3 माह के कैद या किशोर मोटर यान अधिनियम के किसी भी प्रावधान का उल्लंघन करने पर ऐसी स्थिति में अपराध की गंभीरता बढ़ जाती है और वाहन स्वामी को 3 वर्ष तक कारावास व 25000 तक का जुमार्ना या दोनों से दंडित किया जा सकता है और साथ ही 25 वर्ष की उम्र से पहले वाहन लाइसेंस प्राप्त करने का अधिकार भी खो देगा और 12 माह की अवधि के लिए आरसीबी रद्द की जा सकती है ट्रांसपोर्ट व्हीकल के लिए न्यूनतम आयु सीमा 20 वर्ष है।

# अखिल भारतीय पत्रकार प्रेस क्लब क्लब द्वारा मथुरा में एक महत्वपूर्ण बैठक की गई




संस्कार उजाला सहारनपुर

**मथुरा** /अखिल भारतीय पत्रकार प्रेस क्लब द्वारा प्रेस क्लब की एक महत्वपूर्ण बैठक की गई । बैठक कर सभी नवनियुक्त पदाधिकारी के साथ मीटिंग कर नवनियुक्त जिला अध्यक्ष गोपाल ठाकुर को प्रदेश महामंत्री और प्रदेश उपाध्यक्ष की उपस्थिति में दिलाई गई शपथ इस बैठक में संगठन की मजबूती के अलावे सोशल मीडिया पर पत्रकारों के विरुद्ध बयानबाजी करने वाले कथित लोगो के मुद्दे पर विचार विमर्श किया गया। इस दौरान संगठन को सुचारू रूप से चलाने के लिए रोस्टर आधारित बैठक का शेड्यूल तैयार करने का निर्णय लिया गया। बैठक में पिछले दिनों से सोशल मीडिया पर मथुरा क्षेत्र के एक व्यक्तिओ द्वारा पत्रकारों के विरुद्ध की गई अपमानजनक बयानबाजी के मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए ऐसे लोगों को चिन्हित कर इनका बहिष्कार करने का निर्णय लिया गया। पत्रकारों को संगठन की सदस्यता दिलाई गई। वही पत्रकार हित से जुड़े कई अन्य मुद्दों पर भी विचार-विमर्श कर आवश्यक निर्णय लिया गया। जिसमें समस्त अखिल भारतीय पत्रकार प्रेस क्लब के पदाधिकारी मौजूद रहे जिसमें प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश शर्मा प्रदेश महामंत्री अजीत चौहान मथुरा जिला अध्यक्ष गोपाल ठाकुर बॉबी जादौन अमित शर्मा राजेश सोलंकी देव शर्मा योगेश मोहित अभिषेक कुणाल चौधरी बृजेश

# बस और ट्रक की टक्कर में नौ लोग घायल जिला अस्पताल रेफर



संस्कार उजाला

**खुटार शाहजहांपुर**

**खुटार।** रविवार सुबह 6 बजे के करीब खुटार पूरनपुर रोड पर लौहंगापुर जंगल में नेपालियों से भरी बस और रद्दी लेकर जा रहे कंटेनर में जोरदार टक्कर हो गई। जिससे बस और कंटेनर के चालकों के साथ ही बस में सवार करीब एक दर्जन से अधिक यात्री घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस के साथ ही पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया। जिसमें से एक को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। एक्सीडेंट की सूचना पर थाना अध्यक्ष मौके पर पहुंचे थे कोई जनहानि नहीं हुई है हालांकि विधिक कार्यवाही की जा रही है क्षेत्राधिकार पुवायां पंकज पंत,

# पारिवारिक कलह से तंग आकर विवाहिता ने चूमा फांसी का फंदा।

## मायका पक्ष व पुलिस बल मौके पर मौजूद

संस्कार उजाला

**सीतापुर राकेश पाण्डेय।** जिले के हरगांव थाना क्षेत्र अन्तर्गत एक गांव में पारिवारिक कलह से तंग आकर एक विवाहिता ने देर रात फांसी का फंदा चूमकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मृतका के ढाईं वर्ष की एक बच्ची भी है। सूचना पाकर मौके पर मायके पक्ष के साथ साथ हरगांव पुलिस बल भी मौजूद है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के थाना हरगांव क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम पंचायत कल्यानपुर के मजरा कली नामा निवासी मुरली की बाइस वर्षीय बहू शिल्पी पत्नी कौशल कुमार ने पारिवारिक कलह से तंग आकर शनिवार की देर रात कमरे के अन्दर कुंडे में साडी के फंदे से फांसी लगाकर जान दे दी। बताते हैं कि परिवार को घटना की जानकारी रविवार को सुबह हुई बजे हुयी तब घर में कोहराम मच गया। वैसे रात की घटना की जानकारी सुबह 10 :00 बजे होना अपने आप में सन्देह उत्पन्न करता है।ग्रामीणों ने तत्काल सूचना हरगांव पुलिस सहित मृतका के मायके पक्ष को दी। ग्रामीणों ने बताया कि मृतका शिल्पी का मायका कोतवाली गोलागोकर्णनाथ के अन्तर्गत ग्राम जमुनहां निवासी सियाराम के यहां थी।वह सियाराम की पुत्री थी। सूचना पाकर सियाराम परिजनों के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे।सियाराम ने हरगांव पुलिस को ससुराली जनों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की तहरीर भी दे दी है। बताते हैं कि शिल्पी की लगभग चार वर्ष पूर्व कौशल कुमार के साथ शादी हुई थी।मृतका के मायके पक्ष से सियाराम के अनुसार शादी के समय दिये गए दान दहेज से ससुराली पक्ष खुश नहीं थे और अतिरिक्त दहेज के रूप में लगातार पचास हजार रुपए की मांग की जा रही थी जिसकी सूचना शिल्पी के द्वारा दी जाती थी।ग्रामीणों ने बताया कि पति पत्नी में रविवार की रात भी मारपीट हुई थी।शायद इसी रोज रोज के झगड़ा फसाद से तंग आकर विवाहिता शिल्पी ने यह जानलेवा कदम उठाया है।सूचना पाकर मौके पर पहुंची हरगांव पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया। मायके पक्ष की तहरीर के आधार पर मु०अ०सं० 0450 पर बीएनएस 2023 की धारा 85, 80 (2) दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961 की धारा 3, 4 के तहत कौशल,दिनेश,कुलदीप पुत्र गण मुरली तथा मुरली पुत्र भगवान दीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दिया गया है।सभी ससुरालीजन मौके से फरार हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक अरविन्द कुमार पाण्डेय ने बताया कि मायके पक्ष से मिली तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# अमृत सिटी योजनान्तर्गत जीर्णोद्धार कराये गए सरोजनी वाटिका का मंत्री ने किया निरीक्षण।

संस्कार उजाला

**सीतापुर राकेश पाण्डेय।**

राज्यमंत्री संसदीय कार्य, चिकित्सा शिक्षा, चिकित्सा स्वास्थ्य, परिवार कल्याण तथा मातृ एवं शिशु कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश शासन/जनपद के प्रभारी मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह द्वारा अमृत सिटी योजना के अन्तर्गत जीर्णोद्धार कराये गये पार्क सरोजनी वाटिका का विधिवत निरीक्षण किया। वाटिका में प्रवेश करते ही मंत्री पार्क को देखकर आकर्षित हुये।साफ-सफाई उन्नत तरीकों से की गयी पेंड़ -पौधों की व्यवस्था,पार्क, ओपेन शेड,बच्चों की झूले, ओपेन जिमआदि व्यवस्थाएं रंगरोगन देखकर पार्क की सराहना मंत्री ने की। स्वच्छ भारत मिशन नगरीय के अन्तर्गत वहां चलाये जा रहे जनगारूकता अभियानों एवं आई०ई०सी०गतिविधियों की जानकारी लेते हुये अच्छे कार्यों की सराहना की, जिसके लिये अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका सीतापुर की सराहना करते हुये जनपद के अन्य पार्कों का सौन्दर्यीकरण करने के लिये प्रेरित किया। तदोपरान्त कान्हा गौशाला बट्सगंज वार्ड का निरीक्षण करते हुये साफ-सफाई, स्वच्छ पेयजल, भूसा, चोकर हराचारा, नमक, गुड़, हरी सब्जियां एवं दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता देखकर प्रशन्नता व्यक्त की। उन्होंने विधि विधान से गौपूजन का कार्यक्रम कर निराश्रित गौवंश को गुड़, केला खिलाकर गौमाता का सम्मान किया। मंत्री ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खैराबाद का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने लेबर





रूम,पी०एन० सी०वार्ड,इमरजेंसी वार्ड, आयुष्मान वार्ड, पैथालोजी कक्ष, एक्सरे रूम आदि का अवलोकन किया। उन्होंने लेबर रूम में पहुंच कर अब तक हुये प्रसव की जानकारी ली।पी०एन०सी० वार्ड में मरीजों से वार्ता करते हुये दिये जाने वाले पोषक आहार की भी जानकारी मंत्री ने ली। साथ ही निर्देशित किया कि वार्ड में जो गद्दे खराब स्थिति में हैं,उसको तत्काल बदला जाये।मंत्री ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत कन्या जन्मोत्सव में तेइस नवजात शिशुओं के साथ केक काटकर उनका जन्मोत्सव मनाया तथा शिशुओं को तिलक लगाते हुये बेबी किट,पोषण डलिया भी वितरित की। साथ ही सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के परिसर में वृक्षारोपण भी मंत्री ने किया। जिला पंचायत राज विभाग द्वारा निर्मित बी०सी०एम० डामर रोड से होमगार्ड आफिस तक नाला निर्माण के कार्यों का निरीक्षण मंत्री ने किया। जिला नगरीय विकास अभिकरण डूडा सीतापुर 2024-25 नगर पंचायत परिसर मोहल्ला हुसैननगर,बुद्धनगर में संदीप श्रीवास्तव के मकान से बुद्धेश्वर मन्दिर तक करायी इंटरलाकिंग सड़क व नाली निर्माण के कार्यों का भी निरीक्षण किया अमृत कार्यक्रम पेयजल के अन्तर्गत सीतापुर पुनर्गठन पेयजल योजना के अन्तर्गत मोहल्ला अहाता कप्तान, खूबपुर सीतापुर में का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं।मंत्री ने कहा कि जो भी जनपद वासी इस योजना से आच्छादित नहीं हुये हैं,उनको जल्द से जल्द इस योजना के तहत अच्छादित किया जायेगा। निरीक्षण के दौरान कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही,मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा०हरपाल सिंह जिला विकास अधिकारी हरिश्चन्द्रप्रजापति,अधिशाषी अधिकारी सीतापुर नगर पालिका परिषद वैभव त्रिपाठी,अधिशाषी अभियन्ता नगरीय जल अफजल खॉ,जे०ई०डूडा पियूष मिश्रा,जिला पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि शिव सागर गुप्ता, सीतापुर नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मुनीन्द्र अवस्थी,नगर पालिका अध्यक्ष खैराबाद के प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त डायरी

### राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षकों को अनमोल रत्न से किया गया सम्मानित।

संस्कार उजाला



**लखीमपुर खीरी।** मिशन शिक्षण संवाद के तत्वावधान में डायट खीरी में शैक्षिक उन्नयन संगोष्ठी एवम शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। गोष्ठी में जनपद के सभी विकासखंडों में शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरीन कार्य करने वाले 90 शिक्षकों को शिक्षा रत्न सम्मान, जनपद के सभी राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षकों को अनमोल रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही जनपद से राज्य स्तरीय पुरस्कार विजेता शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार तिवारी ने पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय के इं.प्रधानाध्यापक रूप सिंह यादव को सम्मानित किया एवं विद्यालय की प्रशंसा करते हुए सम्मानित किए गए सभी शिक्षकों से शिक्षा में नवाचार और परिणामदायी प्रयास लगातार करते रहने का आह्वान किया,जिससे शिक्षा में गुणवत्ता बनी रहे और जनपद के निपुण अभियान को गति मिले। मिशन शिक्षण संवाद के जनपद लखीमपुर के एडमिन वैभव पांडेय ने मिशन शिक्षण संवाद द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों पर विस्तृत चर्चा की।मिशन के जनपदीय पदाधिकारियों दुर्गेश नंदन त्रिपाठी,अभिषेक वाजपेई,निशी सिंह,विवेक शर्मा, नेहा जी आदि ने टीम के सदस्यों के परिचय और उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों से सभी को अवगत कराया। इस अवसर पर राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षकों ओमप्रकाश, वीरेंद्र शुक्ला, आदित्या कुमारी,पंकज वर्मा और एसआरजी पूनम सिंह तोमर,अनुपमा मिश्रा ने भी मिशन द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए,सभी सम्मानित शिक्षकों को बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन मिशन टीम के सदस्यों शोभना सोलोमन और तारकेश्वर राय ने किया।

### घर में सो रही बच्ची को उठा ले गया भेड़िया सुबह नदी में उतराता मिला बच्ची का शव।

संस्कार उजाला

**लखीमपुर खीरी।** इन दिनों जंगली जानवरों का खौफ ग्रामीणों को भयभीत किए है। लिहाजा आलम यह है की ग्रामीणों को अपनी रातें घर की रखवाली हेतु जागकर काटनी पड़ रही है। बताते चलें की पढ़ुआ थाना क्षेत्र के एक गांव में हिंसक जंगली जानवर द्वारा घर में सो रही एक मासूम बच्ची को उठा ले जाने का मामला प्रकाश में आया है। ज्ञात हो कि शनिवार को गांव कुतैहा हैदर की तीन वर्षीय पुत्री रिजा बनो मां सरमीन जहां के साथ चारपाई पर सो रही थी। घर में दरवाजे लगे थे। कमरे के दरवाजे खुला थे। रात करीब तीन बजे भेड़िया घर में घुस कर मां के साथ सो रही रिजा बानो को उठा कर भाग निकला। सुबह घाघरा नदी में लोगों ने रिजा का शव उतराता देखा। गांव वालों का कहना है कि उन्होंने बच्ची को उठाकर भागते हुए भेड़िए को देखा था। उनका यह भी कहना है की गांव में एक नहीं, बल्कि दो भेड़िया घुसे थे वहीं वन विभाग भेड़िए की मौजूदगी की बात अभी स्वीकार नहीं कर रहा है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार दुधवा के निदेशक ललित वर्मा का कहना है कि जिस क्षेत्र में घटना हुई है, वहां भेड़िए की मौजूदगी नहीं पाई गई है। इस वजह से यह नहीं कहा जा सकता कि हमलावर जानवर भेड़िया है। उनका अनुमान है कि जानवर तेंदुआ हो सकता है।

### तेंदुए ने एक झपट्टे में बच्चे को उठाया और पेड़ पर चढ़ गया, बेबस पिता बेटे की मौत का मंजर देखता रहा।

संस्कार उजाला

**लखीमपुर खीरी।** जनपद में इन दिनों हिंसक जंगली जानवरों का खौफ इतना है की लोग अपने घरों पर भी खुद को सुरक्षित नही महसूस कर रहे है। जंगली जानवरों को जंगल से ज्यादा गन्ने का खेत व गांव अब भाने लगे है। अधिकारियों की माने तो उनका कहना है की बाढ़ की वजह से जंगल में पानी भर गया जिससे जंगली जानवर आबादी की तरफ रुख कर निकल आए है। जिसके चलते हिंसक जंगली जानवरों द्वारा आए दिन घटनाएं बढ़ती जा रही है। शनिवार शाम को दक्षिण खीरी वन रेंज व सदर कोतवाली क्षेत्र के गंगाबेहड़ गांव निवासी 11 वर्षीय बालक छोटू अपने पिता मुन्नर अली के साथ खेत पर काम करने के लिए गया था। खेत में शिकार की तलाश में घात लगाए बैठे तेंदुए ने झपट्टा मारा और एक ही पल में बच्चे को खदेड़ते हुए पेड़ पर चढ़ गया। यह पूरा मंजर एक बेबस पिता अपनी आंखों से देख रहा था और अपनी तरफ से बच्चे को बचाने के लिए हर जतन किए जा रहा था मगर उसके बावजूद भी तेंदुआ बच्चे को खदेड़ते हुए पेड़ पर चढ़ गया। बेबस पिता की चीख पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और किसी तरह तेंदुए को वहां से भगाया मगर तब तक बच्चे की मौत हो चुकी थी। ग्रामीणों ने इसकी सूचना वनविभाग को दी तो मौके पर पहुंची वनविभाग की टीम ने कांबिंग शुरू की मगर तेंदुए को तलाशने में नाकामयाब रही। फिलहाल वनविभाग द्वारा ग्रामीणों को आगाह करते खेतों की तरफ जाने के लिए मना किया गया है।

### एथलेटिक प्रतियोगिता में राजा राजेश्वर सिंह नें खिलाड़ियो के लिए बताई भारत सरकार की योजनाएं।

संस्कार उजाला



**निघासन खीरी।** बम्हनपुर के रामाधीन इंटर कालेज में आयोजित 73 वीं तहसील स्तरीय स्पोर्ट्स फार स्कूल एथलेटिक प्रतियोगिता के समापन सत्र में मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश संयोजक व वरिष्ठ नेता राजा राज राजेश्वर सिंह ने पुरस्कार वितरण के दौरान केंद्र सरकार की स्पोर्ट्स अथारटी आफ इंडिया (रजक) द्वारा खिलाड़ियों के चयन व प्रतिभा विकसित करने हेतु संचालित विभिन्न योजनाओं का जिक्र किया। राजा साहब ने सरकार द्वारा चलाई जा रही खेलो इंडिया , फिट इंडिया, राष्ट्रीय खेल प्रतिभा प्रतियोगिता , एस.ए.जी, ओलम्पिक पोडियम योजना आदि योजनाओं के बारे में बताया व उपस्थित विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों से अनुरोध किया कि छात्रों को इन योजनाओं से अवगत करायें जिससे वे लाभान्वित हों एवं अपने कौशल को ठीक प्रकार से विकसित कर सकें। जनपद खीरी की लगभग 25 विद्यालयों की टीमों ने इस दो दिवसीय प्रतियोगिता में सहभागिता की । विशिष्ट अतिथि भाजपा जिला महामंत्री आशु मिश्रा ने आये खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। विद्यालय के प्रबंधक विजय कुमार जायसवाल व प्रधानाचार्य राज बहादुर राम ने आये अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में पू. जिला पंचायत सदस्य नन्हे, उप प्रधानाचार्य सतेन्द्र कुमार, कार्यक्रम सहयोगी रमाकांत दीक्षित , शारीरिक शिक्षक मों अफजल , प्रेमचंद्र यादव व अन्य आचार्यगण व भारी संख्या में छात्रगण उपस्थिति थे।

# समस्या समाधान नहीं होने पर मौदह अक्टूबर 2024 को मुख्य मंत्री कार्यालय तक किया जाएगा पैदल मार्म।

## जिले के समाज कल्याण विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर भारतीय मजदूर किसान वेलफेयर एसोसिएशन के जिम्मेदारों ने सौंपा ज्ञापन।

संस्कार उजाला

**सीतापुर राकेश पाण्डेय।**



जिले के समाज कल्याण विभाग में व्याप्त भृष्टाचार को लेकर पीड़ितों को साथ लेकर पीड़ितों की समस्या समाधान के लिए भारतीय मजदूर किसान वेलफेयर एसोसिएशन ने राष्ट्रपति,प्रधानमंत्री राज्य पाल,मुख्यमंत्री उ.प्र. मुख्य सचिव,गृहमंत्री,वित्त मंत्री, राज्य मंत्री,समाज कल्याण विभाग,पुलिस महानिदेशक, आयुक्त राजस्व मंडलायुक्त मुख्य विकास अधिकारी, पुलिस अधीक्षक, एवं जिला अधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा। समाज कल्याण विभाग सीतापुर में गरीब मजदूर किसानों व विधवाओं से राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ व अत्याचार उत्पीड़न योजना में हजारों रुपए पीड़ितों से वसूल किए जाते है। उक्त विभाग में कई कर्मचारी वर्षों से कार्यरत है, जिनका आज तक स्थानान्तरण नहीं किया गया और ये लोग दलालों से सम्पर्क बनाकर उनसे उक्त योजनाओं में वसूली का कार्य करवाते है।वहीं समाज कल्याण अधिकारी द्वारा स्वयं प्राइवेट कम्प्यूटर संचालकों से उक्त योजनाओं की सूचियां तैयार कराई जाती है।ये कंप्यूटर संचालक सूचियों की पीडी एफ बनाकर दलालों में वितरण करते है व स्वयं भी वसूली का कार्य करते है। इन्हें समाज कल्याण अधिकारी व कर्मचारियों का पूर्ण संरक्षण मिला हुआ है।पारिवारिक लाभ के हजारों आवेदन लंबित है जिन पर कोई विचार नहीं किया जा रहा है।हत्या के मामलों दुर्घटना एवं एससी एसटी के अन्तर्गत विभाग द्वारा पीड़ितों से भारी भरकम रकम लेकर दोहरा लाभ प्राप्त करवाया जा रहा है वृद्धा पेंशन में भी गरीबों का शोषण किया जा रहा है। इस सम्बन्ध में पूर्व में प्रेषित कई ज्ञापन व पत्रों को संज्ञान में लेकर उच्च अधिकारियों को जिला मजिस्ट्रेट के पत्रांक संख्या बीस-सी०एफ०-ज्ञापन(2024)/न्या०सा०दिनांक 25 जून 2024,कार्यालय जिला मजिस्ट्रेट सीतापुर के पत्रांक बीस-सी०एफ०-ज्ञापन(2024)/न्या०सा० दिनांक 23 अगस्त 2024,कार्यालय जिला मजिस्ट्रेट के पत्रांक संख्या बीस-सी.एफ.ज्ञापन (2024)/न्या०स०दिनांक 18 सितंबर 2024कार्यालय जिला मजिस्ट्रेट के पत्रांक संख्या बीस-सी.एफ.ज्ञापन (2024)/न्या०स०दिनांक 25 सितम्बर 2024के द्वारा उच्च अधिकारियों को प्रेषित की गई। व एक एक प्रति जिलाधिकारी को व्यक्तिगत रूप से मिलकर दी गई। तथा जिला समाज कल्याण अधिकारी को दिनांक 26 जून 2024,तेइस अगस्त 2024 व अठारह सितंबर 2024 को प्रेषित की गई। अफसोस इस बात का है कि इतने पत्राचार के बावजूद अभी तक न तो जांच हेतु कमेटी का गठन किया गया है और न ही कोई कार्यवाही की गई है और न ही विभाग द्वारा कार्यवाही की कोई सूचना ही एसोसिशन को प्राप्त करवाई गई। कमेटी के जिम्मेदारों ने कहा कि यदि पीड़ितों को न्याय न मिला तो सैकड़ों पीड़ितों के साथ चौदह अक्टूबर 2024 को मुख्य मंत्री कार्यालय तक पैदल मार्च किया जाएगा। जिसमें किसी भी स्थिति के लिए केवल और केवल जिला प्रशासन जिम्मेदार होगा। इस मौके पर एशोसियेशन के अध्यक्ष/संस्थापक जागेश्वर वर्मा,राजा टोडर मल स्मारक समिति राजस्व सुरक्षा सेवा दल राष्ट्रीय संस्थापक अध्यक्ष संजय पुरी,राजा टोडरमल स्मारक समिति ,एड0/जिलाध्यक्ष शिवनाथ मिश्र,जिलाध्यक्ष सन्तोष कुमार राव,जिला महासचिव एड०अरुण कुमार राज,जिला सचिव कौशल रावत,सर्वेश पाण्डेय रामकिशोर कनौजिया तहसील महोली अध्यक्ष माखनलाल,एस के तूफानी अखिलेश गौतम नीरज अवस्थी,मैकूलाल रामरतन भीमराव राकेश प्रेम मनीष लाला नीरज एड०वीरेन्द्र विक्रम सिंह,सूरज चौधरी राम रानी सावित्री श्याम कली,रामश्री,सुनीता देवी, कमला देवी रामप्यारी जग देई,जितेन्द्र कुमार,सर्वेश कुमार गौतम सहित सैकड़ों उपस्थित रहे।

# मिशन शक्ति फेज ५ के तहत महिलाओं/बालिकाओ को बताये अधिकार, किया जागरुक

संस्कार उजाला

**सीतापुर राकेश पाण्डेय।**



उत्तर प्रदेश शासन की मंशानुसार प्रदेश में चलाये जा रहे मिशन शक्ति फेज-5 के तहत छः अक्टूबर 2024 को पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र के निर्देशन में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु विशेष अभियान मिशन शक्ति फेज-5 के क्रम में थाना सकरन टीम ने ग्राम अंबाई व ग्राम सोहरिया, थाना हरगांव टीम ने ग्राम नेवादा तथा ग्राम निगोहा, थाना बिसवां टीम ने मंसा राम मंदिर, थाना मछरेहटा टीम ने ग्राम गुलरहिया, थाना सदरपुर पुलिस टीम ने ग्राम नई बस्ती मजरा बेहटी एवं जनपद के अन्य समस्त थानों के महिला सुरक्षा दल/मिशन शक्ति पुलिस टीमों द्वारा अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्रामों/ कस्बो / मोहल्लों /विद्यालयों/ कोचिंग संस्थानों आदि में पुलिस की पाठ शाला/चौपाल आदि लगाकर महिलाओं बालिकाओं एवं किशोरों को जागरूक करने का काम किया गया। पुलिस के इस प्रयास के क्रम में महिलाओं/बच्चों/छात्राओं को उनकी सुरक्षा सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु सम्बन्धित समस्याओं एवं मुद्दों पर समझ बनाना व घरेलू हिंसा से संरक्षण, दहेज प्रतिषेध,कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण, पॉक्सो,बाल विवाह प्रतिषेध व महिलाओं की गरिमा के विरुद्ध प्रमुख अपराधों की जानकारी दी गई। साथ ही महिला हिंसा से सम्बन्धित अन्य शिकायतों के निवारण हेतु वीमेन पावर लाइन 1090,पुलिस आपात कालीन सेवा112,मुख्य मंत्री हेल्पलाइन नंबर1076, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098,वन स्टापसेन्टर181, साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930,स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन नंबर 102,एम्बुलेन्स सेवा108,जनसुनवाई पोर्टल स्थानीय थाने की हेल्प डेस्क राष्ट्रीय/राज्य महिला आयोग के सम्बन्ध में जानकारी देकर जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है।

# खीरी पीलीभीत सहकारी गन्ना समिति चुनाव संतोष तिवारी उर्फ राजू सहित 11डेलीगेट विजयी।

संस्कार उजाला



**लखीमपुर खीरी।** खीरी पीलीभीत सहकारी गन्ना समिति का चुनाव बड़े ही शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। थाना अध्यक्ष निराला तिवारी के कड़ी मेहनत और मशक्कत के बाद चुनाव हुआ संपन्न। चुनाव में श्रीनगर के 130 वोट, विचित्र नगर 56, लगदहन 143, परसपुर 254, बिशेनपुर 198, सुमेर नगर 236, कमलापुरी 188, गोविंद नगर 269, मझरा पश्चिम 40, गांधीनगर 111, बेलहा 107 वोट पड़े। टोटल 2994 में से 1762 वोट पड़े। परसपुर मदनपुर पतेड से संतोष कुमार तिवारी विजय हुए। मझरा पश्चिम से हजारा सिंह और दाता राम विजय हुए। विचित्र नगर से मोहम्मद हंसार विजय हुए। गोविंद नगर से युसूफ और रामाश्रय विजय हुए। गांधीनगर से प्रदीप कुमार शुक्ला और पदम सिंह चौधरी विजय हुए। श्रीनगर से कौशल्या देवी और बृजभान यादव विजय हुए। बेलहा से अशोक कुमार और नजमुद्दीन विजई हुए। लगदहन से अमर सिंह और रामनरेश विजय हुए। कमलापुर से रामसूरत और शारदानंद विजई हुए। सुमेर नगर से सरवन और अकलाक विजई हुए। बिशेन नपुरी से अभिमन्यु और राम सिंह विजय हुए।

# बेरोजगारी के खिलाफ रोजगार के लिए सम्पन्न हुई बेरोजगार संवाद यात्रा।

संस्कार उजाला

**सीतापुर राकेश पाण्डेय।**



रोजगार अधिकार अभियान के अन्तर्गत बेरोजगारी के खिलाफ रोजगार के लिए बेरोजगार संवाद यात्रा की तैयारी बैठक बिसवाँ के एक निजी मैरिज हाल में सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित डॉ०बृज बिहारी ने जनपद के युवाओं की रोजगार की स्थिति को बहुत ही दयनीय स्थिति में देखते हुए चिन्ता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि नौजवानों के उज्जवल भविष्य के लिए उनके हाथों में रोजगार अवश्य होना चाहिए। यात्रा के संयोजक रिजवान अहमद ने बताया कि पन्द्रह अक्टूबर से लेकर चौदह नवंबर तक बेरोजगार पंजीकरण अभियान चलाया जाएगा। उसके पश्चात प्रत्येक विधानसभा स्तर पर बेरोजगारों से संवाद कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। बेरोजगार संवाद यात्रा के सह संयोजक शुभम रस्तोगी ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को उनकी योग्यता के अनुसार रोजगार उपलब्ध कराना है। इस बैठक में शेख अफजाल हुसैन,अल्लन इदरीसी,गोविंद सिंह,विवेक जायसवाल,मान सिंह, अब्दुल्ला,मकसूद आजाद आदि लोग उपस्थित रहे।

# गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा देने के संकल्प साथ-साथ विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की,की कामना



संस्कार उजाला

**सीतापुर राकेश पाण्डेय।**

रेनू महेश सेवा संस्थान (शिक्षा संकाय) की प्राचार्या डॉ रचना मिश्र व संस्थान परिवार के कुशल प्रयासों से बी.एड की शत प्रतिशत सीटें भरकर सीतापुर में अपना परचम लहराया। ग्यारह अगस्त 2023 के सर्वोच्च न्यायालय के फैसले के बाद बी.एड डिग्री धारको को प्राथमिक विद्यालयों मे शिक्षक बनने पर रोक लगा दी थी ' जिस कारण से पिछले सत्र से बी.एड कॉलेज में प्रवेश लेने के लिए छात्रों का रुझान कम हो गया जिससे बी.एड कॉलेजो को सीटें भरना मुश्किल हो गया। इन विषम परिस्थितियों में भी रेनू महेश सेवा संस्थान सीतापुर ने सत्र 2024-25 के लिए शत प्रतिशत सीटें भर करके दिखा दिया कि यदि कड़ी मेहनत और लगन से काम किया जाय तो कोई भी काम कठिन नहीं होता।

# ताड़क नाथ मन्दिर पर कल होगा जागरण

संस्कार उजाला

**सीतापुर राकेश पाण्डेय।** जिला मुख्यालय के मोहल्ला तरीनपुर स्थित बाबा श्रीताड़कनाथ मन्दिर पर आगामी आठ अक्टूबर 2024 दिन मंगलवार को एक भव्य एवं विशाल देवी जागरण का आयोजन किया गया है। इस आशय की जानकारी देते हुए मन्दिर के प्रधान पुजारी बाबा राम दुलारे दास ने बताया कि रात्रि आठ बजे से प्रारम्भ होकर श्रीदेवी जागरण मां की इच्छा तक चलेगा। इस दौरान मयूर जागरण पार्टी के कलाकारों द्वारा देवी मां की भेंट प्रस्तुत की जाएंगी,एवं जीवंत झांकी का भी मंचन किया जाएगा। उन्होंने सभी भक्तजनों से अपील की है कि वह इस देवी जागरण में पधार कर पुण्य लाभ के भागी बनें।

# कवि से कुशल क्षेम पूंछने वालों का सिलसिला जारी।

संस्कार उजाला

**सीतापुर राकेश पाण्डेय।**



जिले की तहसील बिसवां क्षेत्र के रामाभारी गांव निवासी ख्याति लब्ध कवि साहित्य भूषण कमलेश मौर्य मृदु की कुशल क्षेम पूछने वालों का सिलसिला जारी है। हृदयाघात के संबंध में जब भी जिसे जानकारी मिलती है वह उनसे मिलकर हाल चाल जानने के साथ ही शीघ्र स्वस्थ होने व दीर्घायु होने की शुभकामनाएं देता है। कुशलक्षेम पूछने वालों में प्रमुख रूप से राष्ट्रीय कवि संगम के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदीश मित्तल दिल्ली, संस्कार भारती के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष सुभाष चन्द्र अग्रवाल,संस्कार भारती के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बांके लाल गौड़,संगठन मंत्री विजय,पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र प्रमुख देवेन्द्र त्रिपाठी,राष्ट्रीय कवि संगम के अवध प्रांत संरक्षक विक्रम सोनी अधिवक्ता अटार्नी जनरल उत्तर प्रदेश सरकार, उत्तर प्रदेश राज्य सूचना आयुक्त स्वतंत्र कुमार गुप्ता,कला कुंज भारती के संपादक पद्मकांत शर्मा प्रभात, कवियत्री शशि श्रेया,पं विजयलक्ष्मी,नयना नाज पांडे,श्रीमती संध्या त्रिपाठी, कु० ख्याति शिल्पी मौर्या, ओज कवि ओम वर्मा ओम, डा अंबरीष अंबर,निर्भय प्रताप सिंह निश्छल,अमित चौहान,गोबर गणेश,डा दिनेश चंद्र अवस्थी,आर के वर्मा वत्सल,संतोष मौर्य, राजाराम यादव, राजाराम मौर्य,श्रीमती अनीता मौर्या, प्रमोद कुमार मौर्य,कवि प्रमोद द्विवेदी,हर गोविन्द यादव,अवधी हरि,अशोक झंझटी,श्रीमती कनक वर्मा, श्रीमती लक्ष्मीरस्तोगी,अरुण वर्मा गंवार,राज्य शिक्षक सम्मान से सम्मानित आर के सिंह,पूर्व कन्ट्रोलर पूर्वोत्तर रेलवे एच के मौर्य, व शिव नाथ मौर्य आदि प्रमुख हैं। ज्ञातव्य है कि साहित्य भूषण कवि मृदु को गत दिनों हृदयाघात हुआ था। इलाज के दौरान केजीएमयू के लारी अस्पताल में स्टेंट पड़ने के पश्चात से वह अली गंज लखनऊ आवास पर स्वास्थ्य लाभ कर रहे हैं।

## संक्षिप्त डायरी

### ठगी व जबरन वसूली करने वाले वांछित अभियुक्त पर पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा 25 हजार रुपये का इनाम किया गया घोषित ।

**अभियुक्त पर आधा दर्जन से अधिक मुकदमें हैं पंजीकृत**

संस्कार उजाला ब्यूरो बांदा

पुलिस अधीक्षक बांदा अंकुर अग्रवाल द्वारा वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 22.09.2024 को ठगी व जबरन वसूली करने के मामले में वांछित अभियुक्त पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है । गौरतलब हो कि दिनांक 22.09.2024 को थाना बदौसा क्षेत्र अन्तर्गत गर्गपुर के रहने वाले वीरेन्द्र शुक्ला पुत्र मनमोहन गर्ग ने थाना अतर्रा क्षेत्र अन्तर्गत चांदनपुरवा महोतरा के रहने वाले विश्वास वर्मा से 05 लाख 50 हजार रुपये की ठगी कर ली, जब उन्होने पैसे वापस मांगे तो वीरेन्द्र शुक्ला धमकी देने लगा । इस संबंध में प्राप्त तहरीर पर थाना कालिंजर में मु0अ0सं0 158/2024 अन्तर्गत धारा 308(6)/351(2)/ इठर पंजीकृत किया गया था । पुलिस द्वारा अभियुक्त किए जल्द गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा अभियुक्त वीरेन्द्र शुक्ला पुत्र मनमोहन गर्ग नि0 गर्गपुर थाना बदौसा जनपद बांदा पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया है । वांछित अभियुक्त की सूचना जो भी व्यक्ति देगा उसे इनाम दिया जायेगा साथ ही सूचना देने वाले की जानकारी गोपनीय रखी जायेगी । सभी से निवेदन है कि *वांछित अभियुक्त के कहीं भी दिखने/सूचना मिलने पर इसकी सूचना मोबाइल नम्बर- 9454400257, 9454401029, 9454401352, 9454403040 पर दें आपराधिक इतिहास अभियुक्त वीरेन्द्र शुक्ला उपरोक्त-

1.मु0अ0सं0 196/23 धारा 406/420/504/506 भादवि थाना अतर्रा जनपद बांदा

2.मु0अ0सं0 160/22 धारा 354/452/506 भादवि थाना बदौसा जनपद बांदा

3.मु0अ0सं0 24/11 धारा 110G सीआरपीसी थाना बदौसा जनपद बांदा

4.मु0अ0सं0 177/10 धारा 323/336/504/506 भादवि थाना बदौसा जनपद बांदा

5.मु0अ0सं0 02/07 धारा 324/504 भादवि व 3/5 पशु क्रूरता अधिनियम थाना बबेरु जनपद बांदा

6.मु0अ0सं0 158/2024 अन्तर्गत धारा 308(6)/351(2)/ BNS थाना कालिंजर जनपद बांदा

### चंद्रमोहन साहू बने शिक्षक संघ जसपुरा के अध्यक्ष



संस्कार उजाला ब्यूरो बांदा

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ शाखा इकाई जसपुरा के ब्लॉक अध्यक्ष राजबीर सिंह का त्यागपत्र जिला कार्यसमिति द्वारा शिक्षक तथा संगठन हित में स्वीकार कर लिया गया है, उक्त के क्रम में ब्लॉक के निर्वाचित वरिष्ठ उपाध्यक्ष चन्द्रमोहन साहू ब्लॉक इकाई जसपुरा का नवीन निर्वाचन होने तक ब्लॉक अध्यक्ष के दायित्व, अधिकार एवं कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए ब्लॉक मंत्री छोटे बाबू प्रजापति तथा ब्लॉक कोषाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद पाल के साथ मिलकर ब्लॉक जसपुरा के शिक्षकों की समस्याओं का यथा संभव निराकरण का प्रयाश करते हुए संगठन के निदेर्शानुसार कार्य करना सुनश्चित करेंगे। संगठन के उक्त पदाधिकारी ही विभागीय बैठकों, वार्ता में प्रतिभाग करने तथा संगठन के लेटर पैड का प्रयोग करने हेतु अधिकृत होंगे ।

### टी०डी०/ डी०पी०टी० का स्कूल आधारित टीकाकरण अभियान डा० अनिल कुमार श्रीवास्तव मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा अपील की गई



संस्कार उजाला

मैं डा० अनिल कुमार श्रीवास्तव मुख्य चिकित्सा अधिकारी, बांदा जनता से अपील करता हूं कि वे स्कूलों में पढने वाले कक्षा 1 के बच्चों को डी०पी०टी०-2 बूस्टर से छूटा हुआ टीका डी०पी०टी० अवश्य लगवायें। डी०पी०टी० का एक टीका लगाया जाता है जो कि तीन बीमारी से बचाव करता है, कालीखांसी, गलाघोंटू टिटनेस। इसी प्रकार कक्षा 5 व 10 में पढने वाले बच्चों को टी०डी० के टीके से छूटे हुये बच्चों को टी०डी० का टीका अवश्य लगवायें। टी०डी० का एक टीका लगाया जाता है जो दो बीमारी से बचाव करता है, गलाघोंटू टिटनेस। माह जुलाई से अक्टूबर तक इन बीमारियों के फैलने की ज्यादा सम्भावना रहती है। आप सभी जनपद वासियों से अपील है कि उपरोक्त टीको से छूटे अपने बच्चों का टीकाकरण कराकर उपरोक्त बीमारियों से बचाव कर कूलों में जाने वाली हमारी स्वास्थ्य टीमों का सहयोग करें । जनपद में टी०डी०/ डी०पी०टी० का स्कूल आधारित टीकाकरण अभियान दिनांक 26.09.2024 से प्रारम्भ हो चुका है। यह अभियान दिनांक 26, 27 एवं 30 सितम्बर एवं 01, 04 एवं 07 अक्टूबर 2024 को चलाया जाना है। जिसमें जनपद के सभी राजकीय एवं निजी स्कूलों में अध्ययनरत कक्षा 1 के बच्चों को डी०पी०टी०-2 बूस्टर से छूटे, कक्षा 5 व कक्षा 10 के बच्चों को टी०डी० टीकाकरण छूटे बच्चों का टीकाकरण स्कूलों में किया जाना है। अब तक जनपद के 1475 स्कूलों में टीकाकरण किया गया जिसमें 29392 बच्चों का टीकाकरण हुआ है। दिनांक-07 व 08 अक्टूबर 2024 को सभी छूटे हुये स्कूलों में टीकाकरण से छूटें बच्चों का टीकाकरण कराया जायेगा ।

### जनपदीय कानून/सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा के निर्देशन में समस्त थाना प्रभारी/थानाध्यक्षों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र अंतर्गत पैदल गस्त एवं संदिग्ध व्यक्ति/ वाहन चेकिंग की गयी ।





संस्कार उजाला

जनपद की कानून व्यवस्था/ सुरक्षा व्यवस्था को प्रभावी तथा सुदृढ़ बनाए रखने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार के निर्देशन में आज दिनांक 06.10.2024 को जनपद के समस्त थानाध्यक्ष/ थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र में पुलिस बल के साथ आबादी वाले क्षेत्रों, चौराहों, बाजारों एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त एवं संदिग्ध व्यक्ति/ वाहन चेकिंग करते हुए आम लोगों से संवाद किया गया एवं उनको सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया गया ।

## शासन द्वारा महिला सुरक्षा एवं सशक्तीकरण हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति- 5.ड अभियान के क्रम में चलाया गया विशेष जागरुकता अभियान

**मिशन शक्ति टीम द्वारा दुर्गा पंडालों, मन्दिरों, बाजारों में गाँवों में जाकर बालिकाओं/महिलाओं को किया गया जागरुक**





संस्कार उजाला ब्यूरो बांदा

मा0 मुख्यमंत्री उ0प्र0 शासन योगी आदित्यनाथ द्वारा महिला सुरक्षा एवं सशक्तीकरण हेतु चलाए जा रहे मिशन शक्ति- 5.ड अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक बांदा अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में जनपद बांदा में सघन जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है इसी क्रम में आज दिनांक 06.10.2024 को थाना कोतवाली देहात की मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम डाडिन पुरवा में महिलाओं एवं बालिकाओं को एकत्रित कर जागरुक किया गया वहीं थाना मटौंध की मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम मोहनपुरवा पंचायत भवन में बालिकाओं एवं महिलाओं को एकत्रित कर जागरुक किया गया । थाना जसपुरा की मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम झंझरीपुरवा तो थाना अतर्रा की मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम मुरलिया पुरवा में जागरुकता अभियान चलाया गया । कार्यक्रम में बालिकाओं को शासन द्वारा उनकी सुरक्षा एवं सशक्तीकरण हेतु चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं तथा कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी जा रही है । बालिकाओं/महिलाओं को मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076, वीमेन हेल्पलाइन-1090, चाइल्ड केयर हेल्पलाइन, आपातकालीन पुलिस सेवा- डायल यूपी 112 जैसी महत्वपूर्ण सेवाओं के बारे में जानकारी दी गई । इस दौरान बालिकाओं को महिला अपराधों के साथ-साथ मुख्य रुप से साइबर अपराध के तरीकों तथा उनसे बचाव के उपायों के बारे में जानकारी दी गई । छात्राओं को बताया गया कि वर्तमान में साइबर अपराध के मामले काफी तेजी से बढ़ रहे हैं ऐसे में इन अपराधों के तरीकों के बारे में जागरुकता एवं बचाव सबसे महत्वपूर्ण है । बालिकाओं को बताया गया कि सोशल मीडिया पर व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें साथ ही किसी अनजान वीडियो कॉल के न रिसीव करें । सोशल मीडिया एकाउंट्स पर टू-स्टेप वेरिफिकेशन अवश्य ऑन रखें । साथ ही बालिकाओं को उनकी सुरक्षा एवं सशक्तीकरण हेतु चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं एवं हेल्पलाइन नम्बरों के बारे में जानकारी दी गई ।

## बाँदा रोटी बैंक सोसाइटी बांदा द्वारा ग्राम चिल्ली में गरीब बच्चो एवं वृद्ध लोगो को भी बृहद कपड़ो का वितरण किया गया





संस्कार उजाला ब्यूरो बांदा

रविवार को जनाब शेख सादी जमा साहब के संरक्षण में, रिजवान अली की अध्यक्षता में महेन्द्र पाल सदस्य बाँदा रोटी बैंक के नेतृत्व में अशोक कुमार प्रजापति ग्राम प्रधान ग्राम चिल्ली की उपस्थिति में शहर के जिम्मेदार जागरूक लोगों के सहयोग से ग्राम चिल्ली के ग्रामीणों को प्रत्येक रविवार की तरह जनपद के अन्य क्षेत्रों की तरह इस रविवार को भी कपड़ों, जूते, चप्पल, किताबें आदि का वितरण ग्राम चिल्ली में किया गया।साथ ही तरन्नुम फात्मा महिला उपाध्यक्ष बाँदा रोटी बैंक के द्वारा ग्राम चिल्ली के ग्रामीणों को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक किया और इरफान खान कोषाध्यक्ष बाँदा रोटी बैंक के द्वारा ग्रामीणों को संगठन के बारे में बताया तथा मोहम्मद सलीम उपाध्यक्ष बाँदा रोटी बैंक के द्वारा आभार व्यक्त किया गया। उक्त सामान पाकर ग्रामीणों में खुशी दिखाई दी। ग्रामीणों ने बाँदा रोटी बैंक टीम को आशीर्वाद दिया।उक्त कपड़ा वितरण कार्यक्रम में निम्न पदाधिकारियों, सदस्यों एवं शहर के जिम्मेदार लोगों ने सहयोग किया।मोहम्मद शमीम कार्यालय प्रभारी,प्रीती शिवहरे महिला संगठन मंत्री,मोहम्मद हामिद शाखा प्रमुख गूलर नाका,अलीमुददीन,रेशमा खान,शहाना खान सदस्यगण आदि।

## सर्व कल्याण सनातन सेवा समिति के तत्वाधान में भक्तो को किया गया प्रसाद वितरण



संस्कार उजाला ब्यूरो बांदा

सर्व कल्याण सनातन सेवा समिति के तत्वाधान में भक्तो को प्रसाद वितरण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। चित्रकूटधाम बांदा कनवारा के भागवताचार्य बालव्यास लखनलाल दीक्षित पुत्र ब्रजबिहारी दीक्षित एवं छोटे भाई शत्रुघ्न दीक्षित द्वारा चित्रकूटधाम में कार्यक्रम आयोजित कर तीर्थयात्रियों को प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान भागवताचार्य लखनलाल दीक्षित ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन प्रत्येक वर्ष ही आयोजित किया जाता है एवम इसमें आम जनमानस और तीर्थयात्रा करने वाले श्रद्धालु लोगों को भी प्रसाद वितरण का कार्य किया जाता है। उन्होंने कहा कि ईश्वर की सेवा करने का यह एक अच्छा और सरल उपाय भी है कि ईश्वर के भक्तो को अपनी सेवा प्रदान की जाए और प्रसाद और जल ग्रहण कराया जाए। इस दौरान सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

## शारदीय नवरात्रि में माहेश्वरी देवी मंदिर सहित शहर के सभी पंडालो में जयकारो के साथ श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।

**जहां सर्वप्रथम जलाभिषेक कर पुण्यार्जन किया।**





संस्कार उजाला ब्यूरो बांदा

शारदीय नवरात्रि के तड़के से देवी मंदिरो में आस्थावानों ने माथा टेक मां ब्रम्हचारिणी की विधिवत पूजन अर्चन किया। विभिन्न पंडालों और स्थानों पर माता अम्बे जय जगदम्बे के जयकारो से माहौल भक्तिमय बना रहा। परिजनों के साथ आये मासूम बच्चों ने भी पूजन किया शहर के महेश्वरी देवी व कटरा की सिंहवाहिनी तथा नोनिया मोहाल की मरही माता और बाबूलाल चौराहा स्थित मां काली मंदिर, खाईपार की चौसठजोगिनी ,मढियानाका की मां महामाया मंदिर में तड़के से श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। जहां सर्वप्रथम जलाभिषेक कर पुर्ण्याजन किया। कैलाशपुरी स्थित वामदेवेश्वर में भी देवी भक्तों ने मां ब्रम्हचारिणी की आराधना कर पूजन अर्चन किया। साथ ही पान, बतासा ,सुपारी, नारियल,लौंग की भेंट चढाई। श्रद्धालुओं ने मां के जयकारे लगाये जिससे देर समय तक मंदिर परिसर गूंजते रहे। श्रद्धालुओ में मासूम बच्चो ने भी जलाभिषेक कर माता रानी की प्रतिमा में पुष्पार्पण किया तथा उनकी ड्योढी में माथा टेक पुण्यार्जन किया। विभिन्न देवी पण्डालो में शाम को माता रानी के गीत मां कब से पुकारे तेरा लाल,ऊंचे पहाड़ों से नीचे उतर आओ मां,अंबे तू जगदंबे,मइया जी तेरे नैन बडे प्यारे और आई है वैष्णव मां आई है,शेरावाली शेरावली मां,हमारे आंगन पधारो महारानी मोरी शारदा भवानी गीत गूंजते रहे। पंडालों में शाम को आरती में जुट रहे श्रद्धालु देवी पंडालों में शाम के समय आरती में श्रद्धालुओं की भीड़ जुट रही। जगह जगह सजे देवी पंडाल आर्कषण का केन्द्र बने हुए हैं। पंडाल के पदाधिकारी पंडाल को आर्कषक बनाने में कोई कोर कसर नही छोड रहे हैं। शाम होते इन पंडालों में खासी भीड जुट रही है। देर रात तक यहां भक्तों का आना जाना लगा रहता है। मां विंध्यवासिनी में सजा दरबार शहर से करीब 10 किमी दूर स्थित गिरवां के मां विंध्यवासिनी मंदिर में भी दूर दराज से भक्त दर्शन को पहुंच रहे हैं। जिससे यहां मेला से नजारा बना है। लोग पूजन अर्चन के साथ ही विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान यहां आयोजित कर पुण्यलाभ कमा रहे हैं। खासबात यह है कि यहां वाहन स्टैंड में खासी लुटी है। जगह जगह स्टैंड के नाम पर मनमानी वसूली की जा रही है।

## आर्य कन्या इंटर कालेज बांदा द्वारा आयोजित 3 दिवसीय एथलेटिक्स खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ समापन।

**डीआईओएस व प्रधानाचार्या पूनम गुप्ता ने खिलाड़ियों को किया पुरस्कृत**

संस्कार उजाला ब्यूरो बांदा

बरसात के कारण खेलकूद प्रतियोगिता रूक गई थी जिसका आज समापन समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया विद्यालय आर्य कन्या इण्टर कालेज, बांदा के संयोजन में दिनांक 28 से 30 सितम्बर 2024 को पुलिस लाइन मैदान में आयोजित 68वीं क्षेत्रीय एथलेटिक्स खेलकूद युवक समारोह 2024 में भारी वर्षा के दृष्टिगत क्षेत्रीय रैली की खेलकूद की कुछ प्रतियोगितायें आगामी तिथि तक के लिए स्थगित कर दी गयी थी, जिन्हे दिनांक 06 अक्टूबर 2024 को पुलिस लाइन मैदान बांदा में सम्पन्न कराया गया। प्रतियोगिताओं का शुभारम्भ क्षेत्रीय रैली की संयोजिका पूनम गुप्ता, प्रधानाचार्या आर्य कन्या इण्टर कालेज, बांदा, सुरेश कुमार जी, जिला सचिव खेल समिति व रमेश कुमार जी मण्डलीय खेल सचिव तथा व्यायाम शिक्षक शाहिद वली खॉन, स0अ0 खानकाह इण्टर कालेज, बांदा, रामदेव जी व्यायाम शिक्षक डी0ए0वी0 इण्टर कालेज, बांदा तथा अन्तिमा श्रीवास्तव, स0अ0 राजकीय बालिका इण्टर कालेज, बांदा व स्मिता द्विवेदी, भ0प्र0ओ0 बालिका इ0का0 बांदा, शहजादी बेगम, स0अ0 आर्य कन्या इण्टर कालेज, बांदा, पुष्पा सिंह, आर्य कन्या इण्टर कालेज, बांदा ने किया। 68 वीं रैली में आयोजित प्रतियोगिताओं का परिणाम इस प्रकार रहा लम्बीकूद बालिका शिवानी प्रथम, किरन-द्वितीय, गुडिया-तृतीय तथा 100 मी0 रेस जूनियर बालिका शिवांशी-प्रथम, केतकी-द्वितीय, नैनसी तृतीय, एवं 200मी0 रेस जूनियर बालिका शिवाशी प्रथम, केतकी द्वितीय, करीना तृतीय, 600 मी0 रेस सबजूनियर बालिका में कु0 प्रिया प्रथम, प्रतिज्ञा द्वितीय, कु0 मधु तृतीय, ऊँची कूद शिवाशी प्रथम, किरन द्वितीय, काब्या तृतीय, बालकों में सब जूनियर में लम्बीकूद में सुमित कुमार प्रथम, सागर द्वितीय, अनुज कुमार तृतीय, 100मी0 रेस सब जूनियर में रामबाबू प्रथम, निखिल द्वितीय, सागर तृतीय तथा 200 मी0 रेस सब जूनियर बालक में सागर सिंह प्रथम, मयंक द्वितीय, अश्विन तृतीय, 600मी0 रेस सब जूनियर में बालक वर्ग राजवीर प्रथम, अरविन्द द्वितीय, मयंक तृतीय, एवं डिस्कस थ्रो में राजवीर प्रथम, प्रयांशु सेन द्वितीय, अरविन्द तृतीय, जूनियर बालक लम्बीकूद में सौरभ प्रथम, गगन द्वितीय, अखिल तृतीय, 3000 मी0 जूनियर वर्ग मे भोलाराम प्रथम, अजय सविता द्वितीय, अजय तृतीय स्थान पर रहें। 100मी0 जूनियर बालक दौड में गगन प्रथम, सद्दाम द्वितीय, अश्विन तृतीय, 200मी0 जूनियर में शिवम प्रथम, गगन द्वितीय, दीपक तृतीय रहें। इसी क्रम में उक्त खेलकूद प्रतियोगिताओं में चैम्पियनशिप पुरस्कार के विजेता सीनियर बालक वर्ग पंकज सोनकर, आदर्श बजरंग इ0का0 बांदा, (100मी0, 200मी0, 110मी0 हर्डल), जगनायक यादव, आदर्श बजरंग इ0का0 बांदा (400मी0, 800मी0), ज्ञानेन्द्र कुशवाहा डी0ए0वी0 इ0का0 बांदा (डिस्कस थ्रों, हैमर, भाला फेक), सुनील कुमार, आदर्श बजरंग इ0का0 बांदा (800मी0 1500मी0 3000मी0 रेस), तथा जूनियर वर्ग बालक में भोलाराम आदर्श बजरंग इ0का0 बांदा ने (800मी0, 1500मी, 3000मी0 रेस), शिवम सिंह, आदर्श बजरंग इ0का0बांदा (400मी0 400मी0, 200मी0 रेस) तथा सब जूनियर बालक वर्ग राजवीर सिंह, आदर्श बजरंग इ0का0 बांदा (400मी0, 600मी0 रेस, डिस्कस थ्रो) रहें। साथ ही सीनियर बालिका वर्ग में ममता, आर्य कन्या इण्टर का0 बांदा, आशिका तिवारी, आर्य क0इ0का बांदा, माही, खानकाह इण्टर कालेज, बांदा, आराधना, आर्य कन्या इण्टर कालेज, बांदा, तथा सबजूनियर बालिका वर्ग में शिवांशी गुप्ता, भ0प्र0ओमर बा0इ0का0 बांदा ने चैम्पियनशिप पुरस्कार प्राप्त किया। उक्त रैली में आदरणीय विजय पाल सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक बांदा द्वारा सभी निर्णायकों को स्मृति चिन्ह देकर तथा प्रतिभागी छात्र/छात्राओं को मेड़ल पहनाकर सम्मानित किया गया। तथा रैली के सफल आयोजन/संयोजन की भूरि भूरि प्रंशसा की। रैली आयोजन में विद्यालय की प्रधानाचार्या एवं संयोजिका पूनम गुप्ता जी, समीक्षा खरे, कु0 सोनम गुप्ता, कु0 शहजादी बेगम, सूर्यकान्ती सिंह, पुष्पा सिंह, कु0 दीपिका, कु0 प्रियका सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा। रैली का सफल संचालन श्री दीनदयाल सोनी जी द्वारा किया गया।

### जल शक्ति राज्य मंत्री रामकेश निषाद जल शक्ति एवं बाढ नियंत्रण उ०प्र० सरकार केन नहर प्रखण्ड बांदा अन्तर्गत तिन्दवारी निरीक्षण कर परियोजना कार्य का लोकार्पण किया गया



संस्कार उजाला ब्यूरो बांदा

मा० मुख्यमंत्री उ०प्र० सरकार योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन मे जनपद बाँदा मे रामकेश निषाद राज्य मंत्री, जल शक्ति एवं बाढ नियंत्रण उ०प्र० सरकार के कर कमलो द्वारा दीपशिखा सिह, ब्लाक प्रमुख तिन्दवारी की गौरवमयी उपस्थिति में तिन्दवारी स्थित सिंचाई विभाग के निरीक्षण गृह में केन नहर प्रखण्ड बांदा अन्तर्गत तिन्दवारी निरीक्षण गृह के पुनरोद्धार के कार्य की परियोजना का लोकार्पण किया गया। सिंचाई विभाग द्वारा इस निरीक्षण गृह का निर्माण लगभग वर्ष 1910 में किया गया था, जो अत्यन्त जीर्ण शीर्ण अवस्था में था। केन नहर प्रखण्ड बांदा द्वारा इस निरीक्षण गृह के पुनरोद्वार का कार्य कराया गया। भविष्य में केन बेतवा लिंक परियोजना के क्रियान्वयन हेतु विभागीय उच्चाधिकारियों द्वारा की जाने वाली विभागीय बैठकों एवं सिंचाई विभाग के उच्चाधिकारियों द्वारा समय-समय पर विभागीय परियोजनाओं के क्रियान्वयन हेतु बैठके आयोजित करने में लाभकारी होगा। उक्त कार्यक्रम में अधीक्षण अभियन्ता सिंचाई श्याम जी चौबे, अधिशासी अभियन्ता अरविन्द कुमार पाण्डेय एवं जितेन्द्र कुमार पटेल, सहायक अभियन्ता, सम्बन्धित अवर अभियन्तागण एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### एस के अपार्टमेंट आरडब्ल्यूए श्रमिक कुंज सेक्टर 122 का AGM मीटिंग 6 अक्टूबर 2024 को शिव शक्ति दुर्गा मंदिर के पीछे पार्क में सुबह 10 से 12 के बीच में सफलता पूर्वक संपन्न हुआ।



संस्कार उजाला

जिसमे लगभग 30% मकान मालिक पुरुष और महिलाएं सम्मिलित थे। बैठक के प्रारंभ में अध्यक्ष श्री महेश कुमार सोनी जी का अभिवादन संबोधन हुआ। वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री विजय झा जी का आरडब्ल्यूए द्वारा किए विकास और सुरक्षा कार्यों का ब्योरा दिया गया। सचिव श्री अशोक रॉय जी ने विभिन्न कार्य क्षेत्रों में आरडब्ल्यूए द्वारा किए गए प्रयासों की जानकारी दी। कैशियर श्री प्रदीप कुमार दास ने लेखा जोखा का पूर्ण विवरण निवासियों के सामने रखा। उपाध्यक्ष श्री तपस कुमार दास द्वारा समाज में समरसता और सामंजस्य के विभिन्न कार्यक्रम से अवगत कराया। मकान मालिकों के तरफ से सुझाव प्रस्तुत किए गए जिसमे श्री नेमसिंह,मोहन चंद,ललित जोशी,डीएन वर्मा,सुबोध और आनंदी बहन जी ने सुझाव पेश किया। नामांकन की अंतिम तिथि 27 अक्टूबर है और आने वाले इलेक्शन का डेट 17 नवंबर रखी गई है। कार्यक्रम के अंत में जलपान की व्यवस्था थी।

## मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा एवं महिला सशक्तिकरण के दृष्टिगत जनपदीय महिला सुरक्षा विशेष दल (एंटी रोमियो स्कवायड) द्वारा शहर क्षेत्रान्तर्गत पैदलगस्त कर मनचलों/ अराजक तत्वों के विरुद्ध चलाए गया चेकिंग अभियान।



संस्कार उजाला

जनपदीय महिला सुरक्षा विशेष दल द्वारा शहर क्षेत्र अंतर्गत पैदलगस्त कर गर्ल्स स्कूल/कॉलेज, कोचिंग संस्थान, मंदिर, पूजा घर, महिलाओं एवं बालिकाओं के आवागमन से संबंधित महत्वपूर्ण हॉटस्पॉट, सार्वजनिक स्थलों, चौरोहो, बाजार, मॉल, पार्क, स्कूल बस/टैक्सी स्टैण्ड आदि स्थानों पर सुरक्षा हेतु अभियान चलाकर चेकिंग की गई । चेकिंग के दौरान अनावश्यक रूप से घूमने वाले छात्र-छात्राओं, युवक-युवतियों, मनचलों, अराजक तत्वों से रोककर पूछताछ की गई एवं सभी को बेवजह न घूमने की सख्त हिदायत देकर छोड़ा गया साथ ही छात्राओं को विषम परिस्थिति में पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा हेतु चलाई जा रही विभिन्न हेल्पलाइन नंबर जैसे महिला हेल्पलाइन नंबर वीमेन पावर लाइन 1090, यूपी 112, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 181, 1076, इत्यादि की जानकारी दी गई तथा नजदीकी थाना पुलिस को सूचित करने के बारे में बताया गया ।

## संक्षिप्त डायरी

### जीत हमारी पक्की है ऐलान होना बाकी है :- हरीश वर्मा

संस्कार उजाला



**हरियाणा/ हिसार (गरिमा)** इंडियन नैशनल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं बरवाला के प्रसिद्ध समाजसेवी हरीश वर्मा ने पत्रकारों से रूबरू होते हुए कहा बरवाला से इंडियन नैशनल कांग्रेस प्रत्याशी रामनिवास घोडेला बड़े लंबे अंतर से भाजपा एवं इनेलो के उम्मीदवार को हराकर विधानसभा हरियाणा में पहुंच रहे है। उन्होंने बताया की कांग्रेस पार्टी के बरवाला प्रत्याशी रामनिवास घोडेला लगभग दस से पंद्रा हजार से विजयी होंगे क्योंकि भाजपा ने केवल पोर्टल प्रणाली लाकर प्रदेश में त्राहिमाम मचाने का कार्य किया है हर वर्ग का अपमान किया चाहे वह किसान आंदोलन को याद कर लिया जाए। खिलाड़ियों के साथ हुए अत्याचार को याद कर लिया जाए। पुरानी पेंशन स्कीम आंदोलन जो कर्मचारी ने किया उन पर अत्याचार की बात हो भाजपा सरकार ने पोर्टल प्रणाली द्वारा हर वर्ग का अपमान करने का कार्य किया चाहे सरकारी स्कूलों को बंद करने की बात हो सरकारी स्कूलों में शिक्षक नहीं है सरकारी अस्पताल में डॉक्टर नहीं है प्रदेश में सड़कों में गढ़ों का विकास हुआ है भाजपा पार्टी केवल विशेष व्यापारियों की पार्टी है इसलिए जनता में अब बदलाव का मन बना लिया है और हरियाणा प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है ।

### भजन लाल के शासनकाल में हुआ था समृद्ध हरियाणा का निर्माण-कुलदीप

जयंती पर ऐतिहासिक साहित्य पूरे प्रदेश में शहीद श्रद्धा सुमन निक्की

संस्कार उजाला



**हरियाणा/हिसार (गरिमा)** : पूर्व मुख्यमंत्री स्व. भजनलाल की जयंती पर आज हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान के विभिन्न क्षेत्रों में लोगों ने श्रद्धासुमन निर्भय की जयंती मनाई। आदमपुर स्थित उनके समाधि स्थल पर भाजपा चुनाव प्रबंधन समिति के मठाधीश एवं पूर्व अल्पसंख्यक अल्पमत बिश्नोई, दुदाराम, रेनुका बिश्नोई, भव्य बिश्नोई, द्वारका प्रसाद, रणधीर पनिहार सहित परिवार और समर्थकों ने श्रद्धासुमन निर्भयता रखी। बदाम बिश्नोई ने कहा कि भजन लाल के शासनकाल में एक समृद्ध हरियाणा का निर्माण हुआ था। अपने शासनकाल में उन्होंने पूरे हरियाणा को सींचते हुए विकास की नींवों तक पहुंचाया था। चौ. भजनलाल प्रदेश के 36 जनप्रिय नेता थे। उन्होंने अपने कार्य से समाज के हर वर्ग में अपनी विशेष पहचान बनाई। आज भी प्रदेश के हर क्षेत्र में उनके दल द्वारा विकास कार्य की उद्घोषणा की गई है। चौ. भजनलाल आपकी पूरी संस्था थी। उनके जेब में 5 प्रतिशत भी नहीं थे, न ही उनकी पीढियों में कोई व्यक्ति दूर-दूर तक राजनीति में था, फिर भी वे पंच, ब्लॉक समिति से लेकर नेता, मंत्री, नेता, केंद्रीय मंत्री व मुख्यमंत्री पद के ओहदे तक अपनी-अपनी प्रतिभा के बल पर थे। वे ऐसे इंसान थे, जहां जादुई व्यक्तित्व से उनके विरोधी भी प्रभावित हुए बिना नहीं रह सके। उन्होंने हमेशा समाज के हर वर्ग को साथ लेकर, प्रारंभ के कार्यों में भाग लिया। राजनीतिक ही सेवा नहीं, बल्कि अनेक सामाजिक विद्वानों के साथ जुड़कर वे समाज की हैं।चित्र: जिसमें आदमपुर समाधि स्थल पर चौ. भजन लाल को पुष्पांजलि नितिका करते हुए व्लादिमीर बिश्नोई व अन्य।

### नरेश सेलवाल ने भूपेंद्र हुड्डा से मुलाकात करके लिया आशीर्वाद

जो भरोसा भूपेन्द्र हुड्डा व पार्टी ने किया उकलाना हल्के की जनता उस पर खरी उतरी: नरेश सेलवाल

संस्कार उजाला



**हरियाणा/हिसार (गरिमा)** : कांग्रेस प्रत्याशी नरेश सेलवाल विधानसभा चुनाव होने के अगले ही दिन रविवार कोपूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा से मिलने रोहतक आवास पर पहुंचे और मुलाकात की। नरेश सेलवाल ने गुलदस्ता देकर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा का धन्यवाद किया और मिठाई खिलाई। नरेश सेलवाल ने भूपेंद्र सिंह हुड्डा व पार्टी हाईकमान का उन्हें उकलाना हलके से कांग्रेस प्रत्याशी बनाए जाने पर धन्यवाद किया और कहा कि भूपेंद्र सिंह हुड्डा व पार्टी हाईकमान ने उनके ऊपर विश्वास जताते हुए उन्हें पार्टी प्रत्याशी बनाया गया था। उस विश्वास को उकलाना हल्के की जनता ने पूरा किया। उकलाना हल्के की जनता ने उन्हें व कांग्रेस पार्टी को अपना भारी समर्थन देते हुए प्रचंड जीत दिलाने जा रही है पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने भी नरेश सेलवाल को चुनाव में किए शानदार प्रदर्शन के लिए पीठ थपथपाकर बधाई दी और कहा कि बेटा आपने तो कमाल कर दिया और आपकी तो वोटों की गिनती से पहले ही रिकॉर्ड मतों से जीत के चर्चे पूरा हरियाणा में हो रहे हैं। जिस विश्वास के साथ कांग्रेस पार्टी ने आपको टिकट देकर भेजा था उस पर खरे उतरे हो। शाबास बेटा नरेश। उकलाना हल्के की जनता भी बधाई की पात्र है। नरेश सेलवाल ने आशा हुड्डा से मिलकर उनका आशीर्वाद लिया। आशा हुड्डा ने नरेश सेलवाल को विधानसभा चुनाव में मिले जनता के अपार आशीर्वाद के लिए दुलारते हुए आशीर्वाद दिया और एडवांस में जीत की बधाई दी। जुग जुग जिओ मेरा बेटा नरेश। आपके ऊपर मुझे यही विश्वास था कि आप चुनाव को एकतरफा कांग्रेस के पक्ष में बदल सकते हो। नरेश सेलवाल ने कहा कि चुनाव में उकलाना हक्के की 36 बिरादरी के लोगों ने उन्हें अपना समर्थन और आशीर्वाद दिया। सभी मतदाताओं का वह इसके लिए दिल की गहराइयों से धन्यवाद करते हैं और उकलाना हल्के की जनता के हमेशा आभारी रहेंगे। नरेश सेलवाल के साथ पहुंचे नरेंद्र कुंडू ने भी पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा व आशा हुड्डा से आशीर्वाद लिया। भूपेंद्र हुड्डा ने बेहतरीन चुनाव मैनेजमेंट के लिए शाबाशी दी और कहा कि बेटा आपने भी इस चुनाव में चाणक्य की भूमिका निभाई है। पूरी टीम बधाई की पात्र है।

# एग्जिट पोल्स में बीजेपी को झटका, कांग्रेस की बल्ले-बल्ले, जानिए क्या बोले सीएम और हुड्डा





**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा चुनाव को लेकर सभी 90 सीटों पर वोटिंग हो चुकी है और जनता ने नेताओं की किस्मत ईवीएम में कैद कर दी है। अब अलग-अलग मीडिया चैनल्स द्वारा जारी एग्जिट पोल्स के आंकड़ों में कांग्रेस के लिए खुशखबरी आई है। एग्जिट पोल में कांग्रेस को पूर्ण बहुमत मिलता नजर आ रहा है। वहीं 10 साल से सत्ता में बैठी भाजपा सिमटती दिख रही है। 8 अक्टूबर को घोषित होने वाले नतीजों से पहले एग्जिट पोल्स ने बीजेपी की टेंशन बढ़ा दी है।

### हमने हरियाणा को गति देने का किया काम: नायब सैनी

भले ही एग्जिट पोल्स में बीजेपी को बड़ी हार मिलती नजर आ रही है, तो वहीं बीजेपी के नेता और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का दावा है कि 8 अक्टूबर को जब विधानसभा चुनाव के नतीजे घोषित होंगे तो बीजेपी ही राज्य में सरकार बनाएगी। हमें पूर्ण विश्वास है, हमने हरियाणा को गति देने का काम किया है।

### कांग्रेस प्रचंड बहुमत के साथ सरकार बनाएगी: भूपेंद्र हुड्डा

दूसरी ओर हरियाणा के पूर्व सीएम ओर कांग्रेस नेता भूपिंद्र सिंह हुड्डा का दावा है कि कांग्रेस एग्जिट पोल के आंकड़ों से भी ज्यादा बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 10 साल बाद सत्ता में वापसी करेगी। भूपेंद्र हुड्डा ने कहा कि जब से हमने चुनाव प्रचार शुरु किया है, तब से मैं कह रहा हूं कि कांग्रेस के पक्ष में लहर है। कांग्रेस प्रचंड बहुमत के साथ सरकार बनाएगी। एग्जिट पोल में बढ़त का मेन फैक्टर 2005-2014 की हमारी उपलब्धियां और 2014-2024 तक भाजपा सरकार की विफलताएं हैं। हम बेरोजगारी, शिक्षा और सुरक्षा पर काम करेंगे।

2024 के हरियाणा में विधानसभा चुनाव में सबसे बड़ा टेस्ट बीजेपी का होगा जो कि पिछले दस साल से सरकार चला रही है और उसे इस चुनाव में सत्ता विरोधी लहर का सामना करना पड़ सकता है। वहीं कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव में बीजेपी को टक्कर दी थी और नतीजा 5-5 सीट पर रहा था। ऐसे में यह देखना होगा कि लोकसभा चुनाव की तरह ही बीजेपी और कांग्रेस में टक्कर होती है या जनता किसी एक दल को पूरे बहुमत के साथ सत्ता तक पहुंचाती है।

# ईवीएम की 24 घंटे सीसीटीवी कैमरों से हो रही निगरानी, आठ अक्टूर को होगी मतगणना



**भिवानी।** हरियाणा विधानसभा का चुनाव सकुशल सम्मनन्न हो गया है। चुनाव के कई 'एग्जिट पोल' में कांग्रेस को पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने की संभावनाएं हैं। लेकिन अब सभी की निगाहें आठ अक्टूर को होने वाले मतगणना पर टिंकी हैं। इसी कड़ी में बात करें भिवानी विधान सभा की तो हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के स्टांग रूम में थ्री लेयर सुरक्षा में ईवीएम की मशीने रखी गई है। भिवानी विधानसभा के रिटर्निंग अधिकारी व एसडीएम महेश कुमार ने बताया कि आठ अक्तूबर को रिटर्निंग अधिकारी, उम्मीदवार, ऑब्र्जवर की उपस्थिति में स्टॉग रूम खुलेगा। उन्होंने कहा कि स्टॉग रूम में रखी ईवीएम की 24 घंटे सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जा रही है।

एसडीएम महेश कुमार ने कहा ईवीएम की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एसएसबी, आईआरबी व लोकल पुलिस निगरानी कर रही है। उन्होंने कहा कि भिवानी जिला के चारों विधानसभा क्षेत्रों भिवानी, तोशाम, लोहारू व बवानीखेड़ा की ईवीएम मशीनें कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जिला प्रशासन व जिला रिटर्निंग अधिकारी के निर्देशों में स्ट्रांग रूम में पहुंचा दी गई है। इसके साथ ही ईवीएम मशीनों की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे की निगरानी के साथ ही थ्री लेयर सुरक्षा लगाई गई है। भिवानी जिला में कुल 69.8 प्रतिशत मतदान हुआ था। अब इन मतों की गिनती आठ अक्तूबर को की जाएगी।

भिवानी विधानसभा के रिटर्निंग अधिकारी व एसडीएम महेश कुमार ने बताया कि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड परिसर में सभी ईवीएम मशीनों को सुरक्षित रूप से एसएसबी, आईआरबी व लोकल पुलिस की थ्री लेयर सुरक्षा में रखा गया है। स्ट्रांग रूम की सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की जा रही है। आठ अक्तूबर को मतगणना के समय उम्मीदवार, ऑब्जर्वर व रिटर्निंग अधिकारी की उपस्थिति में स्ट्रांग रूम खोले जाएंगे। मतगणना के दौरान शांति बनाए रखने के लिए मतगणना केंद्रों में उम्मीदवार, गणना एजेंट, आब्जर्वर व गणना अधिकारियों के अलावा किसी भी बाहरी व्यक्ति को अनुमति नहीं दी जाएगी। बाहर लाऊट स्पीक माध्यम से मतगणना के आंकड़ों के बारे में जानकारी दे दी जाएगी। उन्होंने कहा कि मतगणना केंद्रों में सुरक्षा के लिए बेरिकेटिंग रखी गई है। बेरिकेटिंग जालियों में ईवीएम मशीनें रखी गई है तथा दूसरी तरफ से गणना एजेंट राऊंड वाईज निगरानी रख सकेंगे। गौरतलब है कि भिवानी जिला के चार विधानसभा क्षेत्रों के परिणाम को लेकर मतदाताओं में काफी उत्साह है तथा आठ अक्तूबर को परिणामों की गिनती शुरू हो जाएगी।

## एग्जिट पोल्स से उत्साहित कांग्रेस, प्रदेश अध्यक्ष उदय भान बोले- 2005 का रिकॉर्ड दोहराएगी पार्टी



**पलवल।** हरियाणा विधानसभा चुनावों की वोटिंग सकुशल शनिवार को सम्पन्न हो गई। मतगणना 8 अक्टूबर यानी मंगलवार को होगी। इसके पहले ही एग्जिट पोल में कांग्रेस की सरकार बनती दिख रही है। इसे लेकर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष उदय भान प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि सन 2005 का रिकॉर्ड पार्टी दोहराएगी। अध्यक्ष ने कहा की प्रदेश में 67 सीटें जीतकर कांग्रेस सरकार बना रही। हरियाणा में पीएम मोदी और बीजेपी के बड़े नेताओं की रैली का कोई असर नहीं हुआ क्योंकि भाजपा के झूठ से प्रदेश की जनता परेशान हो गई थी। उन्होंने कहा की सीएम फेस का फैसला विधायक दल की बैठक और केंद्रीय नेतृत्व तय करेगा।

कांग्रेस ने कहा है कि हरियाणा में पिछले 10 साल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार ने लोगों की भावनाओं के प्रतिकूल काम किया है और इससे हरियाणा का हर वर्ग भाजपा से नाराज था, इसलिए इसके वही परिणाम शुरु से दिख रहे थे, जिनका अनुमान एग्जिट पोल लग रहे हैं। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि वह पहले से ही कह रहे हैं कि हरियाणा में कांग्रेस की पक्ष में लहर है और कांग्रेस बड़ी जीत हासिल कर रही है, इसलिए एग्जिट पोल में जो कुछ कहा जा रहा है, उसमें कुछ भी नया नहीं है।

पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं कॉग्रेस नेता अश्विनी कुमार ने कहा कि हरियाणा में एग्जिट पोल सही बता रहे हैं कि कांग्रेस जीत रही है और भारी बहुमत से सरकार बना रही है, लेकिन कांग्रेस की सरकार बनने पर भाजपा के लिए बहुत ही निराशाजनक स्थिति होगी। सीएम कोई भी होगा हमने जो जनता से वादे किए उन पर जनता ने भरोसा किए है। हम उस वादे को पूरा करेंगे।

# जेजेपी नेता रविंद्र सैनी हत्याकांड के 2 शूटर गिरफ्तार, बंगलुरू में छिप कर काट रहे थे टाइन...परिवार से मिलने आए थे गांव



**हांसी।** हांसी में 10 जुलाई को जेजेपी नेता रविंद्र सैनी की हीरो मोटर्स एजेंसी के शोरूम के बाहर गोलियां मारकर हत्या कर दी गई थी। यह मामला इतना बढ़ गया था कि मुख्यमंत्री नायब सैनी को भी इसमें हस्तक्षेप करना पड़ा था। इस मामले में पुलिस 14 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस हत्याकांड के 3 महीने के अंदर गुत्थी सुलझाते हुए बाकी बचे 2 आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया है।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सुमित गांव निदाना और मनीष गांव अलखपुरा के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार इन दोनों आरोपियों ने ही रविंद्र सैनी पर गोलियां बरसाकर हत्या की थी। यह दोनों 3 महीने से पुलिस से लुका छिपी खेल रहे थे। पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपी हत्याकांड को अंजाम देकर बैंगलुरू में छिप गए थे। वह हाल ही में अपने परिवार से मिलने आ रहे थे कि सीआईए को इसकी भनक लग गई और दोनों को गोहाना मोड़ से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि दोनों ने रंजिश में घटना को अंजाम दिया है।

पुलिस ने आरोपियों के पास से 3 गन बरामद की है। पुलिस के अनुसार आरोपियों ने 2 गन से ही फायर किए थे। सभी गन बरामद कर ली गई है। पकड़ गए आरोपी सुमित पर हत्या व लड़ाई झगड़े के केस दर्ज हैं वहीं मनीष पर हत्या, हत्या प्रयास के 3 मुकदमे और लड़ाई झगड़ सहकत एक्साईज एक्ट में केस दर्ज हैं।

### 14 आरोपियों ने रचा हत्याकांड का षड़यंत्र

हरियाणा में जेजेपी नेता रविंद्र सैनी की हत्या मामले में 2 मुख्य शूटर सहित 14 आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं। इस हत्याकांड में शुरू से ही कई लोगों की संलिप्तता सामने आ रही थी। इसमें मुख्य साजिशकर्ता विकास नेहरा और तोशाम के पिंजोखरा गांव निवासी विकास उर्फ काशी हैं। इन दोनों के बीच ही रविंद्र सैनी को मारने के लिए हत्या के बदले हत्या की डील हुई थी। दूसरी हत्या तोशाम में की जानी थी मगर उससे पहले ही आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ गए। विकास हिसार की जेल में बंद है और यही से हत्या की साजिश रची गई। काशी की गांव में ही एक गैंग के सदस्य से रंजिश है। काशी उसकी हत्या करवाना चाहता था। बदले में उसने रविंद्र सैनी की हत्या करने की हामी भरी थी। हत्याकांड में विकास नेहरा, प्रवीण, रमेश उर्फ योगी, प्रवीण, रविंद्र, योगेश उर्फ सुखा, सचिन उर्फ मंगतू, विकास उर्फ काशी, मंत्री और चेयरमैन पहले ही गिरफ्तार हो चुके हैं।

### पुलिस ने ऐसे सुलझाया केस

रविन्द्र सैनी हत्याकांड में पुलिस ने सबसे पहले विकास नेहरा को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर पूछताछ की, क्योंकि 7 साल पहले रविन्द्र सैनी की हत्या की कोशिश उसी ने की थी। वारंट पर विकास ने खुलासा किया कि उसने जेल में बैठकर पूरी योजना बनाई थी। इसके बाद हांसी पुलिस और एसटीएफ ने मिलकर अलग-अलग टीमें बनाकर आरोपियों तक पहुंचने का काम किया। पुलिस को सुराग मिला कि आरोपी राजस्थान के रास्ते गुजरात भाग गए हैं। पुलिस ने गुजरात से प्रवीण, रमेश उर्फ योगी, प्रवीण, रविन्द्र को गिरफ्तार किया। ये चारों जेजेपी नेता की हत्या के साजिशकर्ता थे। इन आरोपियों ने रविन्द्र सैनी की रेकी करने और शूटरों की मदद करने की पूरी योजना बनाई थी।

इसके बाद पुलिस ने गुजरात से पकड़े गए चारों आरोपियों को 5 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया। इसके बाद पुलिस को मुख्य शूटरों के बारे में सुराग मिला। पुलिस ने रविन्द्र सैनी की हत्या में शामिल 3 आरोपियों को 17 जुलाई को मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। इनमें योगेश उर्फ सुखा, सचिन उर्फ मंटू, विकास उर्फ काशी के पैरों में गोली लगी है।

## सीएम नायब सिंह सैनी का दावा- हरियाणा में आठ अक्टूबर को भाजपा बनाएगी सरकार



चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शनिवार शाम दावा किया भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) भारी बहुमत के साथ लगातार तीसरी बार राज्य में सरकार बनाएगी। मुख्यमंत्री सैनी ने यह दावा ऐसे समय किया है जब हरियाणा विधानसभा चुनाव के कई 'एग्जिट पोल' में कांग्रेस की जीत की संभावनाएं जताई गयी हैं। उन्होंने मतदान समाप्त होने के बाद कुरुक्षेत्र में पत्रकारों से कहा कि भाजपा सरकार ने पिछले 10 वर्ष में हर वर्ग के लिए काम किया है। सैनी ने 'एग्जिट पोल' के नतीजों पर पूछे गए एक सवाल का जवाब देते हुए कहा, ''हरियाणा को क्षेत्रवाद, परिवारवाद और राज्य के प्रति भेदभाव से मुक्त किया गया।' उन्होंने कहा, ''हमें पूरा भरोसा है कि हमने हरियाणा के विकास को नई गति दी है और आठ अक्टूबर को हरियाणा में भाजपा भारी बहुमत के साथ लगातार तीसरी बार सरकार बनाएगी।

# विज का ये अंदाज़ निराला, दोस्तों के साथ गाना बजाना कर उतार रहे चुनावी थकान

**अंबाला।** हरियाणा भारतीय जनता पार्टी के सीनियर नेता अनिल विज वोटिंग खत्म होने के बाद आज सुबह अपने दोस्तों के साथ टी पॉइंट पर मस्ती की मुद्रा में नजर आए। वहीं अनिल विज ने एग्जिट पोल के आंकड़ों पर अपनी प्रतिक्रिया दी है।जमीनी हालात इन आंकड़ों से अलग हैं।

अनिल विज ने कहा कि भूपेंद्र सिंह हुड्डा जिन्हें कांग्रेस सीएम के तौर पर पेश कर रही है, उनके हलके में कांग्रेस के वोट में 5 प्रतिशत की कमी आई है। मेरे निर्वाचन क्षेत्र में बीजेपी को वोट 3 प्रतिशत वोट बढ़ा है। ये आंकड़े साफ बता रहे हैं कि कांग्रेस की लोकप्रियता घटी है जबकि बीजेपी की बढ़ी है। कांग्रेस के प्रति लोगों का आकर्षण कम हुआ है।

अनिल विज ने कहा कि हमारी पार्टी भी अपना आंतरिक सर्वेक्षण करा रही है। बता दें कि अनिल विज अक्सर अपने बयानों के चलते चर्चा में बने रहते हैं। शनिवार को हरियाणा विधानसभा चुनाव में वोट डालने के बाद पत्रकारों के सवाल पर उन्होंने कहा कि अगर पार्टी ने चाहा तो अगली मुलाकात मुख्यमंत्री आवास पर होगी। इसके साथ ही उन्होंने यह भी याद दिलाया कि वह सबसे वरिष्ठ नेता हैं।

### एग्जिट पोल में कांग्रेस को बहुमत

कई एग्जिट पोल पोल में कांग्रेस को स्पष्ट बहुमत मिलने का अनुमान लगाया गया है, जो एक दशक के बाद वापसी की उम्मीद कर रही है। एक्सिस-माय इंडिया के एग्जिट पोल के मुताबिक, हरियाणा की 90 विधानसभा सीटों में से कांग्रेस को 59 सीटें मिल सकती हैं। बीजेपी 23, इनलो को 2 और अन्य को 6 सीटों पर जीत मिल सकती है।



# डासना स्थित प्राचीन देवी मंदिर पर शुक्रवार की रात हुए इस्लामिक कट्टरपंथियों के हमले के बाद देश और प्रदेश भर के सनातनियों का मंदिर पर आना और हमला करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करने के सिलसिला जारी

संस्कार उजाला
**गाजियाबाद (आशा चौधरी)**
शनिवार को लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर भी मंदिर पहुंचे। उन्होंने मंदिर पर हुए इस्लामिके कट्टरपंथियों के हमले को सनातन पर हमला बताते हुए पुलिस से उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है। वहीं, मंदिर समिति ने भी पुलिस कमिश्नर से मुलाकात करके मंदिर पर हमला करने वाले इस्लामिक कट्टरपंथियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। इसके अलावा मेरठ, मुजफ्फरनगर से भी कई डेलीगेशन मंदिर पहुंचे। हिन्दूवादी नेताओं ने पुलिस की ओर से इस्लामिक कट्टरपंथियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई नहीं किए जाने पर मंदिर पर महापंचायत का ऐलान किया है। शनिवार को डासना स्थित प्राचीन देवी मंदिर पहुंचे लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने मंदिर पर हमले के दौरान की गई पुलिस कार्रवाई को बेहद हल्का बताया। उन्होंने कहा कि पुलिस ने इस्लामिक कट्टरपंथियों को बचाने के लिए केवल हल्की लाठियां भांजी थी जबकि यह सनातन पर हमला है और इस तरह का हमला सहन नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि महंत जी ने जो कुछ भी कहा वह



देश में हो रही बेटियों की हत्याओं और बांग्लादेश में हुए हिन्दुओं के नरसंहार के आवेश में कहा था, जिसके संबंध में एफआईआर दर्ज करके पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार भी कर लिया है। लेकिन, मंदिर पर इस्लामिक कट्टरपंथियों का हमला बेहद गंभीर विषय है। इस हमले में रोहिंग्या और बांग्लादेशी इस्लामिक कट्टरपंथी शामिल हैं, जो देश में दंगे फैलाना चाहते हैं और देश को सौहार्द को खत्म करना चाहते हैं। स्थानीय मुसलमान तो राम को मानने वाले हैं। उन्होंने कहा कि इस्लामिक कट्टरपंथियों के लिए भारत में कोई स्थान नहीं है। मंदिर पर हमला करने वाले इस्लामिक कट्टरपंथियों पर पुलिस को गोली चलानी चाहिए थी। हम इसकी व्यवस्था करेंगे कि जिन इस्लामिक कट्टरपंथियों ने मंदिर पर हमला किया है, वह भविष्य में इस तरह की कोई हरकत करने के बारे में सोच भी न सकें। उन्होंने कहा कि यह मंदिर महाभारत काल के समय का है, यहां पांडवों और भगवान परशुराम ने भी मां की पूजा की थी। इस मंदिर पर हुए हमले को सनातन पर हमला माना जाए। भारत संविधान से चलेगा न कि कट्टरपंथियों की सोच से। जो महंत जी ने कहा था उस पर पुलिस ने जरूरी कार्रवाई कर दी थी फिर मंदिर पर हमला क्यों किया गया। कितने ही इस्लामिक कट्टरपंथी हैं जो हिन्दू देवी-देवताओं को लेकर गलत बातें कहते हैं, क्या कभी हिन्दुओं ने किसी मस्जिद पर पथराव किया, किसी मस्जिद पर हमला किया। यह कट्टरपंथी सोच भारत में नहीं चलेगी। उन्होंने कहा कि मंदिर पर हमला करने वाले किसी भी इस्लामिक कट्टरपंथी को छोड़ा नहीं जाएगा। वहीं, शनिवार को मंदिर समिति ने पुलिस कमिश्नर से मिलकर मंदिर पर हमला करने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के लिए शिकायती पत्र दिया। मंदिर समिति के सदस्यों का कहना था कि इस्लामिक कट्टरपंथियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। इसके साथ ही मेरठ और मुजफ्फर नगर से भी हिन्दूवादी नेताओं ने मंदिर पहुंचकर इस इस्लामिक कट्टरपंथी हमले पर रोष जताया और पुलिस से कड़ी कार्रवाई की मांग की। इसके अलावा देश भर से मंदिर समिति को हिन्दूवादी नेताओं के संदेश मिल रहे हैं। मंदिर पर हमला करने वाले इस्लामिक कट्टरपंथियों के खिलाफ यदि पुलिस सख्त कार्रवाई नहीं करती है तो हिन्दूवादी संगठन मंदिर पर महापंचायत बुलाएंगे।एफ ई आर दर्ज कराने गए लोगो मे मुख्यरूप से आस्था माँ, डॉ उदिता त्यागी, चहल सिंह बालयान,पूजा त्यागी, आहूजा जी, अक्षय त्यागी, मोहित बजरंगी, नीरज त्यागी, रिपन नागर, सुमित गुर्जर, विवेक गुर्जर, लकी गुर्जर, संदीप यादव, विनय हिन्दू, संजय बहेडी ,पुनीत गुर्जर, सचिन गुर्जर आदि मौजूद रहे

# सम्पूर्ण रामायण देखने उमड़ा जन सैलाब



संस्कार उजाला
**गाजियाबाद (आशा चौधरी)**
इंडियन रिवाईवल ग्रुप. नई दिल्ली द्वारा अति सुन्दर एवं भव्य सम्पूर्ण रामायण का मंचन कविनगर, रामलीला मैदान में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें दिन-प्रतिदिन समय के साथ-साथ भारी जन सैलाब इस नयी शैली की रामलीला के मंचन को देखने हेतु उमड़ रहा है। आज लीला प्रारम्भ से पूर्व सांस्कृतिक कार्यक्रम ने सभी दर्शकों का मन मोह लिया। मेला परिसर में लगाये गये अन्डर वॉटर फिश टनल एवं नया एम्यूजमेन्ट स्टॉर्म नगरवासियों के आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। बड़ी संख्या में सभी वर्ग के लोग इसका आनन्द ले रहे हैं एवं लम्बी-लम्बी कतारों में अपनी बारी की प्रतीक्षा कर रहे हैं। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मेले में अद्भुत सफाई की व्यवस्था बनी हुई है जिसकी मेले में आया हुआ प्रत्येक व्यक्ति प्रशंसा कर रहा है। फूडकोर्ट में नियंत्रित दरों पर स्वस्थ एवं पौष्टिक व्यंजन जन मानस के लिये उपलब्ध हैं। साथ ही समिति द्वारा संचालित एवं परमार्थ संस्था की देख-रेख में सीता रसोई सभी के आकांक्षाओं के अनुरुप अपनी सेवा भाव से मात्र 50 रुपए प्रति थाली की दर पर भोजन उपलब्ध करा रही है। आज के दिन अध्यक्ष ललित जायसवाल, महामंत्री भूपेन्द्र चोपड़ा, मंत्री गुलशन बजाज, अजय जैन, गौरव चोपड़ा, पवन गुप्ता, ऋषि माकड, विवेक मित्तल, तरूण चौटानी, दिवाकर सिंघल, डी०पी० कौशिक, नवेन्दु सक्सेना, अनिल जैन, दिव्यांशु सिंघल आदि उपस्थित रहे।
(भूपेन्द्र चोपड़ा) महामंत्री
नोट :- इस आकर्षक रामलीला का आयोजन प्रतिदिन सायं 7.30 बजे से प्रारम्भ होता है जिसका समापन रात्रि 11.00 बजे होता है। ₹सम्पूर्ण रामायण₹ को देखने के लिए प्रतिदिन सायं 5.00 बजे से 7.00 बजे तक नि:शुल्क पास का वितरण किया जाता है।

# जिलाधिका गाजियाबाद के निर्देशन में प्रदेश में महिला एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान



संस्कार उजाला
**गाजियाबाद (आशा चौधरी)**
जिलाधिका गाजियाबाद के निर्देशन में प्रदेश में महिला एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु शारदीय नवरात्र के पर्व पर मिशन शक्ति के विशेष अभियान 5.0 के अन्तर्गत संपादित गतिविधियों के द्वितीय दिवस पर गतिविधि थीम ₹सांकेतिक रूप से एक दिवस का जिलाधिकारी के कार्यक्रम के अन्तर्गत उप जिलाधिकारी कार्यालय मोदीनगर में किया गया। उक्त कार्यक्रम में जनपद के हंस इंटर कालेज मुरादनगर की छात्रा को सांकेतिक रूप से एक दिवस का उप जिलाधिकारी बनाया गया तथा साथ ही उन्हें प्रशासनिक कार्यों को सम्पादन किये जाने तथा पदगत दायित्वों के संबंध में जानकारी दी गयी। उक्त कार्यक्रम में महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित समस्त कल्याणकारी योजनाओं यथा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, स्पोन्सरशीप योजना, उत्तर प्रदेश बाल सेवा योजना के साथ ही प्रमुख हेल्पलाईन यथा 1076, मुख्यमंत्री हेल्पलाईन, 1090 वीमेन पावर लाईन, 181 वीमेन हेल्पलाईन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 102 गर्भवती महिला एवं नवजात शिशुओं के लिए एम्बुलेंस हेल्पलाईन, 108 एम्बुलेंस सेवा, 1098 चाईल्ड हेल्पलाईन, 101 अग्निशमन सेवा, 1930 साईबर हेल्पलाईन आदि का व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार किया गया। कार्यकम में इन्द्र विकम सिंह जिलाधिकारी, गाजियाबाद, डा० पूनम गुप्ता उप जिलाधिकारी मोदीनगर, जिला प्रोबेशन अधिकारी, एवं सुश्री दीपाली देवी, सेन्टर मैनेजर, वन स्टाप सेन्टर यूनिट-2 मोदीनगर, गाजियाबाद व इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य व शिक्षिकाएं आदि उपस्थित रहें।

# नोएडा एयरपोर्ट ने छीना चीन से कारोबार : नामी जर्मनी कंपनी जेवर में लगा रही 485 करोड़ की फैक्ट्री, योगी सरकार की नीति आई पसंद

संस्कार उजाला
**ग्रेटर नोएडा (आशा चौधरी)**
इसमें कोई दोराय वाली बात नहीं है कि यमुना सिटी इस समय केवल भारत ही नहीं बल्कि विदेशियों की भी पहली पसंद बन गई है। लंबे समय तक चीन में अपनी फैक्ट्री लगाने वाली जर्मन की नामी कंपनी अब यमुना सिटी में अपनी इकाई का भूमि पूजन कर रही है। शुक्रवार (आज) को नामी जर्मनी कंपनी Von Wellx भूमि पूजन करेगी और कुछ महीनो में अपनी इकाई बनकर खड़ी कर देगी। यह कंपनी जूते और ट्रॉली बैग बनाती है। पहले इस कंपनी ने चीन में अपनी फैक्ट्री लगाई हुई थी। जिसको बंद करके यमुना सिटी में निवेश किया है। 485 करोड़ रुपये का निवेश होगा यमुना प्राधिकरण के सीईओ डॉ.अरुणवीर सिंह ने बताया कि जर्मनी कंपनी Von Wellx के द्वारा यमुना सिटी में 485 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा। इसको 10 हजार वर्गमीटर जमीन अलॉट की गई है। Von Wellx कंपनी यमुना सिटी के सेक्टर-29 में अपनी फैक्ट्री लगा रही है। जिसका भूमि पूजन शुक्रवार को सीईओ डॉ.अरुणवीर सिंह और जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह करेंगे। चीन से मन भरा और योगी सरकार की नीति अच्छी लगी डॉ.अरुणवीर सिंह ने यह भी बताया कि इस कंपनी ने पहले चीन में अपनी बहुत बड़ी फैक्ट्री लगाई हुई थी, लेकिन जब योगी सरकार की कारोबार को लेकर नीति लाई और जेवर में नोएडा एयरपोर्ट बन रहा था इसने यहां पर निवेश करने के लिए इच्छा जाहिर की। जिसको यमुना प्राधिकरण ने स्वीकार किया और जमीन दे दी। अब यमुना प्राधिकरण के क्षेत्र में एक और इंटरनेशनल कंपनी लगने जा रही है।

**गाजियाबाद सहायक आयुक्त खाद्य ग्रेड कके नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों दर्पण कुमार, अमित कुमार सिंह, नरेंद्र कुमार एवं अंशुल पांडेय की टीम द्वारा साउथ साइड, जीटी रोड इंडस्ट्रियल एरिया जनपद खाद्य सामग्री को लेकर प्रशासन एक्शन में**



गाजियाबाद (आशा चौधरी)
में स्थित शंकर कोल्ड स्टोरेज में नवरात्रि के दृष्टिगत भंडारित कुट्टू एवम कुट्टू गिरी पर प्रवर्तन कार्यवाही करते हुए वहां भंडारित तीन प्रकार के कुट्टू स्टॉक से कुट्टू गिरि का एक एवं सबूत कुट्टू के दो नमूने संग्रहित करते हुए तीनों ही स्टाक के 685 बोरियो में भंडारित कुल लगभग 342.5 कुंतल मात्रा, जिसकी अनुमानित कीमत 32, 41960 रुपए थी, को सीजकर खाद्य कारोबारी की अभिरक्षा में सुपुर्द कर दिया गया है।संग्रहित नमूने जांच हेतु खाद्य प्रयोगशाला प्रेषित किए जा रहे हैं।जांच के उपरांत परिणाम के अनुसार खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2006 के अनुसार सम्बन्धित खाद्य कारोबारी के विरुद्ध यथा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# सपा को लगा झटका: साईकिल छोड़ हाथी पर सवार हुए परमानन्द गर्ग, बसपा सुप्रीमो से लिया आशीर्वाद,वैश्य समाज की अनदेखी का आरोप लगाकर छोड़ी थी पार्टी

संस्कार उजाला
**गाजियाबाद (आशा चौधरी)**
विधानसभा उपचुनाव से ठीक पहले समाजवादी पार्टी को बड़ा झटका लगा है। बसपा ने सपा के किले में सेंधमारी करते हुए एक महारथी को अपने खेमे में शामिल कर लिया है। सपा के प्रदेश सचिव से इस्तीफा देने वाले परमानन्द गर्ग बसपा में शामिल हो गए हैं। बसपा में शामिल होने के बाद उन्हें विधानसभा प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है। इस उलटफेर के बाद गाजियाबाद उपचुनाव रोचक स्थिति में आ गया है। इस सीट पर वैश्य समाज निर्णायक की भूमिका निभाएगा। शनिवार को लोहिया नगर स्थित अग्रसेन भवन में आयोजित एक दिवसीय बसपा कैडर कैम्प में बसपा के मेरठ मण्डल के कॉर्डिनेटर शमसुद्दीन राइन, सूरजमल जाटव व जिलाध्यक्ष दयाराम सेन की मौजूदगी में परमानन्द गर्ग ने अपने समर्थकों सहित बसपा की सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता



लेने के बाद मण्डल कॉर्डिनेटर शमसुद्दीन राइन ने बसपा सुप्रीमो मायावती के निर्देश पर उन्हें विधानसभा प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी है। विधानसभा उपचुनाव से ठीक पहले परमानन्द गर्ग के इस मास्टरस्ट्रोक से सपा को तगड़ा झटका लगा है। वहीं उपचुनाव में बसपा से टिकिट की दावेदारी भी परमानन्द गर्ग ने मजबूत कर ली है। बसपा की सदस्यता लेने के बाद परमानन्द गर्ग ने कहा कि बसपा में ही सर्वसमाज का हित निहित है। वैश्य समाज की आवाज उठाने के लिए ही वह बसपा में शामिल हुए हैं। मण्डल कॉर्डिनेटर शमसुद्दीन राइन और सूरज सिंह जाटव ने पार्टी की विचारधारा के बारे में अवगत कराते हुए कहा कि बसपा ने सदैव सर्व समाज के हित के लिए कार्य किया है। जहां बाकि दलों की कथनी और करनी में फर्क है वहीं बसपा ने सदैव जो कहा है वो करके दिखाया है। इस अवसर पर हजारों की तादाद में कार्यकर्ता मौजूद रहे।गाजियाबाद विधानसभा सीट पर वैश्य वर्ग निर्णायक भूमिका में रहता है। वहीं यदि जाटव, वैश्य और मुस्लिम वोट बैंक एकजुट हो जाये तो इस सीट पर बसपा सीधी टक्कर में जाएगी।

# संक्षिप्त डायरी

## राजा जनक द्वारा आयोजित सीता स्वयंवर में श्री राम द्वारा धनुष तोड़ने स्वयंवर। मनोरम मंचन को रामलीला महोत्सव 2024 सम्पूर्ण रामलीला मंचन (तीन घंटे में)

संस्कार उजाला
**गाजियाबाद (आशा चौधरी)**
श्री धार्मिक रामलीला समिति, (पंजी०) कविनगर द्वारा आयोजित रामलीला महोत्सव के अंतर्गत इंडियन रिवाईवल ग्रुप, नई दिल्ली द्वारा अति सुन्दर एवं भव्य सम्पूर्ण रामायण₹ का मंचन कविनगर, रामलीला मैदान में आयोजित किया गया। रामलीला महोत्सव के अन्तर्गत आज चौथे



दिन सम्पूर्ण रामायण का मंचन देखने के लिए बड़ी संख्या में रामभक्तों की भीड़ उमड़ी। बैठने के लिये यथोचित स्थान शेष न होने के कारण प्रवेश रोकना पड़ा। समिति द्वारा अगले दिन मंचन देखने के लिये बैठने की अतिरिक्त व्यवस्था की जायेगी। लीला के मंचन में राजा जनक द्वारा आयोजित सीता स्वयंवर में श्री राम द्वारा धनुष तोड़ने के मनोरम मंचन को देखकर वहां उपस्थित सभी दर्शक मंत्रमुग्ध हो उठे। रामलीला मंचन के स्थल पर लगायी गयी रामायण प्रदर्शनी सभी भक्तों के लिये आकर्षण का केन्द्र बनी हुई है। आज के दिन अध्यक्ष ललित जायसवाल, महामंत्री भूपेन्द्र चोपड़ा, मंत्री गुलशन बजाज, अजय जैन, सुशांत चोपड़ा, संजय मित्तल, ऋषि माकड़, विवेक मित्तल, तरूण चौटानी, दिवाकर सिंघल, डी०पी० कौशिक, नवेन्दु सक्सेना, अजय अग्रवाल, आदि उपस्थित रहे। (भूपेन्द्र चोपड़ा) महामंत्री इस आकर्षक रामलीला का आयोजन प्रतिदिन सायं 7.30 बजे से प्रारम्भ होता है जिसका समापन रात्रि 11.00 बजे होता है। ₹सम्पूर्ण रामायण₹ को देखने के लिए प्रतिदिन सायं 5.00 बजे से 7.00 बजे तक नि:शुल्क पास का वितरण किया जाता है।

## श्री रामलीला कमेटी कड़कड़ मॉडल के द्वारा मुख्य अतिथि शुभम गुप्ता प्रदेश अध्यक्ष औद्योगिक व्यापार मंडल के कर कमल द्वारा भगवान श्री रामलीला का शुभारंभ

संस्कार उजाला
**गाजियाबाद (आशा चौधरी)**
लीला का शुभारंभ रावण जन्म से लेकर ताड़का वध तक हुआ इस मौके पर शुभम गुप्ता ने भगवान राम की लीला वह उनके बताएं मार्ग को अपने जीवन में उतारने का आह्वान करते हुए अपने जीवन को सफल बनाने की बात कही और भविष्य में लीला में



सहयोग करते रहने का आश्वासन दिया और लीला का स्वरूप बढ़े इसकी कामना की कमेटी के अध्यक्ष किशन सिंह राघव ने शुभम गुप्ता का धन्यवाद किया और आज की लीला मामा मैरिजदरबार से शुरू होकर फुलवारी तक हुई इस मौके पर चमन सिंह राघव रूप सिंह रावल कन्हैया तोमर जस्सी सिंह राणा अरुण राघव राजू राघव सुंदर सिंह राणा आदि कमेटी मेंबर उपस्थित थेइस मौके पर कमेटी के अध्यक्ष किशन सिंह राघव चमन सिंह राघव गोपी सिंह राघव रूप सिंह रावल कन्हैया तोमर जैसी राणा अरुण राघव वेद प्रकाश राणा हरपाल सिंह चौहान आदि कमेटी मेंबर उपस्थित रहे।

## स्कूल-स्कूल यज्ञ का उद्देश्य विद्यार्थियों में आध्यात्मिक और सामाजिक मूल्यों को बढ़ावा देना है- पायलट राकेश त्यागी





संस्कार उजाला
**गाजियाबाद (आशा चौधरी)**
नेहरूनगर स्थित पब्लिक स्कूल में शिक्षण संस्थान प्रकोष्ठ के आह्वान पर यज्ञ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गाजियाबाद पब्लिक स्कूल की चेयरमैन कृष्णायादव , मेनेजर डॉ. सागर यादव, प्रधानाचार्य डॉ. भावना यादव, क्षेत्रीय संयोजक पायलट राकेश त्यागी,स्कूल स्टाफ और विद्यार्थियों ने पूरी श्रद्धा और उत्साह के साथ भाग लिया। आचार्य प्रदीप त्यागी जी के मंत्रों और उच्चारण से यज्ञ कराया जिससे, पूरे स्कूल का वातावरण शुद्ध और पवित्र हो गया।

# महिला एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु थीम 'टॉक शो विथ ऑयडलस" कार्यक्रम आयोजित

संस्कार उजाला
**गाजियाबाद (आशा चौधरी)**
जिलाधिकारी के निर्देशन में प्रदेश में महिला एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु शारदीय नवरात्र के पर्व पर मिशन शक्ति के विशेष अभियान 5.0 के अन्तर्गत संपादित गतिविधियों के द्वितीय दिवस पर गतिविधी थीम 'टॉक शो विथ ऑयडलस का आयोजन जनपद के लोकमान्य जनता इंटर कॉलेज, मोरटा, गाजियाबाद में आयोजित किया गया।उक्त कार्यक्रम में जनपद की अपने जीवन में सफलता की सीढ़ियाँ चढ़ने वाली महिलाओं एवं राजकीय विद्यालयों की कक्षा 9 से ऊपर की बालिकाओं के साथ संवाद आयोजित किया गया, जिसमें बालिकाओं तथा महिलाओं द्वारा बढ़- चढ़कर हिस्सा लिया गया, साथ ही संवाद के दौरान अपने प्रश्नों एवं जिज्ञासा को साझा किया गया। उक्त कार्यक्रम में महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित समस्त कल्याणकारी योजनाओं यथा मुख्यमंत्री कन्या



सुमंगला योजना, स्पोन्सरशीप योजना, उत्तर प्रदेश बाल सेवा योजना के साथ ही प्रमुख हेल्पलाईन यथा 1076, मुख्यमंत्री हेल्पलाईन, 1090 वीमेन पावर लाईन, 181 वीमेन हेल्पलाईन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 102 गर्भवती महिला एवं नवजात शिशुओं के लिए एम्बुलेंस हेल्पलाईन, 108 एम्बुलेंस सेवा, 1098 चाईल्ड हेल्पलाईन, 101 अग्निशमन सेवा, 1930 साईबर हेल्पलाईन आदि का व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार किया गया। कार्यक्रम में महिला कल्याण विभाग, शिक्षा विभाग के प्रतिनिधि व स्वैच्छिक संगठन परम सेवा संस्थान की संस्थापक एवं इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य व शिक्षिकाएं आदि उपस्थित रहें।

# परिवर्तन की पंचधारा का लोकार्पण हुआ। पंच परिवर्तन से समाज होगा एकजुट और समरस प्रेरणा शो संस्थान न्यास एवं शंभु दयाल पीजी कॉलेज,

संस्कार उजाला
**गाजियाबाद (आशा चौधरी)**
तत्वाधान में प्रेरणा विचार मासिक पत्रिका के विशेषांक - ह्यपरिवर्तन की पंचधारा का लोकार्पण हुआ। पत्रिका का विशेषांक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पंच परिवर्तन पर आधारित है। समाज की युगानुकुल आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए संघ विषयों का चयन करता है। पंच परिवर्तन के विषय भी ऐसे ही हैं। वैसे ये सभी विषय संघ और स्वयंसेवकों के विचार-व्यवहार में पहले से हैं। इसमें तीन बातें नयी हैं। पहला यह कि संघ के शताब्दी वर्ष में इनके लिए सुव्यवस्थित और योजनाबद्ध तरीके से काम करना है। दूसरा कि मात्र स्वयंसेवकों को नहीं संपूर्ण समाज को इन परिवर्तनों से जोड़ना है और तीसरा- इन विषयों पर समाज में कार्य कर रहे लोगों को सम्मानित करना, उनका सहयोग करना और उन्हें आगे लाना है। पंच परिवर्तन की मूल प्रेरणा भारतीय जीवन दृष्टि है। सनातन, हिन्दू या भारतीय जीवन दृष्टि की विशेषता है कि यह यह एकात्म, सर्वांगीण, सर्वसमावेशी, और वैश्विक है। उपरोक्त बातें मुख्य वक्ता श्याम किशोर ने कही। इसी क्रम में पत्रिका की समीक्षा करते हुए पत्रिका के संपादक मनमोहन सिसोदिया ने कहा कि प्रेरणा विचार पत्रिका पिछले एक वर्ष से राष्ट्रीय हित के सभी जरूरी विमर्श को पाठकों के समक्ष रख रही है। पत्रिका का यह विशेषांक





पाठकों के लिए पंच परिवर्तन का अनुपम स्रोत साबित होगा। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार नरेन्द्र भदौरिया की पुस्तक अज्ञेय का भी विमोचन हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नरेंद्र भदौरिया ने कहा कि भारत में प्राचीन काल से अनेक प्रेरक लोग समाज का मार्गदर्शन करते आ रहे हैं इसलिए भारतीय समाज अनेक झंझावातों के बावजूद भी अपने सनातन संस्कृति के मूल तत्व को बनाए रखा है। हालांकि कुछ तथाकथित लोग जो अपने को ज्ञानी कहते हैं वह भारत की धारा को विस्मित करने का कुचक्र रचते रहे हैं। प्रेरणा विचार पत्रिका की कार्यकारी संपादक डॉ. प्रियंका सिंह ने अज्ञेय पुस्तक की समीक्षा करते हुए कहा कि यह पुस्तक भारतीय संस्कृति, अध्यात्म और दर्शन के विविध पहलुओं पर आधारित है, जिसमें आत्मा, परमात्मा और नैतिकता के बीच गहरे संबंधों पर गहन चर्चा की गई है। लेखक ने आत्मा की अमरता और पुनर्जन्म के सिद्धांतों को भारतीय दर्शन के संदर्भ में समझाया है, जो भारतीय ज्ञान परंपरा का अभिन्न अंग हैं। पुस्तक में लेखक ने यह बताया है कि भारतीय राष्ट्रवाद केवल राजनीतिक अवधारणा नहीं है, बल्कि यह नैतिक और आध्यात्मिक मूल्यों पर आधारित है।अध्यक्षीय संबोधन में बिजेन्द्र गुप्ता ने कहा कि प्रेरणा विचार पत्रिका का यह विशेषांक देशभर के लिए प्रेरक और अनुकरणीय सिद्ध होगा। कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन करते हुए शंभु दयाल महाविद्यालय के प्रार्चाय प्रो. अखिलेश मिश्र ने कहा कि प्रेरणा विचार पत्रिका सभी पाठकों और सम्पूर्ण समाज के लिए प्रेरणा स्रोत की तरह है। कार्यक्रम का संचालन पत्रिका की प्रबंध संपादक मोनिका चौहान ने किया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक राजकुमार शर्मा ने वैकुंठ मीडिया प्राइवेट लिमिटेड सी -285, सेक्टर-11, विजय नगर, गाजियाबाद से छपवाकर कार्यालय 178 राहुल विहार विजय नगर,गाजियाबाद से प्रकाशित किया है। किसी खबर या लेख से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। सभी विवादों का निस्तारण जिला न्यायालय गाजियाबाद में होगा। प्रबंध संपादक-महेश कुमार - 9911733939, कानूनी सलाह- नरेंद्र सिंह रणोत एडवोकेट, सलाहकार कुशल सिंह, RNI No-UPHIN/2013/50466, Editor R.K. Sharma : 09456278011